# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024 • आश्विन कृष्ण पक्ष 14 संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ • वर्ष : 2, अंक : 173 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





# पांच सालों में झारखंड के 11 जिलों में हुई 16 बड़ी सांप्रदायिक घटनाएं


29 सितंबर को रांची थड़पखना में विवाद के बाद लगी भीड़. (फाइल फोटो)

**सौरभ सिंह। रांची**

**झारखंड पुलिस की रिपोर्ट**

झारखंड में पिछले पांच साल के दौरान 11 जिलों में 16 बड़ी सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं. झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के साहिबगंज, लोहरदगा, चाईबासा, बोकारो, गढ़वा, रांची, गिरिडीह, देवघर, धनबाद और पाकुड़ जिले में यह सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं. गौरतलब है कि झारखंड में छोटे-छोटे त्योहार भी संवेदनशील होते जा रहे हैं. इस बात का खुलासा झारखंड पुलिस की रिपोर्ट से हुआ है. रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के कुछ वर्षों में कम संवेदनशील त्योहारों (सरस्वती पूजा, गणेश पूजा, मिलाद उन नबी) में भी विधि व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है. झारखंड के जो क्षेत्र पहले सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील नहीं थे, अब वहां भी पर्व-त्यौहारों में अशांति का माहौल देखा जा रहा है. बीते 29 सितंबर को भी रांची थड़पखना इलाके में दो गुटों के बीच माहौल बिगड़ते-बिगड़ते रह गया. पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया.

### जानें किन 11 जिलों में कब हुई बड़ी सांप्रदायिक घटनाएं

- **22 अक्टूबर 2020:** रांची में विशेष समुदाय द्वारा पूजा कार्यक्रम में मस्जिद के रास्ते जाने से रोकने पर विवाद उत्पन्न हो गया था.
- **11 अक्टूबर 2021:** गढ़वा में दुर्गा प्रतिमा लाने के दौरान समुदाय विशेष द्वारा जयकारा लगाने से मना करने पर दो समुदायों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया था.
- **14 अक्टूबर 2021:** बोकारो में लड़की के साथ छेड़खानी के आरोप में समुदाय विशेष के लड़के के साथ मारपीट के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी.
- **05 अक्टूबर 2022:** चाईबासा में मूर्ति विसर्जन के लिए जुलूस निकालने के समय उर्दू लाइब्रेरी के समीप विवादित गाना बजाने पर दो समुदायों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था.
- **06 अक्टूबर 2022:** लोहरदगा में मूर्ति विसर्जन के दौरान समुदाय विशेष द्वारा सौहार्द बिगाड़ने के नीयत से धर्म विशेष का झंडा बिना किसी अवसर के लहराने के कारण दो पक्षों में तनाव उत्पन्न हो गया.
- **01 अप्रैल 2023:** साहिबगंज में चैती दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान और सामाजिक तत्वों द्वारा प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर पथराव किया गया था.
- **17 अप्रैल 2024:** बोकारो जिले के पिंडरा जोड़ा में रामनवमी जुलूस के दौरान दो समुदाय के बीच पथराव.
- **29 जुलाई 2024:** रांची के हिंदपीढ़ी में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना होने के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी.
- **24 मार्च 2024:** रांची के मांडर में और सामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर परिसर में लगे धार्मिक झंडे को उखाड़ कर फेंक दिया गया था.
- **16 नवंबर 2023:** रामगढ़ जिले में सामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट कर सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने का प्रयास किया गया था.
- **03 अप्रैल 2024:** रामगढ़ के रजरप्पा में दो समुदायो के बीच कुआं खोदने को लेकर मारपीट की घटना हुई थी.
- **24 नवंबर 2024:** रामगढ़ खेड़प्पा में समुदाय विशेष के छात्र-छात्राओं के साथ दूसरे समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा छेड़खानी और मारपीट की गयी थी, जिसके बाद तनाव उत्पन्न हो गया था.
- **04 सितंबर 2024:** लोहरदगा के सुधार थाना क्षेत्र में पूजा पंडाल को रोके जाने के कारण तनाव उत्पन्न हो गया था.
- **18 सितंबर 2024:** हजारीबाग के बड़कागांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच पथराव हुआ था.

## कौन जीत सकता है! भाजपा का विधानसभा वार ऑनलाइन सर्वे शुरू

**संवाददाता। रांची**

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा का ऑनलाइन सर्वे शुरु हो गया है. अलग-अलग विधानसभा के लिए फॉर्म तैयार किया गया है, जिसका नाम दिया गया है, झारखंडड इलेक्शन सर्वे फॉर्म. जो भी नेता टिकट की दावेदारी कर रहा है, वह इस फॉर्म के लिंक को अपने समर्थकों और परिचितों तक पहुंचा रहे हैं. साथ ही इसे भर करके सबमिट करने का आग्रह कर रहा है. यह तक बता रहा है कि किस सवाल के जवाब में क्या कहना है.

जानकारी के मुताबिक सर्वे के लिए जारी फॉर्म में के पहले पन्ने पर सबसे पहले सर्वेयर का नाम भरना होता है. फिर विधानसभा का नाम लिखना होता है. दूसरे पनन्ने पर वार्ड का नाम, उम्र, लिंग, जाति, जाति की श्रेणी (सामान्य, पिछड़ा या एससी/एसटी) दर्ज करना होता है. इसके बाद संबंधित क्षेत्र के विधायक के बारे में अच्छा, औसत या खराब भरने का विकल्प है. विधानसभा क्षेत्र के लिए मुद्दा क्या है. मोदी सरकार और हेमंत सरकार को लेकर तीन विकल्प अच्छा, औसतन या खराब में से एक को चुनना होता है. फिर यह भरना होता है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में किसकी सरकार बनती दिख रही है. इसमें सात विकल्प हैं. पिछले चुनाव में किसे वोट किया और वोट करने की क्या वजह थी. आने वाले चुनाव में किसे वोट करेंगे और वोट करने के क्या कारण हैं, यह भरना होता है. पार्टी के किस प्रत्याशी के जीतने के चांस हैं.

**तबादला आदेश के चार दिन बीत गये**

## 40 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर अबतक जारी नहीं

**संवाददाता। रांची**

चार दिन बीत जाने के बाद भी झारखंड के 40 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर जारी नहीं हुआ है. बता दें कि 26 सितंबर को दोपहर में सरकार ने झारखंड के 40 डीएसपी का तबादला कर दिया था. इस लिस्ट में 20 से अधिक ऐसे डीएसपी थे, जिनकी जगह पर दूसरे डीएसपी की पोस्टिंग तो हुई, लेकिन उनककी कहीं पोस्टिंग नहीं हुई है.

**इनका भी हुआ स्थानांतरण-पदस्थापनः** नवीन कुमार सिंह (एसीबी रांची से बाघमारा), धीरेंद्र नारायण बंका (मुख्यालय वन रेल धनबाद से मुख्यालय टू धनबाद), आशुतोष कुमार सत्यम (बालूमाथ लातेहार से सिंदरी धनबाद), शकील आबिद शम्स (सीसीआर बोकारो से मुख्यालय-1 धनबाद), जीतवाहन उरांव (कोडरमा से गिरिडीह सदर), राजेंद्र प्रसाद (डीआइजी कार्यालय दुमका से खोरीमहुआ गिरिडीह), सत्येंद्र प्रसाद (विशेष शाखा से मधुपुर),अशोक कुमार सिंह (एटीएस से देवघर), अमित कुमार कच्छप (मुख्यालय देवघर से जरमुंडी), प्रदीप कुमार (एटीएस से सिमरिया), अमिता लकड़ा (चैनपुर गुमला से मुख्यालय चतरा), अवध यादव (मुख्यालय सिमडेगा से छतरपुर पलामू), आलोक कुमार टुटी (जैप-2 टाटीसिल्वे से विश्रामपुर पलामू), शिवपूजन बहेलिया (एसीबी से महुआटांड़ लातेहार), भरत राम (सीआइडी से बरवाडीह लातेहार), बैजु उरांव (डीआइजी कार्यालय पलामू से सिमडेगा), राफेल मुर्मू (विशेष शाखा रांची से जगरनाथपुर पश्चिमी सिंहभूम), नलिन कुमार मरांडी (जैप प्रशिक्षण केंद्र पद्मा हजारीबाग से चक्रधरपुर), बहामन टुटी (आइआरबी9 गिरिडीह से चाईबासा सदर), राजेश सिन्हा (एसीबी से एसआइआरबी-1 दुमका), अनिल कुमार सिंह (आइजी कार्यालय रांची से कोडरमा), विनोद रवानी (गिरिडीह से सिल्ली रांची), नितिन खंडेलवाल (एटीएस से बड़हरवा साहिबगंज), नीरज कुमार सिंह (खोरी महुआ से मुख्यालय-1 गिरिडीह) व अशोक रविदास (अभियान चाईबासा से गोड्डा).

**किनका हुआ स्थानांतरण-पदस्थापन**

अशोक कुमार राम (आइआरबी-1 जामताड़ा से बेड़ो रांची), नीरज (मुख्यालय-टू हजारीबाग से खलारी रांची), राजेश कुमार (मुख्यालय खूंटी से एटीएस), किशोर कुमार रजक (एसआइआरबी-1 दुमका से एसीबी रांची), मनोज कुमार ठाकुर (जैप-6 जमशेदपुर से सीसीआर जमशेदपुर), सुनील कुमार चौधरी (एसीबी से नगर पूर्वी सिंहभूम), पवन कुमार-2 (झारखंड जगुआर रांची से बड़कागांव),अमित कुमार (जामताड़ा मुख्यालय से हजारीबाग मुख्यालय), अजित कुमार विमल (सीआइडी से बरही), पवन कुमार-1 (सिमडेगा से पतरातू), जय गोविंद प्रसाद गुप्ता (रेल-2 से रामगढ़ मुख्यालय), समीर कुमार सवैया (किस्को लोहरदगा से सरायकेला), संतोष कुमार (जरमुंडी से पाकुड़), जयश्री कुजूर (रेल जमशेदपुर से मुख्यालय पाकुड़), विद्याशंकर (आइआरबी-2 मुसाबनी कैंप चाईबासा से यातायात बोकारो).

### ब्रीफ खबरें

#### कर्मी ने ली थी 5 हजार घूस, 5 साल की जेल

**रांची।** सरकारी नौकरी में रहते रिश्वत लेने के दोषी नामकुम अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी संजय साव को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अदालत ने पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही अदालत ने संजय पर 45 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना नहीं देने पर संजय को 9 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी. एसीबी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने यह फैसला सुनाया है. 25 सितंबर को कोर्ट ने संजय को दोषी करार दिया था. सोमवार को उसकी सजा की बिंदु पर सुनवाई हुई. संजय पर दाखिल खारिज करने के एवज में सूचक से 5 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप था. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने उसे रिश्वत की राशि के साथ 24 जुलाई 2010 को गिरफ्तार किया था.

#### '2018-2022 बैच के आईपीएस पर हो सकती है कार्रवाई'

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है. पत्र में उन सभी 2018 से 2022 बैच के आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा है,जो इस साल 23 सितंबर से 27 दिसंबर तक हैदराबाद में तेलंगाना के डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान और पुणे में यशदा में आयोजित होने वाले विशेष फाउंडेशन कोर्स (एसएफसी) में शामिल नहीं होंगे. गृह मंत्रालय ने बताया कि रिकॉर्ड के अनुसार, 2018 से 2022 बैच के कुल 203 सीधी भर्ती वाले आईपीएस बैकलॉग अधिकारियों ने अभी तक अपना फाउंडेशन कोर्स नहीं किया है. डीओपीटी द्वारा चयनित 203 आईपीएस अधिकारियों की सूची को विशेष फाउंडेशन कोर्स 2024 में शामिल होना होगा.

#### दहेज हत्या में आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** सिविल कोर्ट ने दहेज के लिए चंदा कुमारी की हत्या करने के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है. कोर्ट ने चंदा के पति दिलीप कुमार, सास लालो देवी और ननद अनीता कुमारी को आजीवन कारावास की सजा दी है. इसके साथ ही अदालत ने तीनों दोषियों पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है. अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है. चंदा की शादी वर्ष 2019 में हुई थी. दहेज के लिए प्रताड़ना से तंग आकर उसने खुदकुशी कर ली थी.

**कोर्ट की खबरें**

# लिंग के आधार पर महिला को रोजगार से वंचित करना संविधान के खिलाफ : हाईकोर्ट

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि सिर्फ लिंग के आधार पर महिला उम्मीदवार को रोजगार से वंचित करना भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के प्रावधानों के खिलाफ है. दरअसल वर्ष 2005 में याचिकाकर्ता शिप्रा तिवारी के पिता ने हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दाखिल की थी, जिसपर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को याचिकाकर्ता के पिता के आश्रित को मुआवजे के साथ-साथ रोजगार मुहैया करने का निर्देश दिया. हाईकोर्ट के इस आदेश को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने एलपीए दायर कर चुनौती दी थी, जिसे हाईकोर्ट ने वर्ष 2013 में खारिज कर दिया.

**हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी याचिकाकर्ता को रोजगार नहीं दिया गया :** हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी याचिकाकर्ता को रोजगार नहीं दिया गया, जिसके बाद उसने हाईकोर्ट का रुख किया. सुनवाई के दौरान शिप्रा तिवारी की ओर से बहस कर रहे अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि महिला को रोजगार से वंचित करने का आधार यह था कि केवल पुरुष उम्मीदवारों को ही रोजगार प्रदान किया जा सकता है. जिसके बाद अदालत ने यह स्पष्ट किया कि सिर्फ लिंग के आधार पर किसी महिला को रोजगार से वंचित नहीं किया जा सकता. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई.




### हाईकोर्ट ने कहा- महिलाओं की सुरक्षा के मामले को गंभीरता से लेना होगा

**रांची।** झारखंड के अलग-अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित की है. अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ अपराध की घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा. हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है. राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है.

## एके 47 के साथ गिरफ्तार जेजेएमपी उग्रवादी को हाईकोर्ट से मिली बेल

**संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने एके 47 हथियार के साथ गिरफ्तार प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के उग्रवादी शिवपूजन भूमिहार उर्फ शिवपूजन मुंडा को जमानत दे दी है. शिवपूजन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में सुनवाई हुई. शिवपूजन की ओर से अधिवक्ता तन्नु सिंह ने बहस की. शिवपूजन को गढ़वा जिले के रंका थाना से पिछले वर्ष गिरफ्तार किया गया था. हाईकोर्ट ने उसे इस शर्त पर जमानत दी है कि उसे ट्रायल कोर्ट में सभी तारीखों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा.

## सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में तीन को अंतिम बहस

**विधि संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के करीबी और उनके प्रेस सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के केस में ट्रायल कोर्ट द्वारा चार्जफ्रेम किए जाने के आदेश को हाईकोर्ट ने विस्तार दिया है. सुनील तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई. उनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा. सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को 3 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. उस दिन इस मामले में अंतिम बहस होगी. बता दें कि खूंटी की एक युवती ने सुनील तिवारी पर दुष्कर्म करने और जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली देने का आरोप लगाया है. युवती ने 16 अगस्त 2021को रांची के अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. प्राथमिकी में पूरे घटनाक्रम का क्रमवार जिक्र किया गया है.

#### वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने वाले को उम्रकैद

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने वृद्ध महिला की दुष्कर्म कर हत्या करने के दोषियों धन सिंह पाहन और हेमंत सिंह मुंडा को उम्रकैद की सजा सुनाई है. अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार की अदालत ने दोनों दोषियों पर 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. कोर्ट ने शनिवार को धन सिंह पाहन और हेमंत सिंह मुंडा को दोषी करार दिया था. दोनों ने 62 साल की महिला के साथ रेप कर उसकी हत्या कर दी थी. दोनों दोषी तमाड़ के बुढ़ाडीह निवासी हैं. पहला दोषी धन सिंह मुंडा घटना के बाद से ही एक अगस्त 2019 से जेल में है. घटना को लेकर तमाड़ थाना में 31 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

## आज रांची में जुटेंगी 25 हजार जल सहिया, वाहनों का रूट चार्ट जारी

- प्रभात तारा मैदान में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता। रांची**

मंगलवार को जल सहिया का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रांची के प्रभात तारा मैदान में होगा. इस कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री मौजूद रहेंगे. इस कार्यक्रम में राज्यभर की लगभग 25 हजार जल सहिया के शामिल होने का अनुमान है. उनके आवागमन में लगभग 500 से अधिक बसों का उपयोग होने की संभावना है. इसे लेकर जिला प्रशासन और जिला ट्रैफिक कार्यालय ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आने वाली बसों व अन्य वाहनों का रूट चार्ट व पार्किंग की व्यवस्था व रूट चार्ट जारी किया है.

### रूट चार्ट और पार्किंग

- वीवीआईपी वाहनों के लिए ( मुख्यमंत्री/ मंत्री/मंच पर बैठने वाले सभी वीआईपी) वाहन मंच के पीछे पार्किंग करेंगे.
- गढ़वा, पलामू लातेहार, चतरा, रामगढ़, गुमला एवं लोहरदगा से आने वाले वाहन हुए दलादली होते हुए सखुआ बागान में बस पार्क करेंगे
- दुमका, देवघर, जामताडा, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज से आने वाले वाहन नेवरी रिंग रोड होते हुए हटिया चौक से होते हुए धुर्वा गोलचक्कर पूर्वी भाग मैदान में पार्किंग करेंगे.
- रांची स्थानीय (बेडो, इटकी, रातु, कांके, मांडर, बुढमू चान्हो, ओरमांझी, खलारी, लापुंग, नगडी) रिंग रोड चौक से होते हुए प्रभात तारा मैदान के दक्षिणी भाग में पार्किंग करेंगे.
- हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद से आने वाले वाहन नेवरी रिंग रोड चौक से होते हुए धुर्वा गोलचक्कर पश्चिमी भाग मैदान पार्किंग करेंगे
- जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला- खरसांवा, रांची स्थानीय (बुण्डू, तमाड़, सिल्ली, अनगढ़ा, नामकुम, सोनाहातू) रामपुर रिंग रोड चौक से होते हुए धुर्वा गोलचक्कर पूर्वी भाग मैदान एवं स्मार्ट सिटी लेन में पार्किंग करेंगे
- वीआईपी के छोटी वाहनों के लिए धुर्वा गोलचक्कर से नहरू स्टेडियम होते हुए प्रभात तारा मैदान के दक्षिणी भाग में पार्किंग करेंगे
- वीआईपी/मीडिया के छोटी वाहनों के लिए धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए संत थॉमस स्कूल के सामने पार्किंग करेंगे.

## पहली पत्नी के रहते कर ली दूसरी शादी, 10 साल की सजा

**संवाददाता। रांची**

रांची सिविल कोर्ट ने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने और दहेज की मांग करने के दोषी रणधीर को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 7 विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है. पीड़िता की ओर से अधिवक्ता सुनील पांडेय और अधिवक्ता जेनी विभा ने बहस की. कोर्ट ने रणधीर को गुरुवार को दोषी करार दिया था. जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था. रणधीर की पत्नी ने उसके खिलाफ वर्ष 2016 में कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि रणधीर ने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी की, महिला की मर्जी के बिना उसका पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और दहेज उत्पीड़न किया है. ट्रायल के दौरान महिला समेत अन्य गवाहों का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया. जिसके आधार पर कोर्ट ने रणधीर को दोषी करार दिया है.



**सिसई विस** सिसई-बसिया सड़क नहीं बनवाना दिनेश उरांव को पड़ा महंगा

# भाजपा की होगी वापसी या झामुमो का किला बचेगा

- 2019 में स्पीकर रहते दिनेश उरांव बड़े अंतर से चुनाव हारे
- 2014 में कांग्रेस गीताश्री उरांव की तीसरे नंबर पर रहीं थीं
- 2009 में गीताश्री उरांव की जीत ने सभी को चौंकाया था

**संवाददाता रांची**

गुमला की सिसई विधानसभा सीट पर 2019 में जेएमएम के जिग्गा सुसारन होरो ने बड़ी जीत दर्ज की थी. उन्होंने बीजेपी के दिनेश उरांव को हराया, जो उस समय विधानसभा अध्यक्ष भी थे. बीजेपी का यह गढ़ माना जाता था, लेकिन जनता के गुस्से और बीजेपी विरोधी वोटों के एकजुट होने से जेएमएम को जीत मिली.सिसई विधानसभा सीट पर पहले बीजेपी का कब्ज़ा हुआ करता था. 2019 में जेएमएम के जिग्गा सुसारन होरो उर्फ जिग्गा मुंडा ने बीजेपी के दिनेश उरांव को हराकर इस सीट पर कब्ज़ा कर लिया. चुनाव में दिनेश उरांव को 55,151 वोट मिले थे, जबकि जिग्गा सुसारन होरा को 93,591 वोट मिले थे. नोटा को भी 5009 वोट मिले थे. चौथे स्थान पर जेवीएम के लोहरमैन उरांव रहे, जिन्हें 2,140 वोट मिले थे.

कहा जाता है कि दिनेश उरांव ने अपने कार्यकाल में कई पुल, पुलिया और सड़कें बनवाईं, लेकिन सिसई और बसिया को जोड़ने वाली सड़क नहीं बनवा पाए. इससे जनता उनसे नाराज थी. कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि दिनेश उरांव स्पीकर रहने के दौरान जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी ठीक से नहीं जुड़ पाए. पार्टी कार्यकर्ता से भी उनका जुड़ाव दिल से न होकर ऊपरी मन से रहा. कुछ स्थानों पर दिनेश उरांव की कड़वी बोली भी पार्टी कार्याकर्ताओं के काम करने के मनोबल को गिराया है. पार्टी के सच्चे कार्यकर्ता उन तक पहुंच नहीं पाते थे और चाटूकार लोगों का काम पहले हो जाता था. 2014 के विधानसभा चुनाव में दिनेश उरांव ने जिग्गा सुसारन होरो को ही हराया था. उस समय तीसरे नंबर पर कांग्रेस की गीताश्री थीं. 2019 में जेएमएम ने कांग्रेस और राजद के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था. इससे बीजेपी विरोधी वोट जिग्गा मुंडा के पक्ष में चले गए. जबकि गीताश्री उरांव 2009 में पहली बार सिसई से विजयी रही, तो उन्हें मंत्री बनने का भी अवसर मिला. लेकिन मंत्री पद पर रहने के दौरान उनके व्यवहार से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने दूरी बना ली.वर्ष 2009 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस टिकट पर चुनाव मैदान में उतरीं गीताश्री उरांव ने एक बड़े अंतर से जीत सभी को चौंका दिया. पिता कार्तिक उरांव की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए पहली बार चुनाव मैदान में उतरी गीताश्री उरांव ने बीजेपी के समीर उरांव को करीब 15 हजार के मतों के अंतर से पराजित किया.

**सिसई में लंबे समय तक कांग्रेस का दबदबा रहा कायम :** 1951 में बने सिसई विधानसभा से अब तक 17 विधायक चुने गए हैं. जेएचपी के बलिया भगत सिसई के पहले विधायक थे. इस उरांव जनजाति बहुल सीट पर उरांव समुदाय के विधायकों का ही कब्जा रहा, लेकिन यह क्षेत्र विकास से आज भी कोसो दूर है. विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले भरनो, बसिया, सिसई और कामडारा प्रखंड की जनता गरीबी, पलायन और भ्रष्टाचार से जूझ रही है. सिसई सीट से सात बार कांग्रेस और चार बार बीजेपी उम्मीदवार की जीत हुई.

क्लासिफाइड















# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 173

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.3 | 26.1 |
| जमशेदपुर | 35.3 | 26.4 |
| डाल्टनगंज | 34.8 | 26.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.




**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 70,500 |
| चांदी (किलो) | 91,000 |

## ब्रीफ खबरें

### हेमंत कर रहे हमारी नकल : शिवराज

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान को अपनी सरकार की नकल बताया है. उन्होंने हेमंत सरकार द्वारा शुरू की गई मंईयां सम्मान योजना पर तंज कसते हुए कहा, हेमंत हमारी नकल कर रहे हैं. हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अपने यहां नाम बदल कर लागू कर रहे हैं, मुझे खुशी है कि वह ऐसा करके कहीं न कहीं महिलाओं का ही सशक्तीकरण ही कर रहे हैं.

### कर्नाटक के सीएम की और बढ़ीं मुश्किलें

**बेंगलुरु।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) घोटाला मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं. ईडी मुदा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज कर लिया है. सीएम, उनकी पत्नी, बहनोई आदि ने कथित तौर पर जमीन खरीदी थी और सीएम की पत्नी को इसे उपहार में दे दिया. लोकायुक्त की ओर से पहले ही एफआईआर दर्ज हो चुकी है.

### शेयर बाजार में हाहाकार पांच लाख करोड़ डूब गए

**मुंबई।** सोमवार को शेयर बाजार बुरी तरह क्रैश हो गया. एक ही दिन में निवेशकों के करीब 5 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए. सेंसेक्स में जहां 1200 अंकों से ज्यादा की गिरावट आई तो वहीं निफ्टी भी 350 से ज्यादा अंक गिर गया. बाजार बंद होने तक सेंसेक्स 1272 अंक गिरकर 84,299.78 और निफ्टी 368 अंक गिरकर 25810 अंक पर बंद हुआ. सबसे ज्यादा गिरावट बैंकिंग और आईटी सेक्टर में देखी गई. पेज 11 भी देखें

### एयर मार्शल एपी सिंह बने वायुसेना प्रमुख

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख के तौर पर एयर मार्शल एपी सिंह ने कमान संभाल ली है. उन्हें एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कार्यभार सौंपा. सोमवार को एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने सुबह वायु भवन में पारंपरिक 'वॉक थ्रू' से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि दी. इसके बाद उन्हें वायुसेना के वायु योद्धाओं की तरफ से विदाई सलामी के रूप में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया.

### पाक की जेलों में 24 भारतीयों की मौत

**मुंबई।** आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पिछले 10 साल में पाकिस्तान की जेलों में 24 भारतीय मछुआरों की मौत हुई है. मुंबई के आरटीआई कार्यकर्ता जतिन देसाई ने सोमवार को यह जानकारी दी. ये आंकड़े जनवरी 2014 से दिसंबर 2023 की अवधि के हैं. महाराष्ट्र के पालघर के एक मछुआरे विनोद लक्ष्मण का 17 मार्च को निधन हो गया और उनका शव अंतिम संस्कार के लिए इस वर्ष 1 मई को घर वापस भेजा गया.



**विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने** आईआईटी धनबाद को छात्र के दाखिले का दिया आदेश, कहा

# पैसों की तंगी से बर्बाद नहीं होने देंगे यंग टैलेंट

विनीत आभा उपाध्याय। रांची/नयी दिल्ली

गरीब दलित छात्र के भविष्य के लिए सुप्रीम कोर्ट आगे आया है. कोर्ट ने आईआईटी धनबाद को छात्र को दाखिला देने का आदेश दिया है. समय पर 17,500 रुपए की फीस नहीं भर पाने के कारण उसका दाखिला नहीं हो पाया था. कोर्ट ने कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को निराश नहीं किया जाना चाहिए. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अदालत में मौजूद छात्र से कहा, ऑल द बेस्ट... अच्छा करिए.

खतौली में रहने वाले एक दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने कड़ी मेहनत करके जी एडवांस्ड की परीक्षा पास की थी. छात्र को आईआईटी धनबाद में दाखिला लेना था, लेकिन केवल 17 हजार 500 रुपए नहीं जमा कर पाने के कारण उसका दाखिल नहीं हो सका और सीट भी उसके हाथ से चली गई. मजबूर छात्र और उसके पिता ने यूनिवर्सिटी से लेकर एससी-एसटी आयोग, झारखंड हाईकोर्ट और मद्रास हाईकोर्ट के चक्कर काटे, लेकिन 3 महीने तक दौड़ने के बाद भी जब उसको कुछ हासिल नहीं हुआ, तो उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया.

इस मामले पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को आईआईटी धनबाद में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में एडमिशन दिया जाए. इस मामले में छात्र की ओर से सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की. इस केस के लिए प्रज्ञा सिंह बघेल ने एक रुपए भी फीस नहीं ली.

### क्या बोले चीफ जस्टिस

*सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, हम ऐसे युवा प्रतिभाशाली लड़के को जाने नहीं दे सकते. कोर्ट ने यह कहा कि आईआईटी धनबाद जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थान को ऐसे मामलों में छात्रों के संदर्भ में संवेदनशीलता दिखानी चाहिए. अतुल कुमार के मामले में, उनकी पिछड़ी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, अदालत ने फैसला किया कि उन्हें प्रवेश देना चाहिए. संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत न्यायालय को पूर्ण न्याय करने का अधिकार ऐसी स्थितियों से निपटने में है.*



पीड़ित छात्र अतुल कुमार.

### जस्टिस पारदीवाला क्या बोले?

जस्टिस पारदीवाला ने आईआईटी सीट अलॉकेशन अथॉरिटी के वकील से कहा, आप इतना विरोध क्यों कर रहे हैं? आपको देखना चाहिए कि क्या कुछ किया जा सकता है. वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अतुल के पिता 450 रुपए की दैनिक मजदूरी पर काम कर रहे हैं, 17,500 रुपए की राशि का प्रबंध करना उनके लिए बड़ा काम था और उन्होंने ग्रामीणों से यह राशि जुटाई.

### आईआईटी के वकील की दलील

आईआईटी सीट आवंटन प्राधिकरण की ओर से पेश वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उसके लॉग-इन विवरण से पता चलता है कि वह दोपहर 3 बजे लॉग इन हुआ था, जिसका मतलब है कि यह आखिरी मिनट का लॉगिन नहीं था. प्राधिकरण के वकील ने कहा कि इसके अलावा, याचिकाकर्ता को मॉक इंटरव्यू की तारीख पर भुगतान करने की आवश्यकता के बारे में सूचित किया गया, जो कि अंतिम तिथि से बहुत पहले था. उन्होंने कहा कि उन्हें एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से बार-बार अनुस्मारक भेजे गए. यह दलील पीठ को पसंद नहीं आई, जिसने कहा कि प्राधिकरण को राहत पाने की कोशिश करनी चाहिए.

### क्या है मामला

आईआईटी धनबाद में सीट मिलने के बाद फीस जमा करने की आखिरी तारीख में केवल 4 दिन का समय बचा था. 24 जून को शाम 5 बजे तक पिता को बेटे की फीस जमा करनी थी. राजेंद्र किसी तरह 24 जून को शाम करीब 4:45 बजे तक पैसे का इंतजाम कर पाए, चूंकि समय कम था, इसलिए उन्होंने पैसा अतुल के भाई के बैंक अकाउंट में जमा करवा दिया. अतुल ने वेबसाइट पर जरूरी दस्तावेज अपलोड कर दिए, लेकिन जब तक वो फीस जमा करता अंतिम तारीख के 5 बज चुके थे. उसका आईआईटी में दाखिला लेने का सपना खत्म हो गया. वहीं अब इस मामले में अतुल और उसके पिता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया.

**स्किल कॉन्क्लेव:** मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों किया आगाह, कहा

# देश के बड़े-बड़े व्यापारी मंडराने लगे हैं, सर्तक रहें

- **मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने श्रम एवं कौशल विकास द्वारा आयोजित झारखंड स्किल कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया, 36 हजार 996 युवाओं को सौंपा जॉब ऑफर लेटर
- **मुख्यमंत्री** ने धनबाद जिले को 178 करोड़ रुपये से अधिक की दी सौगात, 129 करोड़ की 133 योजनाओं की रखी आधारशिला एवं 48 करोड़ की 84 योजनाओं का किया उद्घाटन किया



धनबाद में लोगों से गुलदस्ता लेते सीएम हेमंत सोरेन.

विशेष संवाददाता। रांची/धनबाद

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को बलियापुर धनबाद में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से आयोजित झारखंड स्किल कॉन्क्लेव- 2024 में हिस्सा लिया. इस मौके पर 36996 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर दिया. साथ ही मुख्यमंत्री ने धनबाद जिले को 178 करोड़ रुपए से अधिक की दी सौगात, 129 करोड़ की 133 योजनाओं की रखी आधारशिला एवं 48 करोड़ की 84 योजनाओं का किया उद्घाटन किया. कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, इरफ़ान अंसारी, विधायक मथुरा महतो, पूर्णिमा नीरज सिंह, पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, विभागीय सचिव सुनील कुमार, श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा सहित कई शामिल हुए.

सीएम ने कहा कि आज प्रदेश के नौजवानों के लिए बेहद खास दिन है. इस ऐतिहासिक पल में जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक -युवतियों से यही कहूंगा कि अब आप खुले आसमान में उड़ने को तैयार है. देश-विदेश से आए विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आज आपको जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया जा रहा है. अब आपके पास भरपूर मौका है कि आप अपने आप को तराश कर रोजगार अर्जित करें. विभिन्न कंपनियों के सी.ई.ओ तथा एम.डी अब राज्य सरकार के साथ एम.ओ.यू कर आपके उज्जवल भविष्य की कामना कर रही है. मेरी ओर से भी आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 36996 लाभुकों को जॉब ऑफर लेटर सौंपा. जिसमें 22399 महिला, 14593 पुरुष तथा 4 ट्रांसजेंडर शामिल रहे. - शेष पेज 07 पर

### इतनी लंबी छलांग लगाई कि आज विदेश में रोजगार कर रहे

सीएम ने कहा कि कहा कि आज नौजवानों को देश-विदेश की कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है. आप सभी ने जिस तरह से सरकार के श्रम विभाग के ट्रेनिंग सेंटर में अपने आप को हुनरमंद बनाया है. उसके अनुरूप आज आपको आपकी योग्यता के अनुसार अलग-अलग कंपनियों में जाने का अवसर मिल रहा है. आपकी यह गाड़ी रुकनी नहीं है, बल्कि और भी आगे जाकर आप लोग अपने आप को तराश कर अपने भविष्य को और उज्जवल बनाएं. कहा कि हमने बहुत सारे नौजवानों को उद्योगों में अलग-अलग जगह में रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया है. कई ऐसे नौजवान हैं, जिन्होंने पहले पड़ाव के बाद लंबी छलांग लगाई है. वे आज विदेश में रोजगार कर रहे हैं. आप सभी ध्यान रखें कि बहुत जल्द चुनाव होने वाला है. यहां बड़े-बड़े व्यापारियों का हेलीकॉप्टर राज्य में मंडराने लगा है. भाजपा के बहरूपिये झूठ का पिटारा लेकर आपके पास आएंगे, आप सतर्क रहिएगा.

**इंतजार की घड़ियां खत्म**

### 4 को सीएम करेंगे कांटा टोली फ्लाईओवर का उद्घाटन

**रांची।** रांची के लोगों की इंतजार की घड़ियां खत्म होने वाली हैं. बहुप्रतीक्षित कांटा टोली फ्लाईओवर पर गाड़ियां सरपट दौड़ने लगेंगी. सीएम हेमंत सोरेन चार अक्टूबर को इस फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे. सिरम टोली स्थित संत पॉल कैथेड्रल मैदान में एक समारोह में सीएम इसका उद्घाटन करेंगे. इतना ही नहीं सीएम ट्रांसपोर्ट नगर सुकरहुटू फेज वन और फेज दो का शिलान्यास तीन अक्टूबर को आईटीबीपी कैंप के निकट रिंग रोड पर करेंगे. बता दें कि 2017 में तत्कालीन रघुवर सरकार ने 900 मीटर फ्लाईओवर के लिए 2017 में काम शुरू कराया था. मगर बीच में ही काम अधूरा लटक गया. 2019 में राज्य में हेमंत सरकार ने 2021 में नए सिर से इसका काम शुरू कराने का निर्णय लिया गया. अब इसकी लंबाई बढ़ा कर 2250 मीटर कर दी गई है और कॉस्ट बढ़ कर करीब सवा दो सौ करोड़ हो गई. 2022 में इसका काम शुरू हुआ और 30 सितंबर को इसका काम पूर्ण हो गया. ट्रांसपोर्ट नगर फेज वन का काम भी 2022 में हेमंत सरकार ने ही शुरू कराया. दो साल में यह काम भी पूर्ण हो गया है.

- सुकरहुटू स्थित फेज वन ट्रांसपोर्ट नगर का उद्घाटन तीन को करेंगे सीएम

विनोबा भावे विवि परिसर से 33 जनजातीय समूहों के प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे

# हजारीबाग से कल जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान लॉन्च करेंगे पीएम मोदी

संवाददाता। रांची/हजारीबाग

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी झारखंड में रहेंगे. वह हजारीबाग की धरती से प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान लॉन्च करेंगे. इसके अलावा वह झारखंड में भाजपा की ओर से निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा की समापन रैली को संबोधित करेंगे. 17 दिनों के अंतराल में पीएम मोदी दूसरी बार झारखंड आ रहे हैं.

इसके पहले 15 सितंबर को उन्होंने जमशेदपुर से छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई थी और बाद में शहर के गोपाल मैदान में भाजपा की ओर से आयोजित रैली को संबोधित किया था. पीएम का यह दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय योजना की लॉन्चिंग के बाद देश के 33 जनजातीय समूहों के प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे. हजारीबाग में प्रधानमंत्री का दूसरा प्रस्तावित कार्यक्रम राजनीतिक है. वह शहर के मटवारी स्थित गांधी मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा की समापन रैली को संबोधित करेंगे. यह यात्रा 15 सितंबर को जमशेदपुर में प्रधानमंत्री की रैली के पांच दिन बाद 20 सितंबर से शुरू हुई थी. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से इस यात्रा की शुरुआत की थी. उसके बाद से यह यात्रा अब तक यह राज्य के 81 में से 76 विधानसभा क्षेत्रों को कवर कर चुकी है. - शेष पेज 07 पर

### मटवारी के गांधी मैदान में परिवर्तन यात्रा समापन रैली को भी करेंगे संबोधित

**83 हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे**



पीएम नरेंद्र मोदी दो अक्तूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में शिरकत करेंगें. इस दौरान पीएम तीन अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे. बिनोबा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने से पहले वे 83 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे.

### मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में महत्वपूर्ण योगदान देनेवाले कलाकार मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी है, मिथुन को यह पुरस्कार 8 अक्टूबर 2024 को 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड समारोह में प्रदान किया जाएगा. अश्विनी वैष्णव ने प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कोलकाता की सड़कों से सिनेमा की दुनिया में ऊंचाई छूने तक. मिथुन दा की सिनेमाई जर्नी ने हर जेनरेशन को इंस्पायर किया है.



मैं यह ऐलान करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि दादा साहेब फाल्के सेलेक्शन जूरी ने मिथुन चक्रवर्ती को इंडियन सिनेमा में उनके अहम योगदान के लिए सम्मानित करने का फैसला किया है. मिथुन दा को दादा साहब फाल्के सम्मान की घोषणा होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी समेत तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं और बॉलीवुड की हस्तियों ने बधाई दी है.

सीएम नायडू को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, कहा

# भगवान को राजनीति से दूर रखें

एजेंसियां। नयी दिल्ली

- सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- यह दिखाने के लिए क्या सबूत हैं कि लड्डू बनाने में मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया

*अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को*

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि कम से कम भगवान को राजनीति से दूर रखें. आंध्र के तिरुपति बालाजी मंदिर में सामने आये लड्डू विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के क्रम में यह कड़ी टिप्पणी की. मामला वाईएसआरसीपी सरकार के कार्यकाल के दौरान तिरुपति मंदिर के प्रसाद लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले घी में मिलावट के आरोपों से जुड़ा है. जस्टिस आर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच के समक्ष सुब्रमण्यम स्वामी के वकील ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि प्रसादम निर्माण सामग्री बिना जांच के रसोई घर में जा रही थी. जांच से मामले का खुलासा हुआ है.

**तिरुपति लड्डू मामला**

कहा कि इसके सुपरविजन के लिए सिस्टम को जिम्मेदार होना चाहिए, क्योंकि ये देवता का प्रसाद होता है, जनता और श्रद्धालुओं के लिए यह परम पवित्र है. जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि जुलाई में आई रिपोर्ट पर दो महीने बाद बयान दिया गया. जब आप निश्चित नहीं थे कि सैंपल किस घी का लिया गया तो बयान क्यों दिया? राज्य सरकार के लिए ही पेश वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि 50 साल से कर्नाटक के कोऑपरेटिव नंदिनी से घी लिया जा रहा था. पिछली सरकार ने इसे बदल दिया. इस पर जस्टिस गवई ने पूछा कि बिना तथ्यों की पूरी तरह पुष्टि के बयान देना क्यों जरूरी था? इस पर राज्य सरकार के वकील ने बताया कि जुलाई में कब-कब घी आया, किस सैंपल को जांच के लिए भेजा गया? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भगवान को राजनीति से दूर रखें. सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि आपने 26 सितंबर को एसआईटी बनाई, लेकिन बयान उससे पहले ही दे दिया. जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि आप कह सकते थे कि पिछली सरकार में घी का टेंडर गलत आवंटित हुआ. सीधे प्रसाद पर ही सवाल उठा दिया. -शेष पेज 07 पर

# महाराष्ट्र में देसी गाय को मिला 'राज्यमाता' का दर्जा

एजेंसियां। मुंबई

महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एकनाथ शिंदे सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. सरकार ने गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया है. सरकार ने इसको लेकर घोषणा भी कर दी है. दरअसल, सोमवार को कैबिनेट बैठक में सरकार ने ये फैसला लिया है. चुनाव से पहले शिंदे सरकार का ये बड़ा निर्णय माना जा रहा है.

सरकार के मुताबिक वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा, पंचगव्य उपचार पद्धति तथा जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए, यह देशी गायों को अब से राज्यमाता गोमाता घोषित करने की मंजूरी दी गई. मुख्यमंत्री के दफ्तर से मिली जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक में सोमवार को देसी गायों के पालन-पोषण के लिए 50 रुपए प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया गया.

### गाय किसानों के लिए वरदान हैं



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि देसी गाय हमारे किसानों के लिए एक वरदान है, इसलिए हमने इन्हें यह दर्जा (राज्य माता) देने का निर्णय लिया है. हमने देसी गोमाता के परिपोषण और चारे के लिए मदद करने का निर्णय लिया है.

**हेराफेरी** रेलवे साइडिंग से लौह अयस्क की तस्करी में एक दबंग राजनेता की भूमिका भी संदेह के घेरे में


# बड़ाजामदा से होनेवाली तस्करी में शामिल हैं विनय और अमर

शैलेश सिंह। किरीबुरु

गुवा रेलवे साइडिंग के लाइन नंबर 5 और 6 और बड़ाजामदा रेलवे साइडिंग की कुछ लाइनों की साफ-सफाई के नाम पर लौह अयस्क की तस्करी के बड़े खेल में जमशेदपुर के विनय पंकज, अमर सिंह के अलावे कुछ अन्य बड़ी हस्तियां शामिल हैं. इन लोगों को जमशेदपुर की ही एक बड़ी राजनीतिक हस्ती का आशीर्वाद प्राप्त है.

सूत्रों का कहना है कि दोनों रेलवे साइडिंग से सेल, टाटा स्टील समेत दर्जनों खदानों (अब बंद) से लौह अयस्क की ढुलाई होती रही थी अथवा है. कई वर्षों में उक्त खदानों से लम्प, फाइन्स, ब्लू डस्ट समेत अन्य प्रकार की लौह अयस्क रेलवे साइडिंग में परिवहन हेतु आता था. रैक लोड होने के बाद उक्त रूपों में अयस्क अलग-अलग परत दर परत तथा हर परत में अलग-अलग ग्रेड के रूप में लाइन किनारे जमा होता था. खदान से रेलवे साइडिंग में परिवहन तक ग्राउंड लॉस के नाम पर हजारों टन लौह अयस्क जमा है.

जानकारों का कहना है कि यह कीमती खनिज सम्पदा है. अगर रेलवे का लाइन अयस्क भरने से जाम हो गया था तो लाइन की सफाई के नाम पर जो कार्य आवंटित ठेकेदार को किया गया था, उसमें इन खनिजों का भंडारण किसी सुरक्षित प्लॉट पर कराकर फिर उसका वास्तविक वजन निर्धारित कर उस अयस्क की नीलामी करनी चाहिये थी. इससे नीलामी से प्राप्त करोड़ों-अरबों रुपये सरकार के खजाने में जाती, लेकिन ऐसा नहीं कर एक माफिया गिरोह को फायदा पहुंचाने के लिए यह सब बड़ा खेल खेला गया है.




बडाज़ामदा रेलवे साइडिंग की तस्वीर.

**टास्क फोर्स ने नहीं पकड़ी गड़बड़ी :** दोनों रेलवे साइडिंग से जो अयस्क का उठाव कर बड़ाजामदा स्थित टोरियन, मां अम्बे आदि प्लॉट में भंडारण कर वहां से बिना माइनिंग चालान के सैकड़ों मालवाहक वाहनों से अन्यत्र कैसे भेजा जा रहा है. अगर खनन विभाग इस लौह अयस्क के परिवहन हेतु माइनिंग चालान दिया है, जैसा कि अमर सिंह दावा करते हैं तो यह किस आधार पर दिया गया, यह उच्च स्तरीय जांच का विषय है. ऐसे लौह अयस्क की ढुलाई में दिन-रात लगे वाहनों के खनिज व परमिट-चालान संबंधित कागजातों की अब तक जांच कर जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग विभागों को मिलाकर गठित टास्क फोर्स द्वारा नहीं पकड़ा जाना अनेक सवाल खड़े कर रहा है.

### सीमावर्ती राज्यों में भी अयस्क तस्करी की योजना

बड़े अयस्क माफिया सिर्फ गुवा व बड़ाजामदा हीं नहीं, बल्कि झारखंड-ओडिशा सीमावर्ती राज्यों के वैसे तमाम रेलवे साइडिंग से इसी प्रकार लाइन सफाई के नाम पर लौह अयस्क की तस्करी करने की बड़ी कार्य योजना तैयार कर रखी है. रेलवे का जहां-जहां वे-ब्रिज है वहां भी रैक में लोड अयस्क का भार मैनेज करने का काम होता आ रहा है. अनेक खदान प्रबंधन अथवा कंपनियां रेलवे साइडिंग में क्षमता से अधिक भी अयस्क रैक में लोड करती है, जिसे वजन के बाद खाली करना होता है. यह माल रेलवे क्षेत्र में जहां खाली होता है वहां अयस्क का क्या होता है, यह भी बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है.

### पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो : मंगल बोबोंगा

शुभम संदेश में छपी खबर 'सफाई के नाम पर अरबों रुपए के लौह अयस्क की तस्करी' मामले पर पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि खनिज लूट का नया खेल शातिराना है. इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए. ऐसे रेलवे साइडिंग की सफाई हम मुफ्त में करने को तैयार हैं. एक बार रेलवे हम लोगों को मौका तो देकर देखें. उक्त लाइन को साफ कर अयस्क कहां रखा गया. गायब करने वाले लोग कौन-कौन हैं, अयस्क कहां और किस प्लांट में गया. इन सभी मामलों की जांच होनी चाहिए. बोबोंगा ने कहा कि रेलवे साइडिंग की साफ-सफाई का काम हम लोगों को देते तो बेरोजगारी दूर होती.

प्रदर्शन के कारण कांके रोड में जाम



सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन



# झारखंड आंदोलनकारियों से किये वादों को पूरा करे सरकार : आंदोलनकारी

संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा आंदोलनकारियों के मान सम्मान पहचान के लिए निरंतर संघर्ष करता रहा है. 24 वर्षों के बाद भी सरकार आंदोलनकारियों के हक में ठोस पहल नहीं कर रही है. बाध्य होकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को झारखंड मुख्यमंत्री आवास घेराव करने के लिए बाध्य हुए.

सुबह से ही आंदोलनकारी कांके रोड मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच गए. दोपहर में वार्ता का आश्वासन के बाद आंदोलनकारी शांत हुए. प्रदर्शन का नेतृत्व मोर्चा के अध्यक्ष विदेशी महतो, संस्थापक पुष्कर महतो, आंदोलनकारी भूवनेश्वर केवट, अजय सिंह, बद्री सिंह, अली हसन, दिनेश राम, महबूब अली, किशोर खंडित, स्टीफन किंडो , सीताराम उरांव, हबुलाल गोरान्य समेत कई नेताओं ने किया.



संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि आंदोलनकारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है. लंबे इंतजार के बाद आंदोलनकारियों को आक्रामक कदम उठाना पड़ा है. अंतिम कैबिनेट की मीटिंग में आंदोलनकारियों के हक में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन और तेज होगा. आंदोलनकारी भुवनेश्वर केवट ने कहा कि सरकार आंदोलनकारियों से किए वादे को पूरा करें. गुरुजी सम्मान राशि की घोषणा कर सभी आंदोलनकारियों को सम्मान और पहचान की गारंटी करें. प्रतिनिधिमंडल में रोजलिन तिर्की, सरोजनी कच्छप, जितेंद्र कुशवाहा, चिंतामणि पासवान समेत कई आंदोलनकारी शामिल थे.

## झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर अपनी भावनाओं से अवगत कराया. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य एक लंबे संघर्ष के बाद मिला है. इसके लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी थी. कई आंदोलनकारियों ने अपनी शहादत भी दी थी. हम सभी झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान करते हैं. हमारी सरकार झारखंड आंदोलनकारियों और उनके परिजनों /आश्रितों को मान- सम्मान और हक़-अधिकार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधि मंडल में विदेशी महतो, पुष्कर महतो, रोजलीन तिर्की, सरोजनी कच्छप, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, कार्तिक महथा, इम्तियाज खान, रकीब खान, सीता देवी व जीतन कोल प्रमुख रूप से शामिल थे.



सीएम हेमंत सोरेन से मिलता झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल फोटो : रमीज

## शहर में आज

1. संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का कैंडल कन्वेंशन, विधायक क्लब में दिन के 11 बजे
2. लोकतंत्र बचाओ अभियान की पीसी, प्रेस क्लब में दोपहर 12 बजे
3. प्रदेश कांग्रेस की बैठक, कांग्रेस भवन में दिन के 11 बजे

## ब्रीफ खबरें

### सचिवालय सेवा संघ ने सीएम का आभार जताया

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने सरकारी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करवाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया है. संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा की मांग राज्य कर्मियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी. मगर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने उन सभी समस्याओं का निराकरण कराते हुए हम सब के लिए ये सौगात दी है. इस योजना में सेवानिवृत्त पदाधिकारियों और कर्मचारियों को भी जुड़ने की सुविधा दी गई है. इससे सेवानिवृत्त कर्मी भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे. प्रसाद ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री सचिवालय कर्मियों की लंबित मांगों को भी शीघ्र पूरा करेंगे.

### गांधी जयंती पर बंद रहेंगी मांस की दुकानें

**रांची।** गांधी जयंती पर दो अक्टूबर को रांची नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सभी वधशालाओं को बंद रखने का निर्देश दिया है. रांची नगर निगम के अपर प्रशासक ने इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किया है. जारी आदेश के अनुसार मांस, मछली और मुर्गा की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है. गांधी जयंती को जो भी मांस, मछली और मुर्गा बिक्री करते हुए पाए जाएंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

**कांग्रेस का संवाद :** नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को तन-मन से चुनावी समर में कूदने का निर्देश

# कांग्रेस ही कांग्रेस को हराती है, इस कहावत को गलत साबित करें नेता-कार्यकर्ता : मीर

- एक प्रतिशत मत भी सरकार बनाने और बिगाड़ने के लिए काफी

विशेष संवाददाता। रांची

मिशन विधानसभा चुनाव को केंद्र में रखकर कांग्रेस का संवाद- विधानसभा चुनाव 2024 का आयोजन सोमवार को ललगुटवा में हुआ. कार्यक्रम में सभी जिला के पंचायत, मंडल, ब्लॉक, जिला अध्यक्ष, डेलीगेट्स, प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद शामिल हुए. मुख्य मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि संवाद आपके साथ कार्यक्रम के कारण पूरे झारखंड के लोगों और जमीनी हकीकत से संगठन रूबरू हुआ, यह समय की जरूरत थी.

उन्होंने कहा कि कभी-कभी चुनावी रणनीति और समीकरण अपने पक्ष में होने के बाद भी बूथ स्तर पर कार्य नहीं होने से चुनाव हार सकते हैं. एक प्रतिशत मत भी सरकार बना और बिगाड़ सकते हैं. कांग्रेस को कांग्रेस ही हराती आई है, इस मुहावरे को गलत साबित करना. पार्टी जिसे उम्मीदवार बनाये, उसकी जीत तय करें. हम आने वाले दिनों में गठबंधन दलों के साथ मिलकर प्रमुख मुद्दों को गारंटी में बदलने की बात करेंगे.



ललगुटवा में आयोजित कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल.

### टिकट एक को मिलेगा, उसे सभी को मिलकर जीताना है : कमलेश

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि अंग्रेजों को भगाने के लिए बापू ने दांडी यात्रा की सांप्रदायिक और विध्वंसकारी ताकतों को भगाने के लिए राहुल जी ने कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई तक यात्रा की जिसका फल है कि मजबूत विपक्ष के रूप में हम देश में उभरे हैं. चुनाव हेतु बहुत से लोगों ने आवेदन दिया लेकिन टिकट किसी एक को मिलेगा बाकी लोगों को उस उम्मीदवार को जिताना है. जिस तरह आवेदन निष्ठा के साथ दिया उसी निष्ठा के साथ कार्य करना है.

### जम्मू-काश्मीर में ईद में दो सिलेंडर देने का वादा और झारखंड में मुसलमानों का विरोध : बघेल

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा ने सीएए और एनआर सी को मुद्दा बनाया लेकिन आज वह मुद्दे हवा हो गए हैं. पिछले चुनाव में झारखंडी जनता ने भाजपा के मुद्दों को करारा जवाब दिया और यहां की सत्ता बदल दी. मोदी सरकार में ऐसी कोई पार्टी नहीं है जिसके नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई हो. भाजपा की सोच है कि कोई भ्रष्टाचारी दूसरी पार्टी में नहीं, बल्कि भाजपा में ही रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में अमित शाह वादा करते हैं कि ईद में दो सिलेंडर मुफ्त देंगे और झारखंड में मुसलमान का विरोध करते हैं. जम्मू कश्मीर और हरियाणा में भाजपा निश्चित रूप से हार रही है, महाराष्ट्र, झारखंड हारी, तो देश में मध्यावधि चुनाव तय है. यदि ऐसा हुआ, तो भाजपा अगले 20 वर्षों तक खड़ा नहीं हो पाएगी.

### इस सरकार में परिवार की आय बढ़कर 6 हजार रूपए तक हुई : रामेश्वर उरांव

कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि चुनाव में जाने के लिए आपके झोले में सरकार की उपलब्धि है. बाधाओं के बावजूद हमने उपलब्धि हासिल की है.भाजपा के लोग बाहर से आ रहे हैं.झारखंड की जनता सबको पहचानती है. भाजपा ने अपने शासित राज्य में कोई उपलब्धि हासिल नहीं की और इसका जवाब नहीं दे पा रहे हैं. पिछली सरकार में झारखंड में परिवारों की आय शून्य थी.इस सरकार में परिवार की आय समस्त योजनाओं को मिलाकर 5 से 6000 प्रतिमाह है.हमारा जो मकसद था हम उसमें कामयाब रहे, हम इसे और आगे बढ़ाएंगे हम झारखंडी जनता को आर्थिक रूप से सबल बनाएंगे.इस मौके पर सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर, सिरी बेला प्रसाद, कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय, मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की समेत कई ने अपने विचार रखे. मौके पर राजेश ठाकुर,प्रदीप बलमुचू,सुखदेव भगत,कालीचरण मुंडा,धीरज साहू, दीपिका पांडे सिंह,बन्ना गुप्ता, प्रदीप यादव ,राकेश सिन्हा,सतीश पॉल मुंजनी, गुलफाम मुजीबी,सोनाल शांति,मदन मोहन शर्मा, मानस सिन्हा, कमल अशोक चौधरी, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, रविंद्र सिंह,संजय पासवान मोहम्मद तौसीफ, विक्सल कौनगारी,भूषण बाड़ा,शिल्पी नेहा तिर्की, गजेंद्र सिंह ,सोनाराम सिंकू ,रामचंद्र सिंह, बद्रीराम जयशंकर पाठक,के एन त्रिपाठी, गुंजन सिंह, नेली नाथन, विनय सिन्हा दीपू, ममता देवी, गीताश्री, उरांव सहित कई उपस्थित थे.

# सीबीआई जांच के बिना आयोग ने जारी किया उत्तर कुंजी पत्र



नामकुम में जेएसएससी कायालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते अभ्यर्थी.

- विद्यार्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग की

संवाददाता।रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के नामकुम स्थित कार्यालय के सामने सोमवार को हजारों अभ्यर्थियों ने जेएसएससी अध्यक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. दिनभर छात्र परीक्षा रद्द करने की मांग पर डटे रहे. इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए. छात्रों ने बताया कि जब जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा लीक होने का मामला सामने आया है, तो सीबीआई जांच किये बिना ही आयोग ने जल्दबाजी में उत्तर कुंजी क्यों जारी कर दी. 21 और 22 सितम्बर को जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा ली गई थी. परीक्षा के दौरान नेट बंद कर दिया गया था.

इसके बाद भी परीक्षा में धांधली की गई थी. परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक कर दिया गया. आयोग ने मनमर्जी का काम किया है. सभी सीट को करोड़ों रुपये में बेच दिया है. आयोग पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है. लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है. विद्यार्थियों की मेहनत पर पानी फेर दिया है.

**सीडी में अपलोड सबूत आयोग पहुंचते ही ब्लैंक हो जाता है :** प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने कहा कि पेपर लीक का मामला सीडी में अपलोड कर के राज्यपाल को सौंपा गया है. उस समय सीडी ही काम कर रही थी. लेकिन सीडी में अपलोड सबूत आयोग पहुंचते ही ब्लैंक हो जाता है. जेएसएससी के पेपर में दो साल में पूछा गया प्रश्न रिपीट नहीं हो सकता है. एक दो ही प्रश्न ही पूछा जा सकता है. लेकिन 2024 की जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में गणित, रिजनिंग, कंप्यूटर की अलग-अलग परीक्षा से लगभग 88 प्रश्न पूछा गए, जो नियम विरुद्ध है.

# तीन से ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की हड़ताल

- 7000 विद्युत कर्मी होंगे शामिल

संवाददाता। रांची

अपने 6 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के सदस्य 3 अक्टूबर से हड़ताल पर जा रहे है. इसकी तैयारी को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय आज रामगढ़ सर्किल में परशुराम सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें तैयारियों का जायजा लिया गया. केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरे राज्य में आउटसोर्स अभिशाप के रूप में देखा जा सकता है, हर जगह लूट खसोट चरम पर है और सरकार सोयी हुई है. ऐसे में हड़ताल के अलावा हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है. उन्होंने कहा कि हड़ताल में करीब 7000 विद्युत कर्मी शामिल होंगे.

**श्रमिक संघ की मांगें**

- आउटसोर्स खत्म कर पुरानी व्यवस्था लागू हो.
- विद्युत कर्मियों का मानदेय 1000 रुपये से ऊपर अनुभव के आधार पर चार वर्गों में तय हो
- 10 वर्ष से ऊपर सेवा देने वाले कर्मियों का नियमित नियुक्ति हो
- सभी सप्लाई एवं ट्रांसमिशन जोन में हुए एरियर घोटाले की जांच हो.

# विकास की यह गाथा रुकेगी नहीं : कल्पना

- गिरिडीह के बेंगाबाद में मेगा किसान मेला में शामिल हुईं मंत्री बेबी देवी और कल्पना सोरेन
- एक हजार करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण किया, किसानों को सम्मानित भी किया गया

विशेष संवाददाता। रांची/गिरिडीह



कृषि प्रदर्शनी में शामिल मंत्री बेबी देवी, विधायक कल्पना सोरेन व अन्य.

गिरिडीह के बेंगाबाद के पेसराटांड खेल मैदान में मेगा किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उदघाटन महिला बाल समाज कल्याण मंत्री बेबी ने किया. कार्यक्रम में विधायक कल्पना सोरेन, सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सांसद डा सरफराज अहमद शामिल हुए. कार्यक्रम में हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, कोडरमा, रामगढ़ से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए.

इस दौरान किसानों के बीच एक करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. इसमें सहकारिता विभाग की ओर से 500 एमटी का सोलर कोल्ड स्टोरेज, कृषि विभाग की ओर से पावर टेलर, ट्रैक्टर, रोटावेटर, पंपसेट समेत अन्य उपकरण शामिल हैं. बेहतर प्रदर्शन करनेवाले दर्जनों किसानों को पुरस्कृत भी किया गया. इस मौके पर मंत्री बेबी देवी ने किसानों को ऋण माफी सहित उनसे जुड़ी अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने की अपील की.

वहीं, विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों व जरूरतमंद लोगों की बेहतरी के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है. इनमें बिजली बिल माफी, ऋण माफी, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुवा आवास, कृषि यंत्र वितरण आदि शामिल हैं. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुगम यातायात और बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचेंगी. इन कार्यों को पूरा करना मेरी प्राथमिकता है. विकास की ये गाथा रूकेगी नहीं. उन्होंने मेले में आये किसानों के बीच ऋण माफी का प्रमाणपत्र भी वितरण किया. मेले में कृषि, मत्स्य, सहकारिता, भूमि संरक्षण सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए थे. मौके पर गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी डॉ विमल कुमार, कृषि निदेशक डॉ कुमार ताराचंद, समिति के डायरेक्टर विकास कुमार सहित अन्य लोग एवं हजारों किसान शामिल हुए.

**महिला महाविद्यालय बेंगाबाद का किया शिलान्यासः** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने महिला महाविद्यालय, बैंगाबाद, गिरिडीह का शिलान्यास किया. इसके अलावा सर जेसी बोस विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए पहले चरण में बाउंड्री वाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. महाविद्यालय का निर्माण कार्य 3000 छात्राओं की क्षमता एवं चार वर्ष के पाठ्यक्रम को को ध्यान में रख कर कराया जा रहा है. भविष्य में गिरिडीह एवं कोडरमा जिले में नये महाविद्यालय का निर्माण होने पर ये सभी महाविद्यालय सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह के अंतर्गत आयेंगे.

**परिवर्तन सभा** असम के सीएम बोले- पीएम के झारखंड आने के साथ ही बज जाएगा चुनाव का बिगुल

# झारखंड से धक्का देकर भगा दिए जाएंगे घुसपैठिए: हिमंता

प्रमुख संवाददाता। रांची

असम के सीएम सह बीजेपी झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि संथाल में घुसपैठिए भर चुके हैं. एक बार झारखंड में भाजपा को आने दीजिए, इन्हें कानून के साथ धक्का देकर भगा दिया जाएगा. यह झारखंड आदिवासियों का है, घुसपैठियों का नहीं. कांग्रेस और जेएमएम एक हैं. हेमंत सरकार आवास बनाने के लिए अवसर नहीं देती. हमारी सरकार बनने पर मैं पांच लाख आवास देने का वादा करता हूं. वे सोमवार को रांची के टाटीसिल्वे में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारीबाग आएंगे, और इसके साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बज जाएगा. इस चुनाव में भाजपा की सरकार बनानी है और एक नया झारखंड बनाना है.




टाटीसिल्वे में परिवर्तन सभा को संबोधित करते हिमंता बिस्वा सरमा.

**जाने वाली है हेमंत सरकार :** हेमंत सोरेन की सरकार अब जाने वाली है. अब उन्होंने ''मंईयां योजना'' शुरू की है. हम ''गोगो दीदी योजना'' लेकर आ रहे हैं. कुछ दिन पहले उत्पाद सिपाही की दौड़ शुरू हुई, जिसमें 18 युवाओं की मौत हो गई. सरकार का दायित्व बनता है कि जिन युवाओं का निधन हुआ है, उनके परिवार के सदस्यों को नौकरी मिलनी चाहिए. सरकार अपने बारे में दिनभर बोलती रहती है. मियां-बीबी एक-दूसरे के बारे में बातें करते हैं, जैसे कोई सिनेमा चल रहा हो..."मैं हूं, तुम हो, एक-दूसरे के लिए." यह स्थिति केवल कल्पना की सिनेमा बन कर रह गई है. जो-जो वादे किए गए थे, उनके बारे में भी कुछ बोलें.

### हर बार परीक्षा के पेपर हो जाते हैं लीक

हिमंता ने कहा कि हर बार परीक्षा के पेपर लीक हो जाते हैं. युवाओं को नौकरी नहीं मिलती. झारखंड के युवाओं को नेपाल ले जाकर परीक्षा के पेपर बांट दिए जाते हैं, और फिर परीक्षा देने आते हैं. यह सरकार कुछ नहीं कर रही है, बस अपने लिए काम कर रही है. असम में मैंने 1.5 लाख लोगों को नौकरी दी है और एक भी पेपर लीक का आरोप नहीं लगा है. असम, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है. असम की माताओं को हमने बैंक में पैसा देना शुरू किया है. तीन महीने से हमने 1,250 रुपए देना शुरू किया है.

तापमान
31.6° अधिकतम | 23.6° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 173 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### छह आईएएस का तबादला मंजूनाथ रांची के डीसी बने

**रांची।** राज्य सरकार ने छह आईएएस अफसरों का तबादला किया है. इसमें चार जिलों के उपायुक्त (डीसी) को भी बदल दिया है. मंजूनाथ भजंत्री को रांची जिले के उपायुक्त की कमान सौंपी गई है. वहीं शशि प्रकाश सिंह को जामताड़ा, उत्कर्ष गुप्ता को लातेहार और मनीष कुमार को पाकुड़ का उपायुक्त बनाया गया है. इसके अलावा पवन कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है, जबकि रंजीत कुमार लाल को उर्जा उत्पादन निगम के एमडी की जिम्मेवारी सौंपी गई है. कार्मिक ने संबंधित आदेश जारी कर दिया है.


### आज शहर के कई क्षेत्रों में नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** दुर्गा पूजा मेटेनेंस कार्य के कारण मंगलवार को कई फीडर बंद रहेंगे. मंगलवार को 11 केवी न्यू मोरहाबादी फीडर सुबह 11 बजे से 2 बजे तक एलटी लाइन मेटेनेंस के कारण बंद रहेगा. इसके कारण अंतु चौक, सराईटांड, न्यू एरिया मोरहाबादी में तीन घंटे बिजली नही रहेगी. 33 केवी कुसई फीडर सुबह 7 बजे से 7.30 बजे तक नामकुम जीएसएस से कोकर पीएसएस यूजी केबल चार्ज के कारण बंद रहेगा. इसके कारण कुसई और आसपास के क्षेत्रों में आधे घंटे बिजली नहीं रहेगी. 11 केवी राम मंदिर चुटिया फीडर सुबह 10 बजे से 1 बजे तक एलटी लाइन केबल कार्य होने के कारण बंद रहेगा. इसके कारण तीन घंटे चुटिया व आसपास के क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी.

### वितरण निगम ने बिजली दर में 30.89% की वृद्धि का दिया था प्रस्ताव, नियामक आयोग का तर्क- दर बढ़ाने लायक कोई कारण ही नहीं दिखा

# राज्य के 53 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, नहीं बढ़ी बिजली दर

**रवि भारती। रांची**



- सात महीने पहले बिजली की दरों में हुई थी वृद्धि
- उपभोक्ताओं को मीटर के लिए नहीं देना होगा किराया

बिजली की दरों में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं होगी. साथ ही बिजली उपभोक्ताओं को अब मीटर रेंट के रूप में कोई राशि नहीं देनी होगी. इससे राज्य के राज्य के 53 लाख बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिली है. झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने सोमवार को झारखंड बिजली वितरण निगम के टैरिफ पीटिशन को खारिज कर दिया. उल्लेखनीय है कि झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए घरेलू और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को दी जानेवाली विद्युत सप्लाई की टैरिफ (प्रति केबी दर) में 30.89 फीसदी बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया गया था. वहीं, उपभोक्ताओं ने टैरिफ में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं करने का आग्रह किया था. इसके बाद पांचों प्रमंडल में जनसुनवाई हुई थी.

### बिजली की आपूर्ति में अपेक्षित सुधार नहीं : नियामक आयोग

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के तकनीकी सदस्य अतुल कुमार और विधि सदस्य महेंद्र प्रसाद ने बताया कि सात महीने पहले ही बिजली दर में वृद्धि की गई थी. बिजली वितरण निगम के प्रस्तावों के हर बिंदु पर जांच और जनसुनवाई के बाद आयोग ने पाया कि बिजली आपूर्ति में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है. ऐसे में बिजली दर बढ़ाने का कोई कारण नहीं दिखा, इसलिए आयोग ने यह फैसला लिया है.

**वितरण निगम को 8390 .63 करोड़ राजस्व की स्वीकृति :** झारखंड बिजली वितरण निगम ने वर्ष 2024-25 के लिए 10857 .93 करोड़ रुपये राजस्व का प्रस्ताव दिया था. इसके एवज में आयोग ने 8390 .63 करोड़ की स्वीकृति दी है. इसी तरह निगम ने 2022-23 के लिए 9806 .23 करोड़ राजस्व का प्रस्ताव सौंपा था, जिसके एवज में 6883 .33 करोड़ रुपये राजस्व की स्वीकृति दी. वहीं, वर्ष 2023-24 के लिए वितरण निगम ने 10502 .16 करोड़ रुपये का प्रस्ताव सौंपा था, जिसके एवज में 7350 .83 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई.

**लाइन लॉस 13 फीसदी तक लाने का निर्देश :** आयोग ने बिजली वितरण निगम को लाइन लॉस 13 फीसदी तक लाने का निर्देश को दिया है. वितरण निगम ने 2022-23 के लिए 30 .28 फीसदी, 2023-24 के लिए 23 .99 फीसदी और 2024-25 के लिए 19 .08 फीसदी तक लाइन लॉस लाने का प्रस्ताव दिया था.

**सोलर पावर के लिए 7 .31 रुपये प्रति यूनिट :** सोलर पावर के तहत बिजली वितरण निगम ने सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक सोलर आवर के लिए 7 .86 रुपये प्रति यूनिट का प्रस्ताव दिया गया था. आयोग ने 7 .31 रुपये प्रति यूनिट की स्वीकृति दी है. वहीं, नॉन सोलर आवर के लिए 8 .77 रुपये प्रति यूनिट की स्वीकृति दी है.

### रांची से 11,000 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का ऑनलाइन उद्घाटन, राज्यपाल बोले

# मोटे अनाज से ही मिटेगा कुपोषण

**विशेष संवाददाता। रांची**

- पोषण माह में देश भर में करोड़ों गतिविधियों का आयोजन
- **धरती आबा की धरती पर राष्ट्रीय पोषण माह का समापन**
- 6850 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम बनाने की दी गयी मंजूरी
- **आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का बनेगा आयुष्मान हेल्थ कार्ड**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को 11,000 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का रांची से ऑनलाइन उद्घाटन किया. डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन कार्यक्रम में झारखंड सहित देशभर में पोषण अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की गई.

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कुपोषण के खिलाफ यह जागरूकता अभियान केवल एक माह तक सीमित न रहे, बल्कि निरंतर चलता रहे. वहीं, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बापू की धरती गुजरात से पोषण अभियान का शुभारंभ हुआ था और अब भगवान बिरसा की धरती पर इसका समापन हो रहा है. इस अवसर पर छह माह उम्र के पांच नवजात का राज्यपाल एवं केंद्रीय मंत्री ने अन्नप्राशन कराया. वहीं पांच गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्वों से भरपूर अनाज देकर गोदभराई की रस्म पूरी की गई. मौके पर केंद्रीय विभागीय सचिव अनिल मल्लिक, संयुक्त सचिव पल्लवी अग्रवाल, राज्य के विभागीय झारखंड मनोज कुमार, समाज कल्याण निदेशक शशि प्रकाश झा सहित कई विभागीय अफसर एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थीं.



बच्चे का अन्नप्राशन कराते राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री.

### सामूहिक प्रयास से ही कुपोषण मिटेगा

राज्यपाल ने कहा कि कुपोषण का उन्मूलन सामूहिक प्रयास से ही संभव है. उन्होंने कहा कि आज भाग-दौड़ की जिंदगी में हम पुराने देशी खान-पान को भूलते जा रहे हैं. मोटे अनाज और देशी खान-पान से ही कुपोषण से मुक्ति मिल सकती है. राज्यपाल ने कहा कि झारखंड आने के बाद उन्हें स्वदेशी और झारखंडी खान-पान का सेवन कराया जा रहा है, जो एक स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है. इस राज्य में मिलने वाली देसी साग-सब्जियां अपने आप में पोषण तत्वों से भरी हुई हैं.

### झारखंड में 2,551 लघु आंगनबाड़ी केंद्र अपग्रेड किये गये : अन्नपूर्णा

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हम सभी ने इस अभियान को एक उत्सव के रूप में लिया. केंद्र सरकार ने छह विषयों को ध्यान में रखा है. एनीमिया, बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी, विकास और निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी और एक पेड़ मां के नाम के तहत पूरे देश के अंदर कैंपेन चलाए जा रहे हैं. पीएम मोदी की अपील पर 'एक पेड़, मां के नाम' कार्यक्रम के तहत 87 लाख पौधे लगाए गए. राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 766 जिलों में 11 करोड़ 71 लाख से अधिक गतिविधियां हुईं. इनमें झारखंड के 24 जिलों में कुल 19 लाख 53 हजार गतिविधियां संचालित हुईं. सरकार ने देशभर के 13 लाख 95 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं की आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य बीमा करने की भी मंजूरी दी है. झारखंड में 2,551 लघु आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया गया है. वहीं, 6,850 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम बनाने के लिए अपग्रेड करने की स्वीकृति दी गई है. इन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए निधि भी आवंटित की जा चुकी है.

# सरयू राय के बाद अब पूर्व मंत्री राजा पीटर भी जदयू में शामिल

**विशेष संवाददाता। रांची**

- तमाड़ विधानसभा से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है

झारखंड के पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर सोमवार को जदयू में शामिल हो गए. झारखंड में ये दूसरे पूर्व मंत्री हैं, जिन्होंने जदयू का दामन थामा है. इससे पहले पूर्व मंत्री सरयू राय भी जदयू में शामिल हो चुके हैं. इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान, राष्ट्रीय सचिव मो निसार, झारखंड जदयू के पूर्व प्रदेश संयोजक शैलेंद्र महतो और झारखंड जदयू के प्रदेश महासचिव सुशील सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे. राजा पीटर ने दिल्ली स्थित में पार्टी कार्यालय में जदयू की सदस्यता ली. इसके पहले भी पीटर जदयू में रह चुके हैं. इनका तमाड़ से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है. जानकारी के अनुसार, भाजपा से जदयू का गठबंधन लगभग फाइनल हो चुका है. जदयू को भाजपा दो सीट दे रही है, जिसमें सरयू राय के लिए एक सीट और तमाड़ की सीट प्रमुख हैं.



दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में जदयू की सदस्यता लेते राजा पीटर.

**2009 में सीटिंग सीएम को हरा कर चर्चा में आए थे :** राजा पीटर सबसे पहले शिबू सोरेन को मुख्यमंत्री रहते हुए तमाड़ सीट पर हुए उपचुनाव में हरा कर चर्चा में आए थे. जदयू नेता व पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या के बाद तमाड़ सीट पर उपचुनाव हुआ था. बता दें कि राजा पीटर को रमेश सिंह मुंडा की हत्या के साजिश के आरोप में 10 अक्टूबर 2017 को एनआईए ने गिरफ्तार किया था. करीब छह साल तक जेल में बंद रहने के बाद दिसंबर 2023 में झारखंड हाईकोर्ट ने राजा पीटर को जमानत दे दी.

झा.मु.मो

झारखण्ड की मंईयां, बच्चों, युवा, वृद्ध, आदिवासी-मूलवासी, दलित, अल्पसंख्यक और विस्थापितों के विकास के लिए हमारा बकाया

एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपए

₹1,36,000,00,00,000

कब मिलेगा?

मानानीय प्रधानमंत्री जी को खुला पत्र

माननीय प्रधानमंत्री जी,

जोहार

मैं, हेमन्त सोरेन, झारखण्ड का मुख्यमंत्री, आपका ध्यान राज्य के समक्ष आ रही एक गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ। यह समस्या कोयला कंपनियों द्वारा राज्य के बकाया का भुगतान न करने से संबंधित है, जो हमारे राज्य के विकास में बाधक बन रही है।

बकाया राशि का विवरण: कुल बकाया राशि लगभग 1,36,042 करोड़ रुपये है। इसमें शामिल हैं: वॉश्ड कोयला रॉयल्टी के रूप में 2,900 करोड़ रुपये, पर्यावरण मंजूरी सीमा के उल्लंघन के लिए 32,000 करोड़ रुपये, भूमि अधिग्रहण मुआवजे के रूप में 41,142 करोड़ रुपये (38,460 करोड़ रुपये GM भूमि और 2,682 करोड़ रुपये GM J.J भूमि के लिए)। इस पर लगी सूद की रकम - 60,000 करोड़ रुपये, कुल - 1,36,042 करोड़ रुपये


विकास पर प्रभाव: इस बकाया राशि के कारण, हमारे राज्य में अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएँ प्रभावित हुई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला और बाल विकास, स्वच्छ पेयजल एवं मंईयां, बच्चों, युवा, वृद्ध, किसान, मजदूर, आदिवासी-मूलवासी, दलित, अल्पसंख्यक, विस्थापित एवं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक योजनाओं को लागू करने में कठिनाई हो रही है। झारखण्ड, एक अल्प विकसित राज्य है, जो संसाधनों की कमी से गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। संसाधनों की कमी को पूर्ण करने के लिए उपरोक्त राशि अत्यंत आवश्यक है।

न्यायिक निर्णय: सर्वोच्च न्यायालय की नौ सदस्यीय पीठ ने राज्य के पक्ष में फैसला दिया है। माननीय न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि खनन और रॉयल्टी शुल्क वसूलने का अधिकार राज्य को है। यह भी कहा गया है कि रॉयल्टी एक कर नहीं है और इसलिए इस पर कोई सीमा नहीं लगाई जा सकती।

हमारा अनुरोध: मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस मामले में हस्तक्षेप करें और कोयला कंपनियों को बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दें। जब तक पूरी राशि का भुगतान नहीं हो जाता, कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को ब्याज राशि का भुगतान करना चाहिए या कोल इंडिया के खाते से राज्य के खाते में सीधे क्रेडिट किया जाना चाहिए। यह राशि झारखण्ड के लोगों के कल्याण और राज्य के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

समाधान का आग्रह: हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस मुद्दे का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि झारखण्ड के लोग विभिन्न सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं का लाभ उठा सकें। यह न केवल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि गरीबी उन्मूलन और लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए भी आवश्यक है। हम आपके सकारात्मक हस्तक्षेप और त्वरित कार्रवाई की आशा करते हैं। इसके लिए झारखण्ड के लोगों की ओर से, मैं आपका सदैव आभारी रहूँगा।

पुन: जोहार
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
सह कार्यकारी अध्यक्ष, झामुमो



झामुमो केंद्रीय समिति

## ब्रीफ खबरें

### नगर आयुक्त से मिला ऑल इंडिया क्रिश्चिनय फ्रंट



**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद और ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के लोगों ने नगर निगम के अपर नगर आयुक्त फिलयुस बारला से सोमवार को शिष्टाचार भेंट की. अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष पवन तिर्की औऱ प्रवीण कच्छप ने पुष्प गुच्छ और पारंपरिक अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया. कहा कि शहर का रांची नगर निगम सुरक्षा कवच है.

### सीएमपीडीआई के जीएम मानवेंद्र कुमार सेवानिवृत्त



**रांची।** सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (पीएडी) मानवेन्द्र कुमार की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सोमवार को संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/ ईएस) सतीश झा ने सेवानिवृत्त हो रहे मानवेन्द्र को पौधा, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और उनके योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की.

### राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के सदस्य बने डॉ आरिफ

**रांची ।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग में



झारखंड की राजधानी के डॉ आरिफ नासिर बट्ट को सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है. हिंदी सलाहकार समिति के विद्वानों की सूची में आरिफ को शामिल करना झारखंड के लिए भी गर्व की बात है. डॉ आरिफ नासिर बट्ट अपने काम के बदौलत पूरे देश भर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. विद्वानों की सूची में शामिल करने का सबसे अहम कारण यह भी है कि डॉ आरिफ ने बीबीएम, पीजीडीबीएम, एमबीए, एम फिल, पीएचडी एलएलबी, एलएलएम किए हुए हैं. इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय संस्था आईएचआरसी के डिप्लोमेटिक हेड , पीजेएचआरएफ के चेयरमैन हैं.

---

साहित्य और संस्कृति को समर्पित संस्था स्पेनिन ने 18 वर्षों से साहित्यिक योगदान के लिए यह पुरस्कार दे रही है

# चार साहित्यकारों को साहित्यिक पुरस्कार, स्पेनिन की घोषणा



फोटो : स्पेनिन के नाम से

**संवाददाता। रांची**

साहित्य और संस्कृति को समर्पित संस्था स्पेनिन ने इस वर्ष अपने प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है. स्पेनिन पिछले 18 वर्षों से साहित्यिक योगदान के लिए यह पुरस्कार दे रही है और इस बार भी चार उत्कृष्ट साहित्यकारों को उनके समग्र लेखन के लिए सम्मानित किया जाएगा. स्वर्गीय डॉ. सिद्धनाथ कुमार की स्मृति में दिया जाने वाला डॉ. सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान इस वर्ष वरिष्ठ साहित्यकार नीरज नीर को प्रदान किया जाएगा. नीरज नीर ने अपने लेखन में गहरी सामाजिक समझ और संवेदनशीलता का अद्भुत समन्वय किया है. उनकी रचनाएं न केवल भावनाओं को झकझोरती हैं, बल्कि समाज को आईना भी दिखाती हैं. उनके साहित्य में यथार्थ और कलात्मकता का अनूठा मेल मिलता है.

स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान के अंतर्गत तीन प्रतिष्ठित लेखकों को भी सम्मानित किया जाएगा. चौबे ''गूंज'' ने अपने लेखन में समाज की जटिलताओं को सरल भाषा में प्रस्तुत किया है, उनकी रचनाएं आम जनमानस के दिलों को छूती हैं. वहीं शिरोमणि राम महतो की कविताओं में अद्भुत संवेदनशीलता और सौंदर्य झलकता है. वीना श्रीवास्तव की लेखनी में जीवन के विविध रंगों की अभिव्यक्ति देखने को मिलती है, अपनी विविधता और गहराई से उन्होंने अलग पहचान बनाई है.

स्पेनिन के निदेशक कुमार संजय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सम्मान समारोह का आयोजन 26 अक्टूबर 2024 को पुरुलिया रोड स्थित उर्सुलाइन इंटर कॉलेज के सभागार में होगा. यह समारोह अपनी समय पाबंदी और बेहतरीन योजना के लिए प्रसिद्ध है. इसमें साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है, जो इसे और भी खास बनाता है.

निर्णायक मंडल के प्रमुख श्री अशोक प्रियदर्शी ने सभी साहित्यकारों को उनकी उत्कृष्ट कृतियों और साहित्य में अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक बधाई दी है.

---

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में मना जीएनएम- एएनएम विदाई समारोह



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में सोमवार को नर्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन चुनाव संपन्न हुआ. साथ ही वर्ष 2021 बैच के जीएनएम और 2024 बैच के एएनएम विद्यार्थियों का विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नर्सिंग की प्राचार्या डॉ सुबानी बाड़ा, संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी, उप प्राचार्या मीनल श्वेता समेत संस्थान के अन्य शिक्षकगण और कर्मचारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही. सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, प्रभारी कुलपति श्रीधर डांडीन ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम का आयोजन एसएनए सलाहकार निक्की कुमारी के द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन अंशु कुमारी एवं विष्णु प्रिया द्वारा किया गया.

---

**विस्थापन का दर्द :** बेघरों को है अब बस पुनर्वास की आस

# इस्लाम नगर के विस्थापितों के इंतजार में 14 साल गुजरे

- 1175 से अधिक हुए थे विस्थापित, 444 सर्वे लिस्ट में से 291 को ही मिलेगा फ्लैट
- इसलामनगर में 291 विस्थापितों के लिये जी प्लस थ्री फ्लैट बन कर तैयार, बस पुनर्वास का इंतजार

**रेहान अहमद। रांची**



हमदर्द कमेटी की तरफ से मंत्री हफीजुल हस को आग्रह पत्र सौंपते प्रतिनिधि.



पांच अप्रैल 2011 की खौफनाक घटना को इस्लामनगर वासी कभी भूल नहीं सकते हैं. इसी दिन जिला प्रशासन एवं रांची नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत गरीबों के बांस बल्ली के आशियाने को तिनका-तिनका कर बिखेर दिया गया था. यह अभियान दूसरे दिन छह अप्रैल को भी इस्लाम नगर में चला था. अभियान के तहत इसलामनगर के 1175 से अधिक परिवारों का आशियाना उजड़ गया था.

इस्लाम नगर के याचिकाकर्ता मो शकील ने कहा कि पूर्व राज्यसभा सांसद परिमल नाथवाणी ने बस्तीवालों को बचाने के लिये अपना सहयोग दिया. हाईकोर्ट में याचिका दायर की. फिर इस्लामनगर वासियों ने केस जीता. उसके बाद तत्कालीन आयुक्त केके सोन ने सर्वे करा कर 444 इस्लामनगरवासियों की सूची तैयार की, जो विस्थापित हो गये थे. इस्लामनगर में ही पॉलिटेक्निक की जमीन पर बेघर हुए 444 लोगों के लिये मकान बनाने का निर्देश दिया गया. इस तरह नगर निगम की निगरानी में इसलामनगर में ही तीन एकड़ जमीन पर 33 करोड़ की योजना राशि से जी प्लस थ्री मल्टीस्टोरिज बिल्डिंग तैयार की गई. यहां 291 लोगों के लिये फ्लैट तैयार हैं, लेकिन चिन्हित 153 विस्थापित इस सुविधा से वंचित रह जायेंगे. जिसके बाद उन्हें दूसरी जगह बसाने की योजना है.

**14 साल हो गये इंतजार के बस अब जल्दी से घर मिल जाये : साजदा :** विस्थापित साजदा खातून ने कहा कि घर बना देख कर बहुत अच्छा लगता है कि अब हम लोगों के दुख दूर हो जायेंगे सिर छिपाने के लिये घर मिल जायेगा. 14 साल तो हो गये इंतजार के, बस अब जल्दी से मिल जाए, यही हम गरीब विस्थापित चाहते हैं.

## सीएम, मंत्री, नगर आयुक्त को जल्द आवास आवंटन कराने के लिये दिया है आग्रह पत्र

हमदर्द कमेटी इस्लाम नगर की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने इस्लामनगर के विस्थापिता के पुनर्वास के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, नगर निगम के नगर आयुक्त को आग्रह पत्र सौंपा हैं. ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि वर्ष 211 में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत इस्लामनगर के कई मकान तोड़ दिये गये थे, जिसमें कई परिवार विस्थापित हुए थे. हाईकोर्ट में पीआईएल के बाद 444 विस्थापितों को 13 माह के अंदर पुनर्वास कराने का आदेश दिया था. न्यायालय के आदेश पर इस्लामनगर के विस्थापितों में 1175 आवेदन जिला प्रशासन को दिया गया था. जिला प्रशासन द्वारा सत्यापन के उपरांत 444 विस्थापितों को आवास देने की स्वीकृति प्रदान की थी. लेकिन नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त द्वारा 291 विस्थापितों का लॉटरी कराया गया. नगर निगम के आरएमसी एएचपी इस्लाम नगर रांची नाम से पीएमएवाई कोषांग में विस्थापितों ने अंशदान 50,000 रुपये जमा भी कर दिया है. मालूम हो कि विस्थिापतों के मकान टूटे करीब 14 साल हो गये हैं. इस अंतराल में इस्लामनगर के विस्थापित को भारी आर्थिक, शारीरिक, मानसिक एवं जान-माल का नुकसानु हआ है, लेकिन अभी तक इनको आवास उपलब्ध नहीं कराया गया है. विस्थापितों ने मंत्री से अनुरोध किया कि विस्थापितों को जल्द आवास आवंटन कराया जाए. प्रतिनिधिमंडल में झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, उपाध्यक्ष मो परवेज, हमदर्द कमेटी के अध्यक्ष मो शकील, मो इमरान, मो राजू और सलाउद्दीन शामिल थे.

---

# राज्य कर्मियों की सेवानिवृति उम्र 62 वर्ष करने के प्रस्ताव का किया स्वागत : शिक्षक मोर्चा

**संवाददाता। रांची**



शिक्षा हित में राज्यकर्मियों की सेवानिवृति उम्र 62 वर्ष हो

झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, प्रवक्ता सह प्रदेश मीडिया प्रभारी अरुण कुमार दास, एवं संयोजक आशुतोष कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य सरकार के द्वारा राज्य के सभी कर्मियों के सेवानिवृति उम्र को 60 से 62 वर्ष करने के प्रस्ताव को कैबिनेट से पारित करने की तैयारी को राज्यहित में एक दूरगामी कार्य मानते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है. मालूम हो कि झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा में शामिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ झारखंड प्रदेश, झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ, झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ एवं झारखंड स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से लेकर राज्य के तमाम जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारियों के समक्ष शिक्षकों सहित राज्य कर्मियों के सेवा निवृत्ति उम्र 62 वर्ष करने, राज्य के समस्त कर्मचारीगणों को स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत कैशलेस कार्ड की सुविधा देकर सुलभ चिकित्सा उपलब्ध कराने के साथ राज्य के सभी कोटि के शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देकर शिक्षकों के साथ आर्थिक न्याय करने आदि तमाम मांगों के संदर्भ में सरकार के समक्ष सभी तर्कपूर्ण नियमों एवं परिनियमों के अनुरूप सरकार के संज्ञान में लाने का कार्य किया है.

मालूम हो दैनिक शुभम संदेश में 6 जुलाई 2024 के अंक में पेज नंबर 4 में शिक्षा हित में राज्यकर्मियों की सेवानिवृति उम्र 62 वर्ष हो की खबर पूरी प्राथमिकता के साथ प्रकाशन की थी. जिसके परिणाम में राज्य सरकार के द्वारा राज्य के सभी कर्मियों के सेवानिवृति उम्र को 60 से 62 वर्ष करने के प्रस्ताव को कैबिनेट से पारित करने की तैयारी की गई है.

### आर्ट्स विभागाध्यक्ष नीलिमा कुजूर को दी गई विदाई



**रांची।** संत पॉल्स कॉलेज की आर्ट्स विभागाध्यक्ष निलिमा कूजूर को सोमवार को विदाई दी गई. इस अवसर पर आशिष तिग्गा ने कहा कि 30 साल तक पढ़ाते रहें. सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रोफेसर को याद करते हैं. उनके बताए मार्ग पर चलकर दर्जनों विद्यार्थियों ने अच्छे पद पर जॉब कर रहे हैं. प्रोफेसर नीलिमा कुजूर ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आपस में मिलजुल कर रहें. अपना कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ें. सत्य प्रेमी और शुद्धता को अपने जीवन का ढाल बनायें. धन्यवाद आराधना रेव्ह पीटर बारला ने किया. कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर मुकुट कुजूर और डॉ मेरखा किंडो ने किया.

## वार्षिक आयुर्विज्ञान सम्मेलन कार्डायबकॉन 2024 का आयोजन



**संवाददाता ।रांची**

वार्षिक आयुर्विज्ञान सम्मेलन कार्डायबकॉन 2024 का आयोजन किया गया. सम्मेलन में झारखंड एवं पड़ोसी राज्य के चिकित्सकों ने भाग लिया. डॉ मनीषा घई ने बताया कि शाकाहारी प्रोटीन का उपयोग श्रेयस्कर है. डॉ सबा कहा कि प्रोटीन, काम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट, वसा, मिनरल्स, विटामिन के साथ जल का सेवन महत्वपूर्ण है. डॉ जगनाणी ने ईसीजी में पी वेभ के महत्व में होनेवाले अरिद्मिया के डायगनोसिस एवं उपचार बताया. डॉ रोहित अग्रवाल ने टेलीमेडिसिन के मेडिकोलीगल आस्पेट्स को बताया एवं इससे रोगियों को बचना चाहिए. डॉ कुशाग्र महंसरिया ने डिस्लिपिडीमिया में नूतन ओषधि इन्क्लीसिरान के उपयोग को बताया. डॉ एचएन राय ने ह्रदयाघात में एस्पिरीन, स्टैटीन एवं नाइट्रेट के महत्वपूर्ण बताया. डॉ प्रियंका श्रीवास्तव ने गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप के नियन्त्रण को बच्चे के उचित ग्रोथ के लिए महत्वपूर्ण बताया. डॉ वीके ढाणढनिया ने मधुमेह में बीटा ब्लॉकर्स के लाभ को बताया. डॉ एके सिंह एवं डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने एको पर डायस्टॉलिक डिसफंक्शन पर व्याख्यान पेश किया.

---

## मेकॉन में हिंदी दिवस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**संवाददाता ।रांची**

सोमवार को मेकॉन लिमिटेड मुख्यालय में 14-29 सितंबर के दौरान आयोजित हिंदी पखवाड़ा का पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया. हिन्दी पखवाड़ा-2024 के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुमार वर्मा, निदेशक (तकनीकी) अमित राज, निदेशक (परियोजनाएं) पी के दीक्षित, मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. सतीश कुमार, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी) नीरज कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ. इस अवसर पर हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया.

### मंटू बने सुरक्षा के अध्यक्ष

**रांची।** सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के तत्वावधान में सोमवार को एक बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता समाजसेवी उत्तम यादव ने की. बैठक में नई कमेटी का चुनाव किया गया. जिसमें मंटू वर्मा को अध्यक्ष चुना गया.

**नई कमेटी:** अध्यक्ष मंटू वर्मा, कार्य. अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, वरीय उपाध्यक्ष रौशन चौधरी, राजेश सरदाना, अनिल मिश्रा विकास जायसवाल, अरुण जासुजा, उपाध्यक्ष सागर सिंह, काजू वर्मा, राहुल, बबलू, सुभाष,बंटी सिंह, सचिव, शुभम चौधरी, कोषाध्यक्ष मंटू , मुख्य संरक्षक संजय सेठ, संरक्षक रविंद्र वर्मा, उत्तम यादव, बिंदुल, फ्रांसिस तिर्की, बजरंग, राजन, शंकर, संयोजक रूपेश, प्रवक्ता, शिव किशोर, उपाध्यक्ष रमन केसरी, आयुष झा, अनीश,आयुष, ऋषभ, रौनक, शिवम, अमन, राहुल, हर्ष, सैज कुमार, अभिनव,चंदन तिवारी, दीपक शर्मा,गोलू वर्मा, राज वर्मा और तुषार सिन्हा.

## विश्व हृदय दिवस पर व्याख्यान

**संत जेवियर्स कॉलेज**

**संवाददाता ।रांची**



विश्व हृदय दिवस के अवसर पर संत जेवियर्स कॉलेज रांची महिला सेल द्वारा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हृदय स्वास्थ्य और कार्डियो पल्मोनरी ससिटेशन पर सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ कुशाग्र महंसरिया ने हृदय स्वास्थ्य और सीपीआर की महत्वपूर्ण जीवन-रक्षक तकनीक पर व्यापक जानकारी दी. कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा,एसजे ने हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया. मुख्य वक्ता डॉ कुशाग्र महंसरिया ने युवाओं को बताया कि हृदय रोगों की बढ़ती घटनाओं का कारण अस्वस्थ जीवनशैली, तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी है. उन्होंने प्रमुख जोखिम कारकों पर चर्चा की और उसके बचाव स्वरूप सलाह देते हुए हृदय स्वस्थ को बनाए रखने के लिए प्रमाण-आधारित हृदय स्वास्थ्य से संबंधित सामान्य मिथकों को दूर किया. उनका सत्र इंटरैक्टिव था, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने सवाल पूछे, और डॉ महंसरिया नेसरल ने जानकारीपूर्ण तरीके से उत्तर दिया. उन्होंने सीपीआर का प्रदर्शन भी किया. उप-प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली का महत्व समझाया. उन्होंने आईक्यूएसी व महिला प्रकोष्ठ की इस महत्वपूर्ण विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने की पहल की सराहना की और चेन और सर्वाइवल पर प्रकाश डाला. मौके पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ अजय अरुण मिंज, एसजे, परीक्षा नियंत्रक प्रो बीके सिन्हा, महिला प्रकोष्ठ की डॉ भारती सिंह रायपत समेत कॉलेज के अन्य प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी शामिल थे.

## अंजुमन फरोग उर्दू ने साहित्यिक सत्र में प्रकाश फिकरी को किया याद

**संवाददाता ।रांची**



अंजुमन फरोग उर्दू (छात्र इकाई) द्वारा ऑनलाइन साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के मशहूर शायर प्रकाश फिकरी के व्यक्तित्व और शायरी पर चर्चा की गई. ऑनलाइन कार्यक्रम की शुरुआत कारी मोहम्मद आरिफ की पवित्र कुरान की तिलावत से हुई. मांडर कॉलेज की छात्रा संबल फैजान ने प्रकाश फिकरी पर विचार रखते हुए कहा कि उनका जन्म 1929 में अंबाला में हुआ था, उन्होंने 1960 के आसपास अपना साहित्यिक जीवन शुरू किया और 2008 में रांची में उनका निधन हो गया. उनके दो काव्य संग्रह सफर ए सितारा और एक जरा सी बारिश प्रकाशित हुए. उन्होंने साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त किया. डॉ हुमायूं अशरफ ने कहा कि झारखंड के शायरी परिदृश्य में वहाब दानिश और सिद्दीक मुजीबी के अलावा सबसे अहम नाम प्रकाश फिकरी का है. मौके पर मोहम्मदी बिलाल, तैयबा आफरीन आदि ने भी अपने विचार रखा. मौके पर डॉ अहमद सगीर, प्रो अहमद बद्र, डॉ मो मोकम्मल हुसैन, प्रो आफताब अहमद, हुसाम अल हसन, मो राशिद, मो सिराज, शमा नायाब, फौजिया मुबशेरिन, तबिब अहसन ताबिश, अंजला लैल, मो इस्लाम, आफरीन परवीन, शबीना परवीन, मो शमशाद, बुशरा नोशीन, मश्तरी बेगम, हिना आफरीन आदि शामिल थे.

---

**पुण्यतिथि** झारखंड ही नहीं, पूरे देश के एक प्रमुख विराट, बौद्धिक और सांस्कृतिक शख्सीयत थे

# डॉ मुंडा ने संस्कृति को विश्व पटल पर पहचान दिलाई

**संवाददाता। रांची**



रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में सोमवार को पद्मश्री डॉ. राम दयाल मुंडा की 23 वां पुण्यतिथि मनायी गई. इससे पहले शिक्षकों औऱ शोधार्थियों ने पद्म श्री की डॉ. रामदयल मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि दी.

कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ बीरेन्द्र कुमार सोय ने किया. अध्यक्षता मुंडारी विभाग के विभागाध्यक्ष मनय मुंडा ने की. कहा कि डॉ रामदयाल मुंडा झारखंडी चेतना के अग्रदूत थे. वे झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के एक प्रमुख विराट, बौद्धिक और सांस्कृतिक शख्सियत थे. विद्यार्थियों को उनके विचारों को अपने जीवन मेंआत्मसात करना चाहिए. डॉ किशोर सुरीन ने कहा कि डॉ मुंडा एक विराट व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे. वह आदिवासी और मूलवासियों के अधिकारों के लिए चिंतित रहते थे. संयुक्त राष्ट्र संघ में झारखंडियो के हक अधिकार की आवाज उठाते रहे. सभी समुदाय को एक सूत्र में बांधने का काम किया.

डॉ उमेश नन्द तिवारी ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में काफी सक्रिय थे. उनका जीवन पूर्ण रूप से सामाजिक एवं सांस्कृतिक रहा.आदिवासी संस्कृति, लोकगीत, नृत्य एवं साहित्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई. प्राध्यापक डॉ करम सिंह मुण्डा ने कहा डॉ रामदयाल मुंडा सहज स्वभाव का था.वे मुंडारी भाषा के विकास के लिए बहुत काम किया.मुंडारी भाषा को पहचान दिलाया.वे उन्नीस भाषाओं के ज्ञाता थे.डॉ कुमारी शशि ने कहा कि दुनिया को झारखंड का संस्कृति से अवगत कराया. झारखंडी समाज में आत्म गौरव और चेतना भरने का काम किया. उनके उद्देश्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता है. मौके पर प्राध्यापक शकुंतला बेसरा, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, तारकेश्वर सिंह, रचना होरो, लेखन प्रकाश, सुधा मनीषा नाग के अलावा शोधार्थी, कर्मचारीगण व छात्र छात्राएं समेत अन्य शामिल थे।

## कोकर में सड़क जाम, राहगीर परेशान

**संवाददाता। रांची**



ओल्ड एचबी रोड स्थित चड्डा पेट्रोल पंप पर हर दिन सुबह 7 बजे से सीएनजी ऑटो वाले अपनी बारी के इंतजार में लंबी कतारबद्ध लाइन तो नहीं ही कहेंगे. चूंकि सभी ऑटो वाले जल्द अपने गैस भराने के चक्कर में आधी सड़क पर कब्जा जमा कर जाम लगाये रखते हैं. इसका एक दूसरा कारण यह भी है कि ऑटो सड़क पर उल्टी दिशा से गैस भराने के लिए सड़क पर लगी रहती है, जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होते रहती है.

इधर, चुटिया निवासी अनूप लाल जो पेशे से एक सीएनजी ऑटो ड्राइवर हैं. उन्होंने बताया कि गैस खत्म हो जाने के बाद ही जाम लगता है नहीं तो तुरंत यह भीड़ हट जायेगी. उन्होंने इसका कारण पेट्रोल पंप में गैस का खत्म होना बताया. उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप में गैस खत्म होने के आधा घंटा के बाद ही गैस भरा जा सकता है और अगर बिजली नहीं रही तो यह ऑटो में गैस भराने का समय और जाम दोनों से निजात नहीं मिल सकती. दूसरी तरफ चड्डा पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने इस बात से इंकार किया कि आधा घंटा नहीं रुकना पड़ता है गैस खत्म होने के बाद तुरंत ऑटो में गैस दिया जाता दिया जाता है. परंतु भीड़ अधिक रहने की स्थिति में ऐसा कभी-कभार हो जाता है. पेट्रोल पंप के समीप के दूकानदारों का कहना है कि आये दिन आॅटो वालों से झड़प होते रहती है. उनलोग गैस भराने के कारण दूकान के आगे ऑटो लगा देते हैं और बोलने पर सभी ऑटो वाले गोलबंद होकर दुकानदारों को मारपीट और गाली-गालौज करने लगते हैं.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** ऋष्टा भाव मे चंद्रमा केतु सूर्य है. खर्च सोच विचार कर करें. कुछ पुराण रोग में वृद्धि होगी. कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके काम मनोनुकूल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है.

**वृष** शिक्षा में बाधा उत्पन्न हो सकता है. गलत दोस्त से बचें साथ ही दुष्ट व्यक्ति से सावधान रहें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. शारीरिक हानि की आशंका है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मिथुन** माता को कष्ट हो सकता है. किया गया कार्य लाभ देगा और स्थिति अनुकूल होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुभय रहेगा. धनहानि हो सकती है. भावना पर नियंत्रण रखें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. कोई छोटा निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** दिन बहुत ही अच्छा है. अपनों के सहयोग से कार्य बनेगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में चैन रहेगा. किसी पुरानी बीमारी से परेशानी हो सकती है. नए मित्र बनेंगे. विवेक का प्रयोग करें. कार्य का लाभ में वृद्धि होगी.

**सिंह** किसी धार्मिक या पूजा में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है. समाज से जुड़े व्यक्ति को विशेष लाभ होगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. कम प्रयास से अधिक धनार्जन होगा.

**कन्या** समय बहुत ही उत्तम है. कार्य को लेकर मानसिक संतुष्टि मिलेगी. विवाद को बढ़ावा न दें. कार्य को लेकर दौड़-धूप अधिक रहेगी. लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते हैं. आय में निश्चितता रहेगी. किसी अनजान कार्य में जोखिम न लें.

**तुला** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी. समाज परिवार में मान-सम्मान मिलेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी. भोलेनाथ के मंदिर में श्रृंगार का सामान दान करें.

**वृश्चिक** व्यापार से लाभ का योग है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है. व्यय होगा. शुभ समाचार प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल बनेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. संतान पक्ष की चिंता रहेगी.

**धनु** थकान व कमजोरी रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है. व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है. लाभ होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य की अनुकूलता बनी रहेगी. अन्न का दान करें.

**मकर** कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी व्यक्ति से कहा-सुनी हो सकती है. अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा. कार्य नहीं बनने से मानसिक रूप से चिंता व तनाव रहेंगे. आय बनी रहेगी.

**कुंभ** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें. तनाव रह सकता है. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता रहेंगे.

**मीन** गलत कार्य से बचें. जीवनसाथी के साथ कही घूमने का योग बन सकता है. कोई बड़ा कार्य में तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होने के योग हैं. मित्रों व रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे. अन्न दान करें.

### रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में हुआ शुभारंभ, 10 अक्टूबर तक चलेगा टूर्नामेंट

# 14वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप का रंगारंग आगाज

**खेल संवाददाता। रांची**

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में 14 वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप का रांची में आगाज हुआ. 30 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि खेल निदेशक संदीप कुमार, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, उपनिदेशक खेल विभाग राजकिशोर खाखा, साई के हाई परफोर्मेंस निदेशक पियूष दुबे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा गुब्बारा उड़ाकर किया. प्रतियोगिता का आयोजन हॉकी इंडिया, हॉकी झारखंड और झारखंड खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है. प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 25 राज्य की टीम भाग ले रही हैं. सोमवार को उद्घाटन मैच झारखंड और राजस्थान के बीच खेला गया. जिसमे झारखंड की टीम ने एकतरफा मुकाबला में 21- 0 से जीत दर्ज की. इस मैच झारखंड की स्वीटी डुंगडुंग को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. इसके अलावा खेले गए मैच में हॉकी पंजाब को जम्मू कश्मीर से वाक ओवर मिला, जबकि उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 9-0 से ,चंडीगढ़ ने अरुणाचल प्रदेश को 3-0से तथा महाराष्ट्र ने दादर नगर हवेली एंड अंडमान निकोबार को 8-0 से मात देकर पूरे अंक अर्जित किए. उद्घाटन कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सावित्री पूर्ति, कांति बा, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, सीईओ रजनीश कुमार, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी, हॉकी खूंटी के सचिव दसरथ महतो, हॉकी हजारीबाग के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, रणधीर कुमार, नवल टाटा हॉकी अकादमी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

**खास बातें**

- प्रतियोगिता में 25 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं
- उद्घाटन मैच में झारखंड ने राजस्थान को 21-0 से हराया



### दुमका में आयोजित परिवर्तन सभा में पहुंचे भाजपा के दिग्गज नेता

# रोजगार, विकास, बदलाव के लिए भाजपा सरकार जरूरीः मोहन यादव

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव झारखंड की जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की गठबंधन सरकार ने झारखंड को लोगों के साथ अन्याय किया है. हेमंत सरकार जितना झूठ बोल सकती थी, उतना झूठ बोलकर आगे बढ़ती गई. वे सोमवार को दुमका में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि यहां की महिलाओं, मजदूरों और युवाओं में मेहनत और लगन की अपार क्षमता है, लेकिन झारखंड आज अपने नंबर वन स्थान को खोकर सबसे नीचे आ गया है, और इसका कारण हेमंत सरकार की नाकामी है.

**इस सरकार को बदल कर रहना है :** अब इस सरकार को न सहना है और न कुछ कहना है, बस इसे बदलकर रहना है. हालांकि, यह बदलाव आसान नहीं होगा. राज्य में जेएमएम-कांग्रेस की सरकार ने लूट मचा रखी है. यह सरकार केवल चुनाव जीतने के लिए वोट मांगती है और जनता से झूठ बोलती है. हेमंत सोरेन की सरकार में लाखों-करोड़ों का घोटाला हुआ है. हेमंत सोरेन जी, अब कोई आपको कुछ कहे या न कहे, लेकिन बदलाव होकर रहेगा. जिसने घपला किया है, उसे जेल जाना पड़ेगा. हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड की जनता की भावनाओं को आहत किया है और इसके लिए जनता गठबंधन सरकार को कभी माफ नहीं करेगी. हेमंत सरकार के दौरान 300 करोड़ का भूमि घोटाला और 100 करोड़ का खनिज घोटाला हुआ.

**बारिश में भी मतदाताओं को नहीं कम हुआ विश्वास :** पूरी यात्रा के दौरान बारिश होती रही, फिर भी हमारे मतदाताओं का विश्वास कम नहीं हुआ. भाजपा हर कार्यकर्ता का ध्यान रखती है, और अगर मुझ जैसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला, तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बदौलत मिला. हेमंत सरकार ने जल, जंगल, और जमीन को लूटने का काम किया है. पेशा कानून के जरिए जल, जंगल, जमीन पर कब्जा किया जा रहा है. आज झारखंड में बेईमानों की टोली इकट्ठी हो गई है.

**घट रही आदिवासियों की संख्या :** बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर हेमंत सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा, "झारखंड में लगातार खतरा बढ़ रहा है. बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों की संख्या बढ़ रही है, जबकि आदिवासियों की संख्या घट रही है. ऐसे में, आने वाले समय में हम एक-एक घर जाकर अपना वोट और संकल्प सुनाएंगे.

**अयोध्या में मुस्कुरा रहे भगवान राम :** अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण पर उन्होंने कहा, आज के बदलते दौर में अयोध्या में भगवान श्री राम मुस्कुरा रहे हैं. जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी भगवान राम का सम्मान नहीं करते. उन्होंने जनता से अपील की, इस बार झारखंड में रोजगार, विकास और बदलाव के लिए संकल्प लेना ज़रूरी है कि हम किसी भी हालत में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को बदलकर रहेंगे.





दुमका में आयोजित सभा में बोलते मोहन यादव. मंच पर बैठे बाबूलाल रांडी, अर्जुन मुंडा व अन्य.

### राज्य में बढ़ रहा महिला अत्याचारः मुंडा

दुमका में आयोजित भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज के समापन समारोह में हम संकल्प लेते हैं कि इस राज्य में व्याप्त कुशासन, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, और राज्य की जनता के साथ हो रही धोखाधड़ी को समाप्त करना है. यह परिवर्तन यात्रा इसी उद्देश्य से है. आज राज्य में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं. संथाल की धरती पर आदिवासी बेटी रुपा तिर्की की हत्या हो जाती है. राज्य में लोगों के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है. बांग्लादेशी घुसपैठ बढ़ रही है.

### चुनाव नजदीक तो चारा डाला जा रहा : मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका में आयोजित परिवर्तन सभा में कहा कि चुनाव बहुत करीब है. झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार हर दिन नई-नई घोषणाएं कर रही है, लेकिन पिछले पांच वर्षों में उन्होंने क्या किया, यह सबको पता है. राज्य की जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार पिछले पांच वर्षों में सिर्फ कमाई और जनता को लूटने में लगी रही. अब राज्य सरकार योजनाओं की सौगात दे रही है. जो जमीन उन्होंने लूटी थी, उसी का पैसा बांटा जा रहा है. हेमंत सोरेन आज हर जगह घूम रहे हैं.

### पिछले 4 वर्षों से चल रही कठपुतली की सरकार

# एक ही जान हैं ओडिशा और झारखंड : मोहन चरण मांझी

- झारखंड खेतिहरों किसानों की न्यूनतम मासिक आय देश में सबसे कम
- उड़िया भाषा की उपेक्षा झारखंड में एक षड्यंत्र
- उड़िया शिक्षकों का मानदेय 3 से 6 हजार रुपये किया जाएगा
- आदिवासी, मूलवासी साथ मिलकर भाजपा की सरकार बनाएंगे



**प्रमुख संवाददाता। रांची**

ओडिशा के सीएम मोहन चरण मांझी ने कोल्हान प्रमंडल के जगरनाथपुर में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि ओडिशा और झारखंड दो अलग राज्य होते हुए भी एक जान के जैसे हैं. अखंड राज्य में कभी ये दोनों राज्य एक हुआ करते थे. हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों से झारखंड में कठपुतली की सरकार चल रही है. आशा है कि मां दुर्गा आने वाले चुनाव में इनका खात्मा अवश्य करेंगी. झारखंड में खेतिहरों किसानों की न्यूनतम मासिक आय मात्र 4,400 रुपये है, यह देश में सबसे कम है. इसके लिए राज्य की हेमंत सरकार जिम्मेदार है, इसलिए झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना जरूरी है.

**उड़िया भाषी लोग दोयम दर्जे की हालत :** झारखंड में उड़िया भाषा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में उड़िया भाषी लोग दोयम दर्जे की हालत में हैं. इनको ऊपर उठाने का दायित्व हेमंत सरकार की है, लेकिन झारखंड में उड़िया भाषा उपेक्षित है. हेमंत सरकार यहां शिक्षकों की बहाली न कर उड़िया भाषा को विलुप्त करने का प्रयास कर रही है.

### उड़िया शिक्षकों के मानदेय में की जाएगी वृद्धि

झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर राज्य की 136 स्कूलों में उड़िया शिक्षकों का निवेदन को स्वीकार करते हुए उनका मानदेय वृद्धि करते हुए 3 से 6 हजार किया जाएगा, शिक्षकों का बकाया पैसा भी दिया जाएगा. यहां के उड़िया छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक भी दिया जाएगा, स्कूल भवन भी बनाये जाएंगे. उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलवासी सभी को एकसाथ मिल कर भाजपा की सरकार लानी होगी. उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी तो महिलाओं के खाते में आयो गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये दिए जाएंगे.

## दुर्गा पूजा में डीजे तो बजेगा और खूब बजेगा : भानू प्रताप शाही

**रांची।** भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने सीएम हेमंत सोरेन को चुनौती दे डाली है. उन्होंने सोशल मीडिया में पोस्ट के साथ वीडियो जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत जी दुर्गा पूजा में डीजे तो बजेगा और खूब बजेगा यह मेरा खुला ऐलान है. पोस्ट किए गए वीडियो में भानू कह रहे हैं कि मुहर्रम के दौरान डीजे बजाने पर जब रोक नहीं लगी तो दुर्गा पूजा के दौरान डीजे पर रोक क्यों? भानू ने सीएम को संबोधित करते हुए कहा कि कान खोल कर सुन लो, हम हिंदू परिवार की ओर से घोषणा करते हैं कि इस बार दुर्गा पूजा में डीजे बजेगा. दुनिया की कोई ताकत इसे रोक नहीं सकता.

## एनटीपीसी ने 350 छात्र-छात्राओं के बीच छाते और बैग वितरण किया



**केरेडारी (हजारीबाग)।** एनटीपीसी के चट्टी बारियातु कोल खनन परियोजना के द्वारा सोमवार को मध्य विद्यालय पेटो के 350 छात्र-छात्रओं के बीच छाता और बैग का वितरण किया गया. इस मौके पर कंपनी के पदाधिकारी ने बताया कि बारिश के मौसम में विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी होती है. वहीं चिलचिलाती धूप में बच्चों को पसीना-पसीना होकर आना-जाना पड़ता है. विद्यार्थियों को पढ़ाई में मदद करने और बारिश से बचाने के लिए छाता और बैग का वितरण किया गया. मौके पर पेटो पंचायत के पंसस अरविंद साव, मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साव, प्रधानाध्यापक रामेश्वर राम, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोहर साव, रामेश्वर साहू, शिक्षक राजेंद्र प्रसाद साव, बीरेंद्र प्रसाद, परमेश्वर महतो, सरफुल होदा अंसारी, संजय कुमार साव, त्रिभुवन राम, अशोक कुमार, महेश प्रसाद साव, उषा कुमारी, वीणा कुमारी, अस्मत आरा के अलावा कोल माइंस के कर्मचारी, अभिभावकों एवं सैकड़ों बच्चों उपस्थित थे.

## धर्मांतरण के खिलाफ आर्य समाज चलाएगा बड़ा अभियान

- डायन बिसाही, अंधविश्वास के खिलाफ भी चलेगा अभियान
- प्रांत स्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय, पांच प्रस्ताव पारित

**रांची/हजारीबाग।** आने वाले दिनों में धर्मांतरण, डायन बिसाही, भूत, चंगाई सभा जैसे अंधविश्वास और आडंबर के खिलाफ आर्य समाज झारखंड में विशेष अभियान चलाएगी. यह निर्णय रांची में आयोजित प्रांत की बैठक में आर्य सभा ने लिया. बैठक में नए प्रधान आचार्य कौटिल्य के नेतृत्व में बकायदा पांच प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया. तय किया गया है कि झारखंड के वे जिले जहां पर भूत-प्रेत ,जादू-टोना, डायन बिसाही जैसे आडंबर अंधविश्वास को बढ़ावा देकर लोगों को मतांतरण कराया जा रहा है.

उन्हें दूर दूर करने के लिए अधिक से अधिक आर्य समाज की स्थापना एवं वेदों का प्रचार प्रसार किया जाएगा. वहीं, धर्मांतरण को रोकने तथा मतांतरित हो चुके लोगों की घर वापसी के लिए शुद्धि आंदोलन चलाया जाएगा. युवा पीढ़ी को ध्यान योग का प्रशिक्षण देकर नशा मुक्त तथा आत्मबल के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा. ज्ञात हो कि राज्य के कई हिस्सों विशेष कर हजारीबाग जिले में मतांतरण और चंगाई सभा की खबरें आती रहती हैं. इसके खिलाफ कई सामाजिक संगठनों द्वारा अभियान भी चलाया जाता है.

### छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल का भाजपा पर तंज, कहा-

# 'पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से'

**संवाददाता। रांची**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में जहर घोलने का काम कर रही है. चुनाव के समय में केंद्र से तमाम बड़े नेता झारखंड आ रहे हैं, जिनका मकसद सिर्फ हिन्दू-मुसलमान करना है. भाजपा अपने किये हुए कामों पर वोट नहीं मांगती. बघेल राजधानी रांची के लालगुटवा बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे.

**चार गुजराती चला रहे देश, इनसे देश को बचाना है :** छत्तीगढ़ के पूर्व सीएम ने कहा कि देश को चार गुजराती चला रहे हैं. इनमें दो देश को बेचनेवाले और दो खरीदने वाले हैं. इनसे देश को बचाना है. उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि हम चोरों से डरनेवाले नहीं हैं, पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से. बघेल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनकल्याण की बात करती है. लड़ाई विचारधारा की है, भाजपा के बहकावे में नहीं आना है. ये लोग सरकारी संपत्तियों को बेचने का काम कर रहे हैं.

### दी सलाह - पार्टी की छवि नहीं बिगाड़ें



भूपेश बघेल ने झारखंड कांग्रेस को भी सलाह दी. उन्होंने कहा कि टिकट को लेकर पार्टी की छवि को बिगाड़ने का काम नहीं करें. टिकट बंटवारे में सहूलियत बरतें. टांग खींचने का काम नहीं करें. भाजपा को काउंटर करने के लिये तैयार रहें. उन्होंने कांग्रेस नेता व कार्यर्ताओं से कहा कि भाजपा समाज में जहर घोलने का काम करती है, समाज को बांटने का काम कर रही है. इसलिए आपको मजबूती के साथ डट के खड़ा रहना है. लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया. वहीं, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड के विधानसभा चुनाव में भाजपा हार रही है.

## पेज एक का शेष

### हजारीबाग से कल जनजातीय ...

**चौथी महत्वपूर्ण योजना हो रही झारखंड से लागू :** यह चौथी बार है, जब वह झारखंड की धरती से महत्वपूर्ण केंद्रीय योजना की लॉन्चिंग करेंगे. इसके पहले 2018 में आयुष्मान योजना, 2019 में किसान मानधन योजना, खुदरा व्यापार एवं स्वरोजगार पेंशन योजना एवं एकलव्य मॉडल स्कूल और 2023 के नवंबर में विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं पीएम जन मन योजना की शुरुआत भी उन्होंने झारखंड की धरती से की थी.

**क्या है जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान :** प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की योजना देश के आदिवासी बहुल गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और जनजातीय आबादी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्यों पर केंद्रित है. इस योजना को केंद्रीय मंत्रिपरिषद ने 18 सितंबर को मंजूरी दी थी. प्रारंभिक तौर पर इस अभियान के लिए 79 हजार 156 करोड़ रुपए की राशि का प्रस्ताव किया गया है. यह योजना 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों के 2,740 ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले करीब 63,000 आदिवासी बहुल गांवों को कवर करेगी और और 5 करोड़ से अधिक जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी. इस अभियान के तहत आदिवासी गांवों में 20 लाख आवास, 25 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण, हर घर को स्वच्छ पेयजल, गैस और बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य है. इसके अलावा 100 आदिवासी मार्केट सेंटर, आश्रम एवं स्कूल, चलित स्वास्थ्य केंद्र, कौशल विकास केंद्र की स्थापना की जानी है. इस अभियान के तहत जनजातीय समूहों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, बागवानी को प्रोत्साहित करना और जनजातीय संस्कृति, विरासत एवं परंपराओं को संरक्षित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

### भगवान को राजनीति...

**सॉलिसिटर जनरल ने कहा , यह आस्था का मामला :** सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह आस्था का मामला है. अगर मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया है तो यह अस्वीकार्य है. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू द्वारा लगाये गये आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गुहार लगाई गयी है. दावा किया गया है कि तिरुपति मंदिर में लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल किया गया.

**तो प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी :** तिरुपति मंदिर बोर्ड की तरफ से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ और आंध्र प्रदेश राज्य की तरफ से सीनियर एडवोकेट अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील रखी. सुनवाई के क्रम में जस्टिस बीआर गवई ने आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी के सवाल पर कहा, जब आप संवैधानिक पद पर होते हैं, तो आपसे यह उम्मीद की जाती है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जायेगा. इस क्रम में रोहतगी से कोर्ट ने पूछा कि आपने एसआईटी जांच का आदेश दिया, तो नतीजा आने तक प्रेस में जाने की क्या जरूरत है?

### देश के बड़े-बड़े व्यापारी मंडराने...

**श्रम विभाग के माध्यम से राज्य में खुलेंगे श्रम आवासीय स्कूल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के नौजवानों की मार्ग प्रशस्त करने के हेतु निरंतर कार्य कर रही है. राज्य के युवा पीढ़ी कैसे मजबूत हो, इसके प्रति सरकार प्रतिबद्ध है. अब हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि श्रम विभाग के माध्यम से राज्य के सभी जिला में श्रम स्कूल खोला जाएगा. राज्य के सभी जिलों में गरीब व मजदूर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी.

**शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में ध्यान केंद्रित कर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है कि किस प्रकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ सके. इसी के मद्देनज़र हमने प्रदेश के सभी जिलों में उत्कृष्ट विद्यालय खोले. ताकि राज्य के गरीब, मजदूर व किसान के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो.झारखंड के नौजवानों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के बहुत से नौजवानों ने निजी क्षेत्र की कंपनियों में 20 से 25 हजार रुपए की सैलरी से काम करना शुरू किया था,

**गुड न्यूज** 3.50 लाख सरकारी कर्मी और पेंशनधारियों के लिए खुशखबरी

# झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी-टाटा एआईजी के बीच एमओयू

- कार्यरत कर्मियों के साथ रिटायर्ड कर्मियों को भी मिलेगा बीमा का लाभ

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य में कार्यरत 3.50 लाख सरकारी कर्मी और पेंशनधारियों को अब स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा. सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी और टाटा एआईजी जेनरल इंश्योरेंस कंपनी के बीच एमओयू हुआ. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस योजना को हेमंत सरकार ने अमलीजामा पहनाया है.



**किन्हें मिलेगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ :** स्वास्थ्य बीमा का लाभ राज्य सरकार के कर्मियों के साथ सेवानिवृत कर्मी, विश्वविद्यालय और कॉलेज के कर्मी को भी इसका लाभ मिलेगा.

**200 करोड़ रुपये की स्वीकृति :** सरकारी कर्मियों और पेंशनधारियों के स्वास्थ्य बीमा के लिए राज्य सरकार ने 200 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है. यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य योजना के तहत दी गई है. इस राशि से राज्य के अंदर एवं बाहर के अस्पताल,सरकारी कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना कार्ड निर्गत करने, अस्पतालों को ससमय भुगतान करने, सुगम चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ योजना के सफल संचालन का काम किया जाएगा. स्वास्थ्य बीमा के तहत सरकारी कर्मियों और पेंशनधारियों को पांच लाख रुपए का मुफ्त इलाज होगा. इसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत चिन्हित किए गए अस्पताल भी शामिल होंगे. स्वास्थ्य बीमा योजना लागू होने सरकारी कर्मियों को 1000 रुपये की जगह 500 रुपये चिकित्सा भत्ता मिलेगा. इस हिसाब कर्मियों को सालाना 12 हजार रुपये की जगह 6000 रुपये ही चिकित्सा भत्ता मिलेगा

### 10 साल बाद रास्ता हुआ साफ

राज्य के कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने में 10 साल से अधिक का वक्त लग गया. 2014 में कार्यरत कर्मियों और पेंशनधारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने की पहल की गई थी. इसका संकल्प 25 अक्तूबर 2014 को जारी किया गया. फिर संशोधन के साथ 31 जुलाई 2023 को दूसरा संकल्प जारी किया गया था.

## जनता झामुमो के झांसे में नहीं आएगी : डॉ मंडल

**रांची।** पूर्व सांसद व झारखंड स्वशासी परिषद (जैक) के पूर्व उपाध्यक्ष एवं झारखंड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ सूरज मंडल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का झूठ और छल-कपट अब पूरी तरह से बेनकाब हो गया है और 2024 के विधानसभा चुनाव में आम जनता सबक सिखायेगी. उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के तत्काल बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जिस अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण की सीमा को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था, उसे झारखंड मुक्ति मोर्चा सत्ता में लौटते ही पुनः 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर देगी. उन्होंने कहा कि झारखंड की आम जनता अब झामुमो के झांसे में आनेवाली नहीं है और न ही कांग्रेस पार्टी पर ही आम लोगों का भरोसा है.

# युद्ध समस्या का निदान नहीं

एशिया में युद्ध की लपटें तेजी से फैल रही हैं. दुनिया की बड़ी ताकतें और संयुक्त राष्ट्र संघ पश्चिम एशिया में शांति की पहल करने में विफल साबित हो रहे हैं. हालात तेजी से एक ऐसे युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं कि पश्चिम एशिया के ज्यादातर देशों को युद्ध अपनी जद में ले सकता है.अब युद्ध केवल इजरायल और हमास के बीच नहीं है. इजरायल ने लेबनान और सीरिया में लक्षित हमले किए हैं, जिसमें हिजबुल्लाह के कमांडर नसररूल्लाह मारे गए. हिजबुल्ला ने उनका उत्तराधिकारी चुन लिया है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि अब युद्ध ज्यादा क्षेत्रों में फेलने जा रहा है. लेबनान पर जिस तरह के हमले इजराइल ने किए हैं, उससे जाहिर है युद्ध में ईरान को उतरने के लिए ललकारा जा रहा है. पश्चिम एशिया में हालात की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ अमेरिका को तुरंत दखल देने की जरूरत है. अमेरिका की दखल के बगैर यह संभव नहीं है कि पश्चिम एशिया को इन हालात से बाहर निकाला जा सके. एक बड़े युद्ध से बचने की जरूरत है. रूस और यूक्रेन के बीच पहले से जारी युद्ध ने यूरोप के आर्थिक हालात को कमजोर किया है. ब्रिक्स देशों भारत, चीन, ब्राजील को भी एक बड़ी भूमिका निभाने की जरूरत है, ताकि तीसरे विश्वयुद्ध की संभावना को जड़ से ही समाप्त किया जा सके. पश्चिम एशिया पिछले कुछ समय से पूरी तरह सुलग रहा है. हमने देखा है कि सीरिया और इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया ने सीरिया और इराक में अमेरिकी सेना पर कुछ समय पहले हमला किया था. यमन के ईरान समर्थित विद्रोही हुथी ने लाल सागर को युद्ध के मैदान में बदल दिया है. यह अब क्षेत्रीय अराजकता का उदाहरण बन गया है, जहां देश अपनी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एकतरफा सैन्य उपाय कर रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संप्रभुता के विचार, जो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का आधार है, को ताक पर रख रहे हैं, जिससे एक व्यापक युद्ध का खतरा पैदा हो रहा है. इराक शांत हो गया था, खाड़ी अरब और ईरान एक समझौते पर पहुँच गए थे और यमन में युद्ध विराम हो गया था. हालाँकि, इनमें से अधिकांश परिवर्तनों ने क्षेत्र के सबसे पुराने संकट को नजरअंदाज कर दिया - इजरायल का फिलिस्तीनी क्षेत्रों पर लगातार कब्ज़ा. 7 अक्टूबर के हमास हमले और उसके बाद गाजा में इजरायल के प्रतिशोधी हमले ने न केवल फिलिस्तीन को पश्चिम एशिया के केंद्र में वापस ला दिया है, बल्कि 1967 के बाद से इस क्षेत्र में शायद सबसे गहरे सुरक्षा संकट को जन्म देते हुए आग भी लगा दी है. गाजा में अब तक पचास हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जिसमें औरतें और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हैं. इजराइल को युद्ध विराम के लिए अमेरिका सहित संयुक्त राष्ट्र संघ तैयार नहीं कर सका. जिस तरह के युद्ध अपराध 21वीं सदी में हो रहे हैं, उससे मानवता शर्मसार हो रही है. दुनिया को तय करना है कि युद्ध किसी समस्या का निदान नहीं है.

> रूस और यूक्रेन के बीच पहले से जारी युद्ध ने यूरोप के आर्थिक हालात को कमजोर किया है. ब्रिक्स देशों भारत, चीन, ब्राजील को भी एक बड़ी भूमिका निभाने की जरूरत है, ताकि तीसरे विश्वयुद्ध की संभावना को जड़ से ही समाप्त किया जा सके.

## सुभाषित

**गुणवान् वा परजनः स्वजनो निर्गुणोपि वा।**
**निर्गुणः स्वजनः श्रेयान् यः परः पर एव च।।**


दुश्मन अगर गुणवान भी हो और दोस्त अगर गुणहीन भी हो, तो भी दोस्त ही अच्छा होता है, क्योंकि दुश्मन चाहे जितना भी गुणवान क्यों न हो, अंततः हानि ही पहुंचाता है. वहीं दोस्त अगर गुणहीन भी है तो उसका साथ लाभकारी ही होता है.

# सखा धरम निभहहिं केहिं भांती

**आज अधिक से अधिकतम भोग अर्थात अनंत इच्छाओं, लिप्साओं की सहज पूर्ति के लिए कुछ भी करना, कैसे भी करना जीवन दर्शन हो गया है. ऐसा नहीं कि ये लिप्सायें अर्थात अधिकतम धनार्जन और उसके बहुआयामी भोग की सोच एवं उसका बलवती होना कोई नई बातें हों, एकाएक उभर आई हों, पर उसका स्वरूप इतना बीभत्स कभी नहीं था. सत और असत प्रवृत्ति प्रकृतियां कमोबेश सदा रहीं हैं.**



• देश-काल



अयोध्यानाथ मिश्र

तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम के महाप्रसादम लड्डू की कथित चर्चित घटना ने पूरे देश के जन-मन को झकझोर कर रख दिया. आखिर हम जा कहां रहे हैं? बात धार्मिक हो, सामाजिक हो या राष्ट्रीय जीवन से संबंधित अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता है. व्यक्ति, समाज और राष्ट्र ये सभी अविभाज्य हैं. इनके बीच के विविध आयाम समग्र समन्वय के कारक हैं. धर्म भी उनमें एक है (धर्म से यहां मेरा आशय किसी पूजा पद्धति या संप्रदाय से नहीं है, अपितु मनुष्य के उस शाश्वत पावन कर्म अर्थात धर्म से है, जिसे 'धृति क्षमा दमो अस्तेयं .....दशकं धर्मस्य लक्षणम्' कहा गया है). हमने बचपन से यही पढ़ा है, गुरुजनों ने यही सिखाया है और किंचित 'नाना पुराण निगमागम सम्मतम यद' की भाव भूमि यही रही है. भारत के चिंतन में जीयो और जीने दो (लीव एंड लेट लिव), सहना भवतु, सभी को अपने परिवेश में अपने जीवन पद्धति के अनुरूप जीने देने का सह अस्तित्व ही श्रेष्ठ चिंतन, धर्म और विचार रहा है. आज ये घटनाएं एक आकस्मिकी नहीं हैं, विचार, दर्शन, सोच और लिप्सा का आउटकम हैं, जिसे हम चारों ओर देख रहे हैं. आज अधिक से अधिकतम भोग अर्थात अनंत इच्छाओं, लिप्साओं की सहज पूर्ति के लिए कुछ भी करना, कैसे भी करना जीवन दर्शन हो गया है. ऐसा नहीं कि ये लिप्सायें अर्थात अधिकतम धनार्जन और उसके बहुआयामी भोग की सोच एवं उसका बलवती होना कोई नई बातें हों, एकाएक उभर आई हों, पर उसका स्वरूप इतना बीभत्स कभी नहीं था. सत और असत प्रवृत्ति प्रकृतियां कमोबेश सदा रहीं हैं. सतयुग में भी सीता का हरण हुआ था, पर राक्षस रावण ने उन्हें अशोक वाटिका में रखा और विभीषण पुत्री त्रिजटा को उनकी सुरक्षा, निगरानी की जिम्मेवारी दी.

कवि ने कहा 'चौराहे पर लुटती चीर' अर्थात कहीं भी मर्यादाएं सुरक्षित नहीं हैं, मूल्य मानक अक्षुण्ण नहीं है! मर्यादा चाहे मनुष्य की हो, प्रकृति की हो, प्रवृत्तियों की हो, या संस्कार की हो सब असुरक्षित हैं, सबको चौराहे से भय है. केवल धन, चरित्र ही नहीं लुट रहा यहां तो भविष्य लुटेरों के गिरफ्त में सांसे गिन रहा है. भविष्य चाहे व्यक्ति का हो, समाज या राष्ट्र का हो, कौन सी दिशा में तेजी से छलांग लग रहा है, घट रहीं घटनाएं सबका संकेत दे रही हैं. सबके केंद्र में एक अदद नागरिक लोभ लाभ की मृगतृष्णा में सर्वस्व गंवा रहा है. ऐसा लगता है सभी ओर भीषण वैचारिक नैतिक युद्ध का मंजर हो.

कुछ देश वर्षों से लड़ रहे हैं, उनकी जिजीविषा अन्तहीन लगतीं है. यह वैश्विक चिंता का विषय पता नहीं क्यों नहीं बन पा रहा है, यह परम चिंता का विषय है. पर वह अघोषित युद्ध जो एक आदमी अहर्निश झेल रहा है, उससे निजात कैसे मिले? वैश्विक सार्वदेशिक प्रदूषण, पल-पल बदलती प्रकृति, लूट खसोट, हत्या, बलात्कार ,शोषण के अभिनव आयाम, मिलावट कालाबाजारी, संपत्ति की तृष्णा में अंध लोलुपता और सबसे बढ़कर मानवीय संवेदनाओं का स्वार्थ-सागर में तिरोहण भविष्य का कौन सा संकेत दे रहे हैं? सब कुछ बाजारवाद में तेजी से विलीन हो रहा है और हम तथा हमारे नियामक टुकुर-टुकुर देख रहे हैं या उसमें ईंधन डाल रहे हैं. मैं इस धनाभियान में उनकी सहभागिता की बातें नहीं करता, पर चल तो रहा है! किसी विचारक ने कहा होगा 'वेल्थ इस गौन नथिंग इज गौन, हेल्थ इज गौन समथिंग इज गौन, बट करैक्टर इज गौन एवरीथिंग इज गौन'! होगा कभी यह मानक, पर अब तो जल थल नभ सबका चरित्र कहां जा रहा है, यह चिंता का विषय है! सवाल उठता है हमारा व्यक्तिगत सामाजिक और सर्वोपरि राष्ट्रीय चरित्र एवं संव्यवहार को क्या हो गया है कि आस्था के शीर्ष केन्द्रों से भी आस्था के मानक डगमगा रहे हैं. आदमी को कितना चाहिए, है कोई मापदंड इसका? यहां तो निरोधक संस्थाओं के छापों में लाखों-करोडों ही नहीं अरबों मिलते हैं. दुर्भाग्यवश सारे प्रश्न घूम फिर कर आदमी की लिप्सा, पैसा, सत्ता, भोग की ओर आ जाते हैं. आज राजनेता भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाते हैं बड़े-बड़े पदाधिकारी जनहित की योजनाओं को धत्ता बताते कितनी दूर निकल जाते हैं, पता नहीं! शायद ही कोई दफ्तर होगा, जहां भ्रष्टाचार के कीड़े कुल बुलाते नहीं हों, उससे उपजी कट मनी का साम्राज्य व्यापक न हो रहा हो. योजनाएं एक तो वर्धित प्राक्कलन के साथ जमीन पर आती हैं, ऊपर से इतनी कमीशन खोरी (वह भी बंधा हुआ) कि वे सुरसा मुंह को लजाती हैं. कहां-कहां नहीं ईमानदारी के साथ बंटती है यह कट मनी, कमिशन. बाजार स्वतंत्र हैं, शायद कुछ भी ऐसा नहीं जहां मिलावट रंगत नहीं पहुंची हो और वह भी जानलेवा. खाद्य सामग्री हो या जीवन रक्षक दवाइयां सब के बारे में शिकायतें आम हैं. कोई है जो इन पर नियंत्रण करें! संभव है, विभाग होंगे पदाधिकारी या तंत्र भी होगा पर जमीन पर तो दिखाई नहीं देता. फल, साग सब्जी भी अब शुद्ध स्वच्छ निरापद कहां मिलते हैं, किसी की मौलिकता अक्षुण्ण नहीं. भिन्न भिन्न केमिकल्स पेस्टिसाइड्स और प्रिजर्वेटिव्स आदि से उनकी गणना भी अखाद्य में होने लगी है. दूध -दही की तो बात ही अलग है, गोधन नहीं पर गोरस गली-गली. पता नहीं इतना घी 'एकदम देशी शत प्रतिशत शुद्ध' कहां से आता है? दवाइयां एवं सहायक सामग्रियों का मत कहिए सब जगह फैंसी प्राइस. गांव देहात और छोटे शहरों में तो यह एमआरपी पर ही धड़ल्ले से बिकते हैं. बाजार गर्म है, असंगठित उपभोक्ता क्या करे? सब ठीक है, ग्रोथ हो रहा है, उत्पादन आसमान पर हैं, सामान इतने सस्ते मिल रहे हैं, दूध-घी की नदी बह रही है, खुदरा महंगाई भी इकाई में नीचे है, इस वित्तीय वर्ष में भी जीडीपी ग्रोथ 7% होगा ही. आम आदमी के हिस्से का अर्थ धर्म काम मोक्ष किन खूंटों में बंधे छटपटा रहे हैं. ऐसे में भाई जी! 'सखा धरम निबहहिं केहिं भांती'. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## जीवन में पूर्णता की खोज

पूर्णता का भाव कैसे जगे? पहली बात, जो भी कार्य हम कर रहे हैं या जो कुछ भी करना है, उसमें हम पूर्णरूप से शामिल हों. अधूरे मन से नहीं. हम इस तरह से पल में डूब जाएं कि उसके बाहर किसी भी चीज का पता नहीं चले. सच्चाई यह है कि जीवन तीव्रता का नाम है. हरेक क्षण दांव पर है. उस पल को हम एक उत्सव बना दें या उत्सव का इंतजार करते करते बीता दे. हमें यह समझना चाहिए कि जो क्षण सम्मुख है, वही अपना है. याद है मां मृत्यु शैय्या पर थीं. आंख और दिमाग के समक्ष सांस का खेल. धड़कन का उतार चढ़ाव. सांस वर्तमान है. वह नहीं तो जीवन बन जाता है अतीत. बुद्ध के एक शिष्य का नाम पूर्णकश्यप था. एक दिन बुद्ध बोले कि पूर्ण अब तुम जाओ. पूर्ण ने कहा कि- भंते ! किधर को जाऊं ? तथागत ने कहा कि इसका चुनाव तुम खुद करो. पूर्ण ने सूखा क्षेत्र जाने का निर्णय किया, जहां दुष्ट और जंगली लोगों का वास था. बुद्ध ने पहले मना कि वे लोग डरायेंगे, सतायेंगे और कदाचित मार ही डालेंगे. पूर्ण ने कहा कि कोई हर्ज नहीं है. तब तथागत बोले कि तुम पूर्ण हो, और जहां पूर्ण है, वहां डर नहीं होता. हमारा आधा अधूरा रहना ही हमारी विशेषता है. लेकिन अस्तित्व का संदेश स्पष्ट है कि प्राणी बेहतर के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे. पूर्णता की खोज करे. इसके लिए सरलता जरूरी है. गिरीश कर्नाड ने एक नाटक लिखी हयवदन. इसमें एक कवि और एक पहलवान में गहरी दोस्ती है. परंतु उन दोनों की प्रेमिका एक ही स्त्री है. इस कारण उनमें प्रतिद्वंद्विता होती है. वे एक दूसरे के खिलाफ लड़ते हैं. लड़ाई के दौरान दोनों का सर कट कर अलग हो जाता है. वह प्रेमिका माता भगवती से प्रार्थना करती है, तो माता कहती है कि वह अपने प्रेमियों के सर को धड़ पर रख दे, तो उनको जीवित किया जा सकता है. स्त्री की दुविधा अजीब है. उसको पहलवान का गठीला बदन पसंद है, लेकिन वह कवि को चाहती है. वह कवि उसके लिए सुंदर गीत रचता है. अतएव काफी सोचने के बाद वह स्त्री कवि का सर पहलवान के धड़ पर और पहलवान का सर कवि के धड़ पर रख देती है. दोनों जीवित हो जाते हैं लेकिन एक नयी समस्या शुरू हो जाती है. अब कवि पहलवान का शरीर पाकर भी कसरत नहीं करता है. और कविता लिखता है. जबकि पहलवान कवि का शरीर पाकर भी कविता नहीं कसरत करता है. कहानी का संदेश है कि संपूर्णता प्राप्त नहीं की जा सकती है.

# चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट के वैश्विक संदेश

• देशांतर

अंजन राय

चीनी अर्थव्यवस्था में लगातार 23 महीनों से अपस्फीति देखी जा रही है- यानी, कीमतें वास्तविक समय में गिर रही हैं. इसने वास्तव में चीनी राजनीतिक आकाओं की चिंताएं बढ़ा दी हैं, जो चीन के केंद्रीय बैंक के कदम में परिलक्षित हुई.केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा देखी गयी अब तक की सबसे बड़ी नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की. चीनी केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के लिए आरक्षित आवश्यकताओं को कम करके अतिरिक्त तरलता की बड़ी खुराक भी जारी की है. इसके अतिरिक्त, घर खरीदारों को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा बंधकों की दरों में कटौती की गयी है. लेकिन इस तरह की फैक्टरी गेटडिफ्लेशन (अपस्फीति) अर्थव्यवस्था में कुछ संरचनात्मक कठोरताओं को दर्शाती है, जिसके बारे में अर्थशास्त्रियों का मानना है कि ब्याज दर में कटौती या तरलता के प्रवाह जैसे केवल मौद्रिक नीति उपकरणों से शायद ही लड़ा जा सकता है. आंकड़े रोजगार के रुझान और संभावनाओं में भी थोड़ा सुधार दिखा रहे हैं. चीनी अर्थव्यवस्था में मौजूदा अस्वस्थता इतनी गहरी और व्यापक है कि इसे केवल कुछ वित्तीय प्रोत्साहनों से संबोधित नहीं किया जा सकता है. वास्तविक अर्थव्यवस्था में कुछ अंतर्निहित कठोरताओं और असंतुलनों को वित्तीय अर्थव्यवस्था में तरलता और ब्याज कटौती की खुराक के साथ संबोधित किया जा रहा है. चीनी अर्थव्यवस्था में तीन बुनियादी समस्याएं थीं. सबसे पहले, चीन हाल ही में क्षमता निर्माण के लिए भारी मात्रा में निवेश के माध्यम से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर निर्भर था. बड़े निवेशों ने विशाल अधिशेष क्षमता का निर्माण किया है, जिसे घरेलू अर्थव्यवस्था शायद ही पूरा कर सके. दूसरा, चीनी नीति निर्माता अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन के लिए आवास उद्योग पर बहुत अधिक निर्भर थे. घर की खरीद और इमारतों ने बड़े शहरों का निर्माण किया, जो अब सबसे ऊंचे शहर दिखते हैं. आवास क्षेत्र में मंदी आ गयी है क्योंकि बड़े संपत्ति डेवलपर दिवालिया हो गये हैं तथा खरीदारों को घर देने में विफल रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने पूरी तरह से भुगतान किया है.

चीनी बचतकर्ताओं का अधिकांश पैसा आवास निवेश में चला गया था, और जमीन-जायदाद का धंधा करने वाली कंपनियों के बंद होने तथा अधूरे और बिना बिके नये घरों के बड़े स्टॉक ने घरों की कीमतों को कम कर दिया है. लोगों की बचत को झटका लगा है और बढ़ते आवास बाजार का धन प्रभाव गायब हो गया है. इसने उपभोक्ता भावनाओं को बुरी तरह प्रभावित किया है.

> चीनी अर्थव्यवस्था में मौजूदा अस्वस्थता इतनी गहरी और व्यापक है कि इसे केवल कुछ वित्तीय प्रोत्साहनों से संबोधित नहीं किया जा सकता है. वास्तविक अर्थव्यवस्था में कुछ अंतर्निहित कठोरताओं और असंतुलनों को वित्तीय अर्थव्यवस्था में तरलता और ब्याज कटौती की खुराक के साथ संबोधित किया जा रहा है. चीनी अर्थव्यवस्था में तीन बुनियादी समस्याएं थीं.

यहां हम चीनी अर्थव्यवस्था में मौजूदा गिरावट के तीसरे कारक पर आते हैं. मूल समस्या यह है कि उपभोक्ता में उत्साह कम है और गिरती कीमतों के साथ, उपभोक्ता नये घर या यहां तक कि महंगे उपभोक्ता टिकाऊ सामान खरीदने जैसी बड़ी खरीद प्रतिबद्धताओं को लेकर आश्वस्त नहीं हैं. पहले के दिनों में चीनी अधिकारियों ने अत्यधिक गर्म बाजार को ठंडा करने के लिए घर खरीदने पर कई प्रतिबंध लगाये थे. अब ये प्रतिबंध उलटे पड़ गये हैं. इसके अलावा, हाल ही में व्यापक नीतिगत बदलाव किये गये थे जब सुरक्षा संबंधी चिंताएं आर्थिक मुद्दों पर हावी हो गई थीं. समग्र नीतिगत ढांचे में इस तरह के बदलाव अब प्रभावी हो रहे हैं और अर्थव्यवस्था नरम पड़ रही है.

प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों पर लगातार नीतिगत उलटफेर और सख्ती, उच्च उड़ान वाले बैंकरों और वित्तीय संस्थानों पर हमले, कॉरपोरेट्स में कम्युनिस्ट पार्टी का भारी हस्तक्षेप, इन सभी ने मिलकर चीनी बाजारों और प्रमुख खिलाड़ियों की भावनाओं को निराश किया है. अब जबकि अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही है, चीनी केंद्रीय बैंक से लेकर प्रतिभूति प्राधिकरण जैसे विभिन्न नीति निकाय आर्थिक गिरावट और मंद होते उपभोक्ता उत्साह से निपटने के लिए कार्रवाई में जुट गये हैं. चीनी केंद्रीय बैंक - पीबीओसी- ने कीमतों में और गिरावट को रोकने और उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करने के लिए मंगलवार को 10 खरब येन (142अरब डॉलर के बराबर) का भारी प्रोत्साहन पेश किया था. प्रोत्साहन पैकेज चीनी छुट्टियों के मौसम के दौरान सामने आया है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# तेजी से फैल रहा साइबर ठगी का धंधा

• अपराध

शैलंद्र चौहान

गत 15 तारीख को हूबहू मेरी आवाज और स्टाइल में एक फोन मेरे नागपुर के पुराने सहकर्मी श्री बी के काबरा के पास आया। जिसमें उसने उनसे कहा कि पूना में मेरे किसी मित्र का एक्सीडेंट हो गया है. मेरे अकाउंट में अभी पैसे नहीं हैं तो आप बीस हजार रुपये एक नंबर पर भेज दीजिए। एक दो दिन में पचास हजार रुपये आपके अकाउंट में आ जायेंगे. अभी बीस हजार एक नंबर दे रहा हूँ उसपर फोन पे कर दीजिए। काबरा जी को संदेह हुआ उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया. लेकिन यह संभव है ठीक मेरी आवाज और स्टाइल में किसी और मित्र के पास फोन आए तो उसे साफ मना कर दें. मेरी आवाज की कॉपी सीभवतः एआई द्वारा की गई होगी. अतः आप लोग भी सावधान रहें. देश में बीते कुछ बरसों के दौरान फाइनेंशियल फ्रॉड के मामलों में तेजी आई है. लोकलसर्किल्स के एक ताजा सर्वे में दावा किया गया है कि बीते 3 साल में 47 फीसदी भारतीयों ने एक या ज्यादा फाइनेंशियल फ्रॉड का सामना किया है. यानी कि देश की आधी आबादी इस वक्त साइबर ठगों की पहुंच में हैं. जो किसी न किसी तरह से लोगों को चूना लगा रहे हैं. इस सर्वे में ये भी कहा गया कि इनमें यूपीआई और क्रेडिट कार्ड से जुड़ी फाइनेंशियल फ्रॉड सबसे आम हैं. आधे से ज्यादा लोगों को क्रेडिट कार्ड पर अनऑथराइज्ड चार्ज लगाए जाने का सामना करना पड़ा है. स्पष्ट है भारत में साइबर अपराध में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. 2024 में मई तक प्रतिदिन औसतन 7,000 से अधिक शिकायतें दर्ज की जा रही हैं. यह जानकारी भारतीय साइबर अपराध समन्वय खमिटी के सीईओ ने दी. उन्होंने बताया कि भारत को निशाना बनाने वाले अधिकांश साइबर धोखेबाज दक्षिण पूर्व एशिया के प्रमुख स्थानों से काम कर रहे हैं. हालांकि भारत में भी सायबर अपराधियों का अच्छा खासा नेटवर्क है जिसमें निम्नमध्यवर्ग और मध्यवर्ग के बेरोजगार युवकों की बहुतायत है. अलबत्ता कुछ लोग जल्दी से जल्दी अधिक पैसा बटोरने की आकांक्षा के कारण इस अपराध का हिस्सा बनते हैं.

पिछले 3 साल में मिले डेटा के आधार पर लोकलसर्किल्स ने कहा है कि 10 में से 6 भारतीय फाइनेंशियल फ्रॉड की सूचना रेगुलेटर्स या लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों को नहीं देते हैं. सर्वे में शामिल लोगों में से 43 फीसदी ने क्रेडिट कार्ड पर फ्रॉड वाले ट्रांजैक्शन की बात कही है. 36 फीसदी ने कहा कि उनके साथ फ्रॉड वाला यूपीआई ट्रांजैक्शन हुआ है. क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के बारे में 53 फीसदी लोगों ने अनऑथराइज्ड चार्ज के बारे में बात की है.

> आधे से ज्यादा लोगों को क्रेडिट कार्ड पर अनऑथराइज्ड चार्ज लगाए जाने का सामना करना पड़ा है. स्पष्ट है भारत में साइबर अपराध में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. 2024 में मई तक प्रतिदिन औसतन 7,000 से अधिक शिकायतें दर्ज की जा रही हैं. यह जानकारी भारतीय साइबर अपराध समन्वय खमिटी के सीईओ ने दी.

वहीं आरबीआइ के डेटा की बात करें तो 2023-24 में फ्रॉड के मामले 166 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 36 हजार से भी ज्यादा रहे हैं. हालांकि इनमें शामिल रकम 2022-23 के मुकाबले के मुकाबले आधी यानी 13 हजार 930 करोड़ रुपए रही है. साइबर फ्रॉड के मामले में समस्या ये है कि ये शातिर हर बार कोई नया तरीका खोज लाते हैं. इसके अलावा कस्टम्स विभाग के नाम पर किए जा रहा पुराना ठगी फॉर्मूला अभी भी जारी है.

दरअसल, बीते कुछ समय में कस्टम विभाग का अधिकारी बनकर ठगने के काफी मामले सामने आए हैं. ये जालसाज कूरियर कर्मचारी या अधिकारी बनकर अनजान लोगों को कॉल, टेक्स्ट मैसेज या ई-मेल के जरिए निशाना बनाते हैं. ये लोग दावा करते हैं कि आपका कोई पैकेज या पार्सल आया है, जो कस्टम डिपार्टमेंट में अटक गया है. इसे हासिल करने के लिए पहले कस्टम्स ड्यूटी या टैक्स चुकाना होगा. इसके बाद जालसाजों का ही कोई साथी कस्टम्स या दूसरी लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी का अधिकारी बनकर ऐसे सामान के लिए कस्टम्स ड्यूटी मांगता है. इसके अलावा विदेश से आए पैकेज या पार्सल में ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई गैरकानूनी चीज के नाम पर जुर्माना और जेल की धमकी देकर भी वसूली करता है. सीबीआइसी ने जनता को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया पर कैंपेन चलाने के साथ ही विज्ञापन देने भी शुरु किए हैं. इन धोखेबाजों से निपटने के लिए आई4सी विंग ने विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और उसकी टीम के प्रयासों की मदद से पिछले चार महीनों (जनवरी से अप्रैल) में लगभग 3.25 लाख बैंक खाते फ्रीज किए है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# ई-कचरे का उत्पादन सालाना दर 30 फीसदी

**इलेक्ट्रॉनिक** वस्तुओं के निर्माताओं ने इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक कचरे के पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) और निपटान के लिए न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने वाले केंद्र सरकार के नवीनतम मसौदा दिशानिर्देशों के खिलाफ जो शिकायतें की हैं, वे एक ऐसे क्षेत्र में अव्यावहारिक ढंग से नियम थोपे जाने की ओर संकेत करती हैं, जिसे तत्काल अनौपचारिक क्षेत्र से संगठित क्षेत्र में बदलने की जरूरत है. उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिकी के निर्माताओं का आरोप है कि मसौदा दिशानिर्देश में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के समक्ष उनके प्रतिनिधित्व की अनदेखी कर दी गई है.नियमों के कारण उस लागत में भारी इजाफा हुआ है जो उत्पादकों को रीसाइकल करने वालों को ई-कचरे को रीसाइकल करने की अच्छी खासी कीमत चुकानी पड़ती है. उदाहरण के लिए धातुओं को रीसाइकल करने की कीमत बढ़कर 80 रुपये प्रति किलो हो गई है जबकि उत्पादक अनुबंध के मुताबिक रीसाइकल करने वालों को प्रति किलो छह से 25 रुपये तक का भुगतान करते हैं.उत्पादकों को इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का समर्थन हासिल है और उसने अपना नजरिया हाल ही में सभी पक्षों की एक बैठक में प्रस्तुत किया. ये मसौदा नियम बताते हैं कि सरकार 2011 से ही ई-कचरे से जुड़ी प्रमुख दिक्कतों को निपटा पाने में नाकाम रही है. उसी साल ई-कचरा प्रबंधन के नियम बनाए गए थे.भारत दक्षिण एशिया में दुनिया के सबसे अधिक ई-कचरा उत्पन्न करने वाले देशों में शामिल है और यह मोबाइल फोन, लैपटॉप, डेस्कटॉप और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों से हर वर्ष 16 लाख टन कचरा उत्पन्न करता है. इसमें से करीब 67 फीसदी कचरा ऐसा होता है जिसमें लेड, कैडमियम, मर्करी, आर्सेनिक, एस्बेस्टॉस सहित तमाम नुकसानदायक तत्त्व शामिल होते हैं जो इस कचरे के साथ जमीन में मिल जाते हैं और न केवल आम लोगों बल्कि वनस्पतियों के लिए भी स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संबंधी खतरे उत्पन्न करते हैं.इस मसले का दूसरा पहलू यह है कि ई-कचरे को रीसाइकल करने का 90 फीसदी काम असंगठित क्षेत्र के लोगों द्वारा किया जाता है जो असुरक्षित हालात में अंजाम दिए जाते हैं और बच्चों से भी यह काम कराया जाता है. वर्ष 2016 में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस समस्या को हल करने के लिए अधिक ढांचागत ई-कचरा प्रबंधन नियम प्रस्तुत किए जिन्होंने इस नियमों के दायरे में आने वाले उत्पादों की संख्या भी बढ़ाई और इनका निपटान करने वालों, विनिर्माताओं और रीसाइकल करने वालों की भूमिकाएं और कर्तव्य भी तय किए. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### बाड़/बाढ़

**हिंदी** साहित्य के लोकप्रिय हास्य कवि हुल्लड़ मुरादाबादी ने कहा है- क्या बताएं आपसे हम हाथ मलते रह गए. गीत सूखे पर लिखे थे, बाढ़ में सब बह गए. बाढ़ का तो यह गुणधर्म ही है कि जो उसके रास्ते में आएगा, उसे बहा दिया जाएगा. इसीलिए बड़े-बुजुर्गों ने कहा है कि बाढ़ के रास्ते में भूल कर भी नहीं आना चाहिए. बाढ़ हिंदी भाषा का बहु प्रचलित शब्द है. बरसात में इस शब्द की मांग कुछ अधिक ही बढ़ जाती है, लेकिन बाढ़ केवल इसी अर्थ तक सीमित नहीं है. शब्दकोशों के अनुसार बाढ़ संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका अर्थ नदी आदि के जल का बढ़ना, सैलाब, अधिक वर्षा होने से धरती का जलमग्न हो जाना, किसी प्रकार का जोर, तेजी या प्रबलता, लाभ, नफा, किनारे की ऊंचाई, किनारा, आगे बढ़ने की स्थिति या भाव, वृद्धि. बाढ़ पानी का अतिप्रवाह है, जो आमतौर पर सूखी भूमि को जलमग्न कर देता है. बाढ़ पानी की एक विशाल मात्रा है. यदि सड़क पानी से भरी है तो कहा जाता बाढ़ आ गई है. यानी किसी भी चीज़ की अति को भी बाढ़ कहा जा सकता है. वहीं दूसरा शब्द बाड़ भी संज्ञा स्त्रीलिंग ही है. बाड़ शब्द के कई मतलब हो सकते हैं. बाड़ का मतलब है, किसी क्षेत्र को घेरने के लिए बनाया गया अवरोध. यह आम तौर पर लकड़ी या धातु से बना होता है. बाड़ में खंभे लगाए जाते हैं और उनके बीच तार, फट्टे, जाल, सलाखें या अन्य रुकावटें लगाई जाती हैं. बाड़ का मतलब है, फसल की हिफ़ाजत के लिए खेतों के चारों तरफ़ बनाया गया मज़बूत घेरा, स्त्रियों का बांह पर पहनने का टांड़ नामक गहना, तलवारबाज़ी की कला या खेल का अभ्यास करना तथा घोड़े का बाड़ के ऊपर से छलांग लगाना. बाढ़ की आशंका वाले इलाकों में बाड़ लगाने से बचना चाहिए. ऐसा इसलिए है क्योंकि बाढ़ के पानी में मलबा आ सकता है और बाड़ को कमज़ोर कर सकता है.

# तुम्हीं ने दर्द दिया है तुम्हीं दवा देना

• तीर-तुक्का

डॉ. रामवृक्ष सिंह



अपने देश में अमीरों की संख्या अचानक बढ़ गई, यह तो वाकई बड़ी खुशी की बात है. लेकिन हमारी चिन्ता का एक सबब और है. कई दशक से हमें विदेशों से बहुत सारी इमदाद इसी मद पर मिलती थी. गरीब थे तो इमदाद थी. कई-कई सौ करोड़ रुपये इधर से उधर हो जाते थे. बड़े-बड़े लोगों, गैर सरकारी संगठनों और विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ग़रीबी और भूख उससे दूर होती थी. अब उसकी कोई जरूरत ही नहीं बची. न बचे ग़रीब, न रही इमदाद. अब विश्व बैंक और यूरोप की ढेरों संस्थाओं से मदद पाने का हमारा हक जाता रहा. हां, यह जरूर है कि अब चूंकि अपना देश अमीरों का देश हो चला, तो दुनिया के जो गरीब लोग हैं, उनके लिए हमें कुछ सोचना चाहिए. वैसे यह काम हम पहले भी चोरी छिपे कर रहे थे और स्विटजरलैंड के बैंकों की गरीबी दूर करते चले आ रहे थे. लेकिन अब हम खुलकर दुनिया के ग़रीब देशों की मदद कर सकते हैं. अब देश के दहकान और मजूर सब अमीर हो गए. इस नाते अब पूर्ववर्ती अमीरों तथा परवर्ती अमीरों के बीच रोटी-बेटी का नाता करने में कोई अड़चन नहीं रहनी चाहिए. अब किसी अमीरजादी का बाप किसी पूर्ववर्ती गरीब बाप के बेटे को यह कहकर ताना नहीं दे पाएगा कि पहले अपनी औकात देखो. यदि भूल से उसके मुंह से ऐसी कोई बात निकल गई तो लड़का चट से कह सकता है कि अंकल अब मैं भी गरीब नहीं हूं. अट्ठाईस रुपये का गुटका और पान मसाला चबाकर थूक देता हूं हर रोज. पचास रुपये का पउवा ऊपर से चढ़ाता हूं हर शाम. रिक्शे खींचनेवाले और बीएमडब्ल्यू में चलनेवाले, दोनों की कैटेगरी अब एक हो गई. वाह! यह तो समाजशास्त्रीय दृष्टि से बड़ी प्यारी बात हो गई.

मार्क्स चचा आज यदि जिन्दा होते तो हमारे अर्थ-शास्त्रियों की कदमबोसी करते. अर्थशास्त्रियों ने ऐसा उपाय खोज निकाला है कि देखते ही देखते भारत का सर्वहारा भी मर्दुआ बुर्जुआ हो गया. वल्लाह! एक आँकड़ा इधर से उधर करते ही कितना बड़ा काया-कल्प हो चला. हम सुनते आए हैं कि आंकड़ों और सच्चाई में दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं होता. यानी आँकड़े अलग होते हैं और सच्चाई अलग. इसलिए बहुत मुमकिन है कि महज अट्ठाईस रुपये रोज खर्च करनेवाला कोई शहरी और केवल बाईस रुपये रोज पर जिन्दा रहनेवाला ग्रामीण व्यक्ति भी खुद को वाकई बहुत ही ज्यादा अमीर समझता हो और ईमानदारी से संतोष की जिन्दगी जीता हो, और उसके विपरीत लाखों रुपये की पगार पानेवाला अफसर तथा करोड़ों पीट चुकने के बाद भी कुछ और रुपयों के पीछे लार टपकाते, दौड़नेवाला नेता भी खुद को अभी और ज़रूरतमंद गरीब समझता रहे. तब तो बड़ी गड़बड़ होगी मेरे मौला. आँकड़ेबाजी के चक्कर में सब गड्ड-मड्ड हो जाएगा. अब तो बस उन्हीं लोगों का आसरा है, जिन्होंने ये आग लगाई है. तुम्हीं ने दर्द दिया है तुम्हीं दवा देना.

## मोबाइल गुम हो गया है तो सबसे पहले ये करें

**अगर आपका फोन गुम हो जाए तो फोन की सुरक्षित वापसी के साथ डेटा सुरक्षित रखने के लिए कुछ सुविधाएं उपलब्ध हैं जिसकी जानकारी हमारे लिए लाभप्रद है. आइए, एंड्रॉयड और आईफोन, दोनों के संदर्भ में इस खास तकनीक के बारे में जानकारी हासिल करें.**



- **ऐसे करें खो गए एंड्रॉइड फोन को डिसेबल**


एंड्रॉइड उपयोगकर्ता 'फाइंड माय डिवाइस' का उपयोग कर सकते हैं. इसके लिए सबसे पहले आप कोई वेब ब्राउजर खोलें. इसके बाद 'गूगल फाइंड माय डिवाइस' पेज पर जाएं. खोए हुए फोन के साथ जुड़े गूगल अकाउंट में साइन इन कर फोन से जुड़ें. 'गूगल फाइंड माय डिवाइस' द्वारा आपके फोन का पता लगाने का इंतजार करें. नीचे आपको तीन विकल्प दिखेगा- प्ले साउंड, सेक्योर डिवाइस और फैक्ट्री रिसेट डिवाइस. आप 'सेक्योर डिवाइस' के विकल्प पर क्लिक करें. पुष्टि करने के लिए सेक्योर डिवाइस चुनें. अब आपका चोरी हुआ फोन मौजूदा लॉक स्क्रीन पिन या पासवर्ड से लॉक हो जाएगा. अगर आपके फोन में पासवर्ड सेट नहीं है, तो आपको इसे बनाने के लिए कहा जाएगा. इसके अतिरिक्त आपका गूगल अकाउंट फोन से हटा दिया जाएगा.

- **ऐसे करें खोए हुए आइफोन को डिसेबल**

एप्पल का 'फाइंड माय' फीचर डिवाइस के चोरी होने पर डेटा को सुरक्षित रखने के लिए कई विकल्प देता है. इसका एक विकल्प आइफोन को रिमोट तरीके से बंद करने की अनुमति देता है, लेकिन यह तभी काम करेगा जब चोरी होने से पहले अपने डिवाइस पर 'फाइंड माय आइफोन' विकल्प को चालू किया हो. कंप्यूटर पर एक वेब ब्राउजर खोलें. एप्पल के फाइंड डिवाइस पेज पर जाएं और एप्पल आइडी और पासवर्ड से साइन इन करें. अब वह आइफोन चुनें, जिसे आप बंद करना चाहते हैं. मार्क एज लॉस्ट पर क्लिक करें. अगर डिवाइस में पासकोड नहीं है, तो एक पासकोड बनाने के लिए कहा जाएगा. अगला क्लिक करें और फिर पुष्टि करने के लिए एक्टिवेट पर क्लिक करें. आइफोन पर एप्पल का लॉस्ट मोड सक्षम हो जाएगा. इसके बाद डिवाइस लॉक हो जाएगा. कोई सूचना नहीं दिखेगी.

## कछुए जैसा सुस्त है कंप्यूटर! कारण यह तो नहीं!

**कई बार लगता है कि कम्प्यूटर पहले जैसा नहीं चल रहा! बहुत स्लो या धीमा हो गया है. कई बार ऐसा एंटीवायरस इंस्टॉल करने के बाद भी महसूस होता है. जी हां, एंटीवायरस प्रोग्राम इंस्टॉल तो करते हैं वायरस और मैलवेयर से बचने के लिए, लेकिन कई बार वे कम्प्यूटर की स्पीड प्रभावित करते हैं. ऐसे में कुछ खास तकनीक अपना कर कंप्यूटर को पहले की तरह तेज किया जा सकता है. आइए, आज ऐसे ही तकनीक पर करें बात-**



- **स्कैन और रिपेयर कीजिए**


अगर हाल ही आपने नया एंटीवायर इंस्टॉल किया है और उसके बाद से ही गड़बड़ी सामने आ रही है और एंटीयारस रिसोर्सेज का उपयोग कर रहा है तो कम्पलीट स्कैन चला लें. इससे यह बात सामने आ सकेगी कि क्या वाकई क्या एंटीवायरस के कारण आपका कम्प्यूटर धीमा हो रहा है.

- **लॉन्चर सैटिंग्स समझें**

लॉन्चर सैटिंग्स की मदद से आप ऑटो-स्टार्टअप, रीयल-टाइम सुरक्षा या प्रॉक्सी सर्वर और रीयल-टाइम उपयोग ट्रैकिंग जैसे फीचर चुन सकते हैं. यदि सभी उपाय आजमाने के बावजूद आपका काम नहीं बना तो बेहतर है कि एक बार अपने एंटीवायरस प्रोग्राम को अनइंस्टॉल कर दें. इसकी जगह विंडोज डिफेंडर का इस्तेमाल करें जो बेहतर है, मुफ्त है और विंडोज कम्प्यूटर के साथ पहले से इंस्टॉल होता है.

- **मेमोरी का उपयोग कम करें**

सभी प्रोग्राम और बैकग्राउंड प्रोसेस बंद करें, फिर एंटीवायरस शुरू करें. अपने टास्क मैनेजर का मेमोरी टैब तलाशें. जैसे कंट्रोल प्लस ऑल्ट प्लस डिलीट दबाएं, फिर टास्क मैनेजर चुनें. बाईं ओर के बार पर परफॉर्मेंस टैब चुनें, फिर मेमोरी. यह आपको आपके कम्प्यूटर का कुल मेमोरी उपयोग दिखाएगा. टास्क मैनेजर (बाएं बार में प्रोसेस टैब) की पहली स्क्रीन पर आकर और सूची में प्रोग्राम ढूंढकर एंटीवायरस के विशिष्ट मेमोरी उपयोग की जांच भी कर सकते हैं.



### एंटीवायरस क्यों कर देता कंप्यूटर स्लो

कई बार एंटीवायरस रैम को प्रभावित करते हैं, जो आपके कम्प्यूटर की मेमोरी का 'क्विक एक्सेस' हिस्सा होता है. जब आपका कम्प्यूटर सारी मेमोरी इस्तेमाल कर लेता है, तो यह धीमा हो जाता है. एंटीवायरस स्कैन भी सीपीयू का इस्तेमाल करता है, जिससे पूरा स्कैन चलने पर और भी ज्यादा धीमापन महसूस होता है.



# लग्जरी कारों की दीवानी श्रद्धा

*'स्त्री 2' अब भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ क्लब में शामिल होने की तैयारी में है, इसके साथ ही एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के करियर का परचम भी लहरा रहा. कभी पैसे के लिए कॉफी हाउस में काम करने वाली श्रद्धा आज की तारीख में महंगी गाड़ियों की दीवानी हैं. उनके गैराज में एक से बढ़ कर एक लग्जरी कार मौजूद हैं. आइए, आज उनके कार कलेक्शन की करें बात...*

### लैम्बोर्गिनी हुराकन टेक्निका

श्रद्धा कपूर ने जब कुछ समय पहले अपने लिए लैम्बोर्गिनी सुपरकार खरीदी थी. कभी आजीविका के लिए उन्होंने वेटर का काम भी किया था, पर आज महंगी गाड़ियों का कलेक्शन उनका शौक है. फैंस तो यहां तक कह रहे हैं कि यह स्त्री कोई भी कार चला सकती है. उनकी गैराज की शान, यानी लैम्बोर्गिनी हुराकन टेक्निका की कीमत 5 करोड़ रुपये से ज्यादा है. श्रद्धा की लैम्बोर्गिनी रेड कलर की है और वह अक्सर मुंबई की सड़कों पर अपनी सुपरकार से साथ दिख जाती हैं.

### यह है खासियत

इस इटालियन सुपर स्पोर्ट्स कार का इंटीरियर शानदार है और परफॉर्मेंस जबर्दस्त. इसके बोनट को कार्बन फाइबर से तैयार किया गया है. कार के पिछले हिस्से में एक डिफ्यूजर, एक फिक्स्ड रियर स्पॉइलर मौजूद है. साथ ही इसमें रियर व्हील स्टीयरिंग और कार्बन क्रेमिक ब्रेक्स मिलते है. इस स्पोर्ट्स कार में 5.2-लीटर वी10 नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन मौजूद है, जो इस कार को 631 बीएचपी की पावर और 565 एनएम का पीक टॉर्क देता है. वहीं इसमें ट्रांसमिशन के लिए 7-स्पीड ड्यूल क्लच ऑटोमेटिक गियरबॉक्स दिया गया है. यह कार केवल 3 सेकंड में ही 0-100 किमी प्रति घंटा की स्पीड पकड़ने की क्षमता रखती है और इसकी टॉप स्पीड की बात करें तो, ये शानदार स्पोर्ट कार 325 किमी प्रति घंटा की स्पीड पर दौड़ती है.

### मर्सिडीज बेंज जीएलएस

श्रद्धा के कार कलेक्शन की यह भी एक प्रमुख कार है. यह अच्छे स्पेस वाली 7 सीटर लग्जरी एसयूवी है. इसकी कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक है. इसका एमबक्स ऑपरेटिंग एक नए तरीके का ऑपरेटिंग कंट्रोल प्रदान करता है. जैसे कि टच कंट्रोल, कॉन्टैक्टलेस कंट्रोल और एआई बेस्ड वाइस कंट्रोल. एंटरटेनमेंट फीचर्स का प्रीइंस्टालेशन, बर्मेस्टर सराउंड साउंड सिस्टम, दूसरी व तीसरी सीट के ले वन टच इजी फोल्ड, फ्रंट व रीयर सीट के लिए वायरलेस चार्जिंग,11 यूएसबी पोर्ट्स, एडीएस व एयरमेटिक सस्पेंशन, 9 एयरबैग्स की सुरक्षा इसके अन्य फीचर्स हैं.



### ऑडी क्यू7 फेसलिफ्ट

इसका इंटीरियर ऐसा है कि नजर टिकी रह जाती है. वहीं परफॉर्मेंस भी जबर्दस्त है. इसमें 3.0-लीटर टर्बोचार्ज्ड वी 6 पेट्रोल इंजन है जो 340 एचपी की पावर और 500 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है. इंजन 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ आता है और यह केवल 5.9 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटे की स्पीड पकड़ने का दावा करता है. इसके अलावा, इसमें ऑडी का पॉपुलर क्वाट्रो ऑल-व्हील-ड्राइव सिस्टम भी मिलता है.

### टोयोटा फॉर्च्यूनर

करीब चौंतीस लाख की यह एसयूवी खासतौर पर पॉलिटिशियन व बॉलीवुड सेलेब्स के बीच काफी लोकप्रिय है. इसके क्रेज के पीछे फॉर्च्यूनर की लग्जरी और लुक का असर है. श्रद्धा कपूर को कई बार मुंबई की सड़कों पर उनकी ब्लैक टोयोटा फॉच्यूनर के साथ स्पॉट किया गया. टोयोटा फ़ॉर्च्यूनर की लंबाई 4,795 एमम, चौड़ाई 1,855 एमएम और ऊंचाई 1,835 एमएम है, वहीं इसका वीलबेस 2,745 एमएम है. वहीं फॉच्यूनर में 2.7 लीटर पेट्रोल इंजन मिलता है, जो 164 बीएचपी का पावर और 245एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है. साथ ही इसमें 2.8 लीटर डीज़ल इंजन भी मिलता है, जो 201 बीएचपी का पावर और 420 एनएम का टॉर्क प्रोड्यूस करने में सक्षम है.

### बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज प्रोटेक्शन

इस सेडान कार के इंजन 4.4 लीटर वी8 पेट्रोल की मोटर दी गई है, जो 530 एचपी का पावर और 750 एनएम का टॉर्क जेनरेट करती है. इस की अधिकतम स्पीड 210 किमी प्रति घंटे है और यह केवल 6.6 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है. इसे चलता-फिरता टैंक कहा जाता है क्योंकि इसकी बख्तरबंद बॉडी ड्रोन से किए गए बमों के हमलों को भी नाकाम कर देती है. इसकी छत पर रेनफोर्स बोल्टिंग और अंडरबॉडी में 75 मिमी बुलेट प्रुफ और एंटी-ब्लास्ट बख्तरबंद विंडो का शीशा दिया गया है. यही वजह है कि यह मॉडल के 20 इंच के टायर भी 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज भागती है. सबसे बड़ी बात यह है कि इस पर दूर से गोलियां चलाने पर इसके सेल्फ-सीलिंग फ्यूल टैंक सक्रियता के साथ उसे रोक लेता है. इसका ढक्कन फायर किए जाने की स्थिति में फ्यूल को नुकसान होने से बचाता है.

### दो अक्टूबर को दुनिया के कुछ हिस्से में दिखेगा रिंग ऑफ फायर सूर्यग्रहण

## कल आसमां में दिखेगा अद्भुत नजारा

**दो अक्टूबर को आसमान में आग की रिंग नजर आएगी. खगोलीय घटनाओं में जिनकी रुचि है, उनके लिए बेशक यह खास दिन है. दरअसल यह एक वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जिससे आसमान में आग की रिंग बन जाएगी. यह साल का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण होगा. अगला पूर्ण सूर्यग्रहण 2026 से पहले नहीं आएगा. वो भी ग्रीनलैंड, आइसलैंड और स्पेन में दिखेगा.**

जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूरज के बीच आता है, सूरज की पूरी रोशनी ढंक जाती है, सिवाय एक अंगूठी के आकार का रिंग दिखता है, तब इसे रिंग ऑफ फायर सूर्यग्रहण कहते हैं. दो अक्टूबर को यही नजारा दक्षिणी अमेरिका के 11 राज्यों को नजर आएगा. रिंग ऑफ फायर सूर्यग्रहण के दौरान चंद्रमा पृथ्वी से दूर होता है तो इसका आकार बदल जाता है. यह तब देखने में छोटा लगता है. सूर्य ग्रहण के दौरान यह सूर्य को पूरी तरह नहीं ढक पाता. इस कारण सूर्य के किनारे दिखाई देते हैं. पृथ्वी से इस नजारे को देखने पर ऐसा लगता है जैसे आसमान में आग की रिंग है. यह सूर्य ग्रहण छह घंटे से ज्यादा तक चलेगा. इस दुर्लभ खगोलीय घटना को हम और आप भारत में रहने के कारण नहीं देख पाएंगे. जी हां, रिंग ऑफ फायर सूर्यग्रहण भारत में नहीं लगेगा. यह यह दक्षिणी अमेरिका में लगेगा. जिस इलाके में सूर्य ग्रहण लगेगा, वहां पर कुछ मिनटों के लिए दिन में रात जैसा नजारा हो जाएगा. साथ ही तापमान में भी गिरावट होगी.

### कब लगेगा सूर्य ग्रहण?

पूर्ण सूर्य ग्रहण की तरह ही वलयाकार ग्रहण भी चार चरणों में लगेगा. अमेरिका के स्थानीय समय के मुताबिक, 11:42 बजे सुबह आंशिक ग्रहण की शुरुआत होगी, जब चंद्रमा सूर्य के सामने से गुजरेगा. इसके बाद 12 बजकर 50 मिनट पर दोपहर में वलयाकार सूर्य ग्रहण दक्षिणी प्रशांत महासागर में शुरू होगा. शाम 4:39 बजे रिंग ऑफ फायर अटलांटिक महासागर में खत्म होगा. शाम में 5:47 बजे दक्षिणी अटलांटिक महासागर में ग्रहण खत्म होगा. भारतीय समय के मुताबिक 2 अक्टूबर को 9:13 पीएम से यह सूर्य ग्रहण शुरू होगा और 3 अक्टूबर 3:17 पीएम तक दिखाई देगा.





2 अक्टूबर का लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, क्योंकि जिस समय यह लगेगा, उस समय भारत में रात होगी और रात में सूर्य ग्रहण देखना संभव नहीं होगा.

### बरतें सावधानी

बेशक ऐसी खगोलीय घटनाएं उत्साहित करती हैं पर कभी भी सूर्यग्रहण को सीधी आंखों से नहीं देखें. इससे आंखों की रोशनी को नुकसान पहुंच सकता है. सूर्यग्रहण को सुरक्षित तरीके से देखने के लिए सही चश्मों का इंतजाम करें. अन्यथा आंखों की रोशनी पर असर पड़ सकता है. सामान्य सन ग्लासेज भी इसके लिए सुरक्षित नहीं. पूर्ण सूर्यग्रहण के समय सोलर व्यूवर्स और फिल्टर्स की जरूरत होती है. अगर ऐसे चश्मे नहीं हैं तो सीधे सूरज की तरफ न देखें. फिर भी देखने की उत्सुकता है तो पानी में ग्रहण की परछाई देखिए.

## लंच ब्रेक के लिए कंप्यूटर को दीजिए स्लीप मोड

**विंडोज कंप्यूटर, लैपटॉप आदि पर काम करने के बाद थोड़ी या अधिक देर के लिए कंप्यूटर/लैपटॉप से दूर जाने के लिए कई विकल्प हैं जिसे हम और आप आजमाते हैं. इनमें तीन पावर विकल्प हैं- स्लीप, हाइबरनेट और शटडाउन. माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले दिनों इसमें एक और विकल्प जोड़ा है जिसे फास्ट स्टार्टअप कहा जाता है. ऐसे में सवाल है कि इन विकल्पों में क्या बेहतर है. आइए आज इसी पर करें चर्चा ...**

- **हाइबरनेट**

अगर आप छुट्टी पर जा रहे हैं, या करीब 12-15 घंटे भी कंप्यूटर से दूर जा रहे हैं तो हाइबरनेट का विकल्प अपनाएं. जब सिस्टम स्टेट को लंबे समय तक बचाने की जरूरत है, तो इस मोड पर क्लिक करना चाहिए. हाइबरनेशन मोड रैम की सामग्री को हार्ड डिस्क या एसएसडी पर एक फाइल में सेव कर लेता है. इसमें सभी चल रहे प्रोसेस, ओपन एप्लिकेशन और उनमें दर्ज किए गए डेटा को शामिल किया जाता है. एक बार प्रोसेस स्टोरेज ड्राइव पर सेव हो जाने के बाद, हाइबरनेशन आपके पीसी को बंद कर देता है. आप जब चाहें इसे को पावर ऑन कर सकते हैं. यह सभी ऐप्स और प्रोसेस को तुरंत लोड कर लेगा.

- **स्लीप**

कई बार छोटे लम्हों के लिए हमें कंप्यूटर के काम से उठना पड़ता है. जैसे किसी मीटिंग के लिए, लंच के लिए या फिर ऐसे ही कोई काम. पीसी से एक छोटा ब्रेक लेने जा रहे हैं, तब स्लीप मोड पर क्लिक करें. स्लीप मोड आपके पीसी को लो-पावर स्टेट में डालता है, लेकिन रैम को पावर देना जारी रखता है. आप पीसी को बिना कोई डेटा खोए स्लीप से जगा सकते हैं.

- **शटडाउन**

जब आप पीसी का उपयोग लंबे समय तक नहीं करना हो तो शटडाउन सबसे अच्छा विकल्प है. गौरतलब है कि यह तीनों विधियों में सबसे धीमा है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### नीता अंबानी ने ओलंपिक और पैरालंपिक एथलीटों का किया सम्मानित, यूनाइटेड इन ट्रायम्फ कार्यक्रम का आयोजन

# एंटीलिया में जुटे 140 ओलंपिक-पैरालंपिक एथलीट, मिला सम्मान




**मुंबई।** रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी ने ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों का सम्मान किया. इस खास अवसर पर लगभग 140 एथलीट, जो ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में हिस्सा ले चुके हैं, नीता अंबानी के निमंत्रण पर मुंबई स्थित उनके आवास 'एंटीलिया' में एकत्र हुए. मौके पर मनु भाकर, नीरज चोपड़ा सहित पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक के अन्य पदकवीर व एथलीट सम्मिलित हुए. इस आयोजन को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' नाम दिया गया, जिसमें कई नामचीन कोच और खेल जगत से जुड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं. यह पहली बार था जब देश के ओलंपियन और पैरालिंपियन एक ही मंच पर साथ आए. समारोह में बोलते हुए नीता अंबानी ने कहा, आज की शाम हमारे लिए बेहद खास है. पहली बार हमारे ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ी एक साथ एक मंच पर आए हैं. हमें उन पर गर्व है, और आज का यह आयोजन उनके प्रति हमारे सम्मान और प्रेम को दर्शाने का अवसर है.









### कानपुर टेस्ट : चौथे दिन के खेल में धुआं-धुआं, विकेट की झड़ी और रनों का सैलाब

# एक्शन भरपूर, 437 रन और 18 विकेट

## बांग्लादेश के खिलाफ भारत का बैजबॉल

एजेंसी। कानपुर

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच कानपुर में चल रहा है. बारिश के कारण तीन दिन मैच नहीं हुए और चौथे दिन सोमवार को जब खेल हुआ तो एकदम धुआं-धुआं हो गया. चौथे दिन बैटिंग और बॉलिंग दोनों में जमकर एक्शन देखने को मिला. चौथे दिन के खेल में 437 रन बने और 18 विकेट गिरे. अब टेस्ट मैच रोमांचक मोड़ पर आ गया है. चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 2 विकेट गंवा कर 26 रन बना लिए हैं. दूसरा और तीसरा दिन पूरी तरह बारिश की भेंट चढ़ने के बाद बांग्लादेश ने 107 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया था. चौथे दिन के खेल में कुल 18 विकेट गिरे और दिन में कुल 437 रन बने. दूसरी पारी में बांग्लादेश के लिए शादमान इस्लाम ने 7 रन और पहली पारी के शतकवीर मोमिनुल हक अब तक दूसरी पारी में अपना खाता नहीं खोल पाए हैं.

भारत ने पहली पारी 285 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी थी. बांग्लादेश जब दोबारा बैटिंग करने आया तो शादमान इस्लाम और जाकिर हसन विकेट बचाने के इरादे से खेलते दिखे. मगर इस डिफेंसिव रणनीति का रविचंद्रन अश्विन ने भरपूर फायदा उठाया. उनकी फिरकी लेती गेंदों ने दूसरी पारी में बांग्लादेश के 2 विकेट चटका लिए हैं. चौथे दिन बांग्लादेश का स्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 26 रन हो गया है और वह दूसरी पारी में अब भी भारत से 26 रनों से पिछड़ रहा है.





### भारत ने बांग्लादेश को सस्ते में आउट किया

पहले दिन 35 ओवर का खेल हो पाया था, जिनमें बांग्लादेश ने 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बना लिए थे. चौथे दिन मुशिफकुर रहीम मैदान पर आने के कुछ देर बाद ही 11 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन मोमिनुल हक दूसरे छोर से अंत तक क्रीज पर टिके रहे. उन्होंने 107 रन की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को 233 के स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया. भारत के लिए पहली पारी में जसप्रीत बुमराह सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए.

### भारत ने बैटिंग से मचाया बवाल

भारतीय सलामी बल्लेबाज, यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने आते ही तूफानी बैटिंग शुरू कर दी. जायसवाल और रोहित ने मिलकर 3 ओवर में ही 51 रन बना डाले थे. रोहित शर्मा 23 रन बनाकर आउट हो गए, वहीं दूसरी ओर जायसवाल ने महज 31 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और उनकी पारी 72 रनों पर जाकर समाप्त हुई. चूंकि मैच में इसके बाद एक ही दिन बचा था, इसलिए भारत के सभी बल्लेबाज गेंद को कूटने के इरादे से मैदान में उतर रहे थे. विराट कोहली ने 47 तो केएल राहुल ने 68 रन की तेज और सधी हुई पारी खेलकर भारत को 285 के स्कोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. 285 रन पर भारत ने अपनी पारी घोषित कर दी.

### रवींद्र जडेजा ने रचा इतिहास

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 300वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया. जडेजा ने खालिद अहमद को आउट करके बांग्लादेश की पहली पारी को 233 रनों पर समेट दिया. इस पारी के दौरान जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट पूरे किए और एक खास मुकाम भी हासिल किया है. जडेजा इस दौरान उन चुनिंदा भारतीय प्लेयर्स की लिस्ट में शामिल हो गए जिन्होंने 300 विकेट के साथ 3000 रन भी बनाए. उनसे पहले भारत के लिए केवल कपिल देव और आर अश्विन ने यह उपलब्धि हासिल की थी.

# टीम इंडिया और खिलाड़ियों ने बनाए कई कीर्तिमान

एजेंसी। कानपुर

दो दिन का खेल बारिश के कारण धुलने के बाद सोमवार को चौथे दिन की शुरुआत नयी ऊर्जा के साथ हुई और भारत ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया. टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड बनाए और ध्वस्त भी किए.

### टेस्ट में सबसे तेज टीम फिफ्टी

- 3 .0 ओवर – भारत बनाम बांग्लादेश, 2024
- 4 .2 ओवर – इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, 2024
- 4 .3 ओवर – इंग्लैंड बनाम साउथ अफ्रीका, 1994
- 5 .0 ओवर – इंग्लैंड बनाम श्रीलंका, 2002
- 5 .2 ओवर – श्रीलंका बनाम पाकिस्तान, 2004

### रोहित-यशस्वी ने तोड़ा बड़ा रिकॉर्ड

कानपुर टेस्ट



रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. दोनों पार्टनरशिप में कम से कम 50 रन जोड़ने में हाईएस्ट स्कोरिंग रेट से रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए. रोहित और यशस्वी ने कानपुर में 23 गेंदों पर 55 रन की साझेदारी की. इस दौरान उनका स्कोरिंग रेट 14 .34 का रहा. दोनों ने इंग्लैंड के बेन स्टोक्स और बेन डकेट का रिकॉर्ड तोड़ दिया. स्टोक्स और डकेट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एजबेस्टन में 44 गेंद पर नाबाद 87 रन की साझेदारी की थी. इस दौरान उनका स्कोरिंग रेट 11 .86 का रहा.

### रोहित शर्मा ने पहली दो गेंद में जड़े दो छक्के

रोहित शर्मा ने खालिद अहमद की दो गेंदों पर छक्के जड़े और टेस्ट में पहली दो गेंदों पर दो छक्के लगाने वाले वो पहले ओपनर और चौथे खिलाड़ी हैं. सबसे पहले ये कारनामा 1948 में फॉफी विलियम्स ने किया था. इसके बाद सचिन ने 2013 में अपनी पहली दो गेंदों पर दो छक्के लगाए थे. उमेश यादव ने भी 2019 में अपनी पहली दो गेंदों पर दो छक्के लगाए थे. लेकिन 147 साल के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार किसी ओपनर ने ये कारनामा किया है.

- **61 बॉल पर ही पूरे हो गए 100 रन :** भारत ने सबसे तेज फिफ्टी बनाने के बाद सबसे तेज 100 रन का भी रिकॉर्ड बना दिया. हालांकि, यह रिकॉर्ड पहले भी भारत के नाम ही दर्ज था. टीम इंडिया ने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में 12.2 ओवर में 100 रन पूरे किए थे. उसमें सुधार करते हुए कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ 10.1 ओवर में ही 100 रन स्कोर पर खड़े कर दिए.
- **भारत ने बनाया सिक्स का रिकॉर्ड:** भारत ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया है. वह कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाला देश बन गया. टीम इंडिया ने इस मामले में इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया. इंग्लिश टीम ने 2022 में 89 छक्के लगाए थे. वहीं, भारत ने 2021 में 87, न्यूजीलैंड ने 2014 में 81 और 2023 में 71 छक्के उड़ाए थे.

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज टीम शतक (ओवर के अनुसार)

- 10.1- भारत बनाम बांग्लादेश, कानपुर, 2024
- 12.2- भारत बनाम वेस्टइंडीज, पोर्ट ऑफ स्पेन, 2023
- 13.1- श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, कोलंबो, 2001
- 13.4- बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज, मीरपुर, 2012
- 13.4- इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान, कराची, 2022
- 13.4- इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान, रावलपिंडी, 2022
- 13.6- ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, पर्थ, 2012

## कानपुर में बांग्लादेश क्रिकेट टीम का बाहर जाना बिल्कुल बंद

**कानपुर।** बांग्लादेश की क्रिकेट टीम इस समय भारत के दौरे पर है और दो मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले में कानपुर के ग्रीन पार्क में खेल रही है. हालांकि, बांग्लादेश टीम को कानपुर में सुरक्षा कारणों से अपने घूमने-फिरने पर कड़ी पाबंदियों का सामना करना पड़ रहा है. यह सुरक्षा हिंदू महासभा नामक एक दक्षिणपंथी संगठन से मिली धमकियों के बाद बढ़ाई गई है. यह संगठन बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित हमलों का विरोध कर रहा है, जिसके चलते बांग्लादेशी टीम के लिए सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है.

- सुरक्षा चिंताओं के चलते कानपुर में बांग्लादेश क्रिकेट टीम की गतिविधियां प्रतिबंधित

## अक्टूबर में बांग्लादेश का दौरा करेगी अफ्रीकी टीम

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की टीम अगले महीने बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी. सोमवार को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने पुष्टि की है कि उनकी टीम 21 अक्टूबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी. सीएसए ने एक बयान में बताया कि हाल ही में उसके ऑपरेशन मैनेजर, टीम सिक्योरिटी मैनेजर, सुरक्षा सलाहकार और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि ने सुरक्षा आकलन किया गया था. इससे अफ्रीका दक्षिण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए दौरा करने वाली पहली टीम बन जाएगी. महिला टी20 विश्व कप 2024, जो मूल रूप से बांग्लादेश में होना था.

# जय शाह के बाद कौन होगा बीसीसीआई का सचिव?

एजेंसी। नयी दिल्ली

बीसीसीआई के मौजूदा सचिव जय शाह आईसीसी के चेयरमैन बन गए हैं और भारतीय बोर्ड के साथ उनका कार्यकाल जल्द खत्म होने वाला है. अब सवाल उठ रहा है कि उन्हें कौन रिप्लेस करेगा? बेंगलुरु में बीसीसीआई की 93वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में उपस्थित सदस्यों ने मौजूदा सचिव जय शाह से अनुरोध किया कि वह अपने उत्तराधिकारी को खोजने की प्रक्रिया में तेजी लाएं ताकि इस बदलाव को सही तरीके से पूरा किया जा सके. हालांकि, नए सचिव के बारे में बात करना एजीएम का एजेंडा या प्रमुख मुद्दा नहीं था, लेकिन सभा में उपस्थित लोगों ने इस पर खुलकर बात की है. जानकारी के अनुसार, जय शाह नवंबर के आखिरी दिनों में अपने पद से हट जाएंगे और 1 दिसंबर से तीन साल की अवधि के



लिए आईसीसी के अध्यक्ष का पद संभालेंगे. ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, यह एक अनुरोध था कि सभी चीज सही समय पर होनी चाहिए, जिससे हमें एक स्पष्ट विजन मिल सके. मौजूदा हालात में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली, बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष आशीष शेलार, संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया और गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल इस पद के लिए दौड़ में शामिल हैं. एजीएम की प्राथमिकता आईसीसी बैठकों में भाग लेने के लिए भारत के दो प्रतिनिधियों का नामांकन था.

वर्तमान में शाह आईसीसी बोर्ड में बीसीसीआई के प्रतिनिधि हैं और आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल का चीफ एक्जीक्यूटिव कमेटी में वही काम है. एजीएम ने सामान्य निकाय के सदस्यों को पदों के लिए जल्द से जल्द दो नामों की सिफारिश करने का काम सौंपा हैं. अरुण धूमल और अभिषेक डालमिया को भी आईपीएल गवर्निंग काउंसिल में सामान्य निकाय के प्रतिनिधि के रूप में चुना गया था, जिसमें पहले का कम से कम आईपीएल 2025 तक लीग के अध्यक्ष के रूप में बने रहना तय था. आंध्र प्रदेश के पूर्व क्रिकेटर वी चामुंडेश्वरनाथ को भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन ने एक खिलाड़ी प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया था और उन्हें आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल में शामिल किया गया था.

# आयरलैंड ने टी20 क्रिकेट में द. अफ्रीका को हराकर रचा इतिहास

- **दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर रही**

एजेंसी। अबू धाबी



आयरलैंड क्रिकेट टीम ने शेख जायेद क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतकर इतिहास रच दिया है. इसके साथ ही उन्होंने दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है. इस जीत में अडायर बंधुओं ने अहम भूमिका निभाई. रॉस और मार्क के इस प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड ने प्रोटियाज को 10 रनों से हरा दिया. यह आयरलैंड की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली टी20 जीत थी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरी जीत है. दो मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए, आयरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना सबसे बड़ा टी20 स्कोर भी बनाया. दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था.

इसके जवाब में आयरलैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए. इस पारी में रॉस अडायर आयरलैंड के सितारे रहे, जिन्होंने सिर्फ 57 गेंदों में अपना पहला टी20 शतक जड़ा. उनकी धमाकेदार पारी में 9 शानदार छक्के शामिल थे, और कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने भी 31 गेंदों पर 52 रन की अहम पारी खेलते हुए उनके साथ 137 रनों की ओपनिंग साझेदारी की. हालांकि आखिरी के ओवरों में आयरलैंड की टीम 43 रनों के अंदर 6 विकेट गंवा बैठी, फिर भी उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को 196 रनों का कठिन लक्ष्य दिया. इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की, जहां रीजा हेंड्रिक्स ने लगातार दूसरा अर्धशतक (51 रन) बनाया और मैथ्यू ब्रीट्जके ने भी 51 रन जोड़े. ओपनर रयान रिकेल्टन ने 22 गेंदों पर 36 रनों की तेज पारी खेली, लेकिन बाद में दक्षिण अफ्रीका रन रेट के हिसाब से पीछे रह गई. मार्क अडायर की 19वें ओवर की गेंदबाजी ने मैच का रुख बदल दिया. उन्होंने लगातार दो गेंदों पर वियान मुल्डर और ब्रीट्जके का विकेट लिया और फिर बाद में एन. पीटर को भी आउट किया.

अडायर ने 4-31 के शानदार आंकड़े दर्ज किए और अपनी टीम के लिए अहम योगदान दिया. आखिरी ओवर में ग्राहम ह्यूम ने भी कसी हुई गेंदबाजी, जिसमें उन्होंने सिर्फ 7 रन दिए और एक विकेट लिया. उन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 185-9 पर ही रुक गई. यह जीत आयरिश क्रिकेट के लिए एक अहम पल था, क्योंकि वे इस क्रिकेट स्टेडियम में पिछले 8 टी20 मैचों में ऐसी पहली टीम बनी है, जो पहले बल्लेबाजी करके जीत हासिल कर सकी है.

**बेबाक राय**

### छह बार की विश्व चैंपियन ने भारतीय मुक्केबाजों के खराब प्रदर्शन पर निराशा जताई

# ओलंपिक में मुक्केबाजी में मेडल नहीं जीतना दुर्भाग्यपूर्ण : मैरी कॉम

एजेंसी। नयी दिल्ली

छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों के खराब प्रदर्शन पर निराशा जताई. उन्होंने कहा कि एक पदक विजेता होने के नाते, यह स्वाभाविक है कि उन्हें बुरा लगा है. पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत ने छह मुक्केबाजों की टीम भेजी थी, जिसमें दो पुरुष और चार महिलाएं शामिल थीं. इसमें टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैंपियन निकहत जरीन भी थीं. मैरी कॉम ने आर्मी स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव के दौरान आईएएनएस से कहा,

**खास बातें**

- मैरी कॉम ने कहा- इस बार पदक की बहुत आस थी
- निकहत जरीन, लवलीना, अमित ने निराश किया

ओलंपिक प्रदर्शन को देखकर दुख होता है कि हम 2024 ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीत सके. हमें यह देखना होगा कि आगे क्या सुधार करना है और किन गलतियों से बचना है. पेरिस ओलंपिक में लवलीना (महिला 75 किग्रा) ऐतिहासिक दूसरा पदक जीतने से



चूक गईं और क्वार्टर फाइनल में चीन की ली कियान से हार गई थीं. वहीं, पुरुष 71 किग्रा वर्ग में निशांत देव क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मेक्सिको के मार्को वर्डे से हार का सामना करना पड़ा था. दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (महिला 50 किग्रा), कॉमनवेल्थ चैंपियन अमित पंघाल (पुरुष 51 किग्रा) और प्रीति पवार (महिला 54 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में राउंड ऑफ 16 में हार गए. जेस्मिन लांबोरिया (महिला 57 किग्रा) राउंड ऑफ 32 में बाहर हो गई थी. कुल मिलाकर भारत का पेरिस ओलंपिक मुक्केबाजी अभियान निराशाजनक रहा था. मैरी कॉम ने इस पर कहा, एक विश्व चैंपियन और पदक विजेता होने के नाते, निराश होना स्वाभाविक है. अब हम आगामी टूर्नामेंट के लिए अधिक अभ्यास और कड़ी मेहनत पर ध्यान देंगे.

उल्लेखनीय है कि अब तक केवल तीन भारतीय मुक्केबाजों ने ओलंपिक में पदक जीते हैं-विजेंदर सिंह (बीजिंग 2008 में कांस्य), मैरी कॉम (लंदन 2012 में कांस्य) और लवलीना (टोक्यो 2020 में कांस्य). पेरिस ओलंपिक में भारत के कुल पदकों की संख्या 6 रही थी. इस बार भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निशानेबाजी में आया था जहां तीन कांस्य पदक जीते गए. इसके अलावा नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में सिल्वर, हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता था और रेसलिंग में अमन सहरावत ने भी कांस्य जीता था.

# अंडर-17 सैफ चैंपियनशिप : भारत 4-2 से जीता, फाइनल में पहुंचा

एजेंसी। चंडीगढ़

भारत की अंडर-17 टीम ने नेपाल को सेमीफाइनल में 4-2 से हराया और खिताब की ओर कदम बढ़ा लिया. मिनर्वा के सनसनीखेज खिलाड़ी हेमनेइचंग लुंकिम ने जीत सुनिश्चित करने के लिए आखिरी समय में गोल करके अपना स्कोरिंग अभियान जारी रखा. बेंच से उतरकर लुंकिम का प्रभाव तुरंत दिखाई दिया, क्योंकि उन्होंने सटीक गोल करके भारत की बढ़त में इजाफा किया. इस शानदार प्रदर्शन ने टूर्नामेंट में गेम चेंजर के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को मजबूत किया. इसके अलावा एक अन्य महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें हर 10 मिनट में एक गोल करने के



प्रभावशाली गोल स्कोरिंग अनुपात के साथ सुपर-सब भी कहा जा सकता है. लुंकिम ने टूर्नामेंट में अब तक लगभग 30 मिनट सब्सटीट्यूट के रूप में खेले हैं और वे अब तक 3 गोल कर चुके हैं. ये सभी गोल बेंच से उतरकर किए गए हैं. जीत के साथ भारत चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गया है.

# हेमंत सोरेन को पिछले पांच सालों में मंईयां योजना याद नहीं आयी : सेठ

संवाददाता। बुंडू

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को पिछले पांच सालों में मंईयां योजना और बिजली बिल माफी की याद नहीं आयी ? यह सवाल रांची के सांसद और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से की है. वे सोमवार को भाजपा की परिवर्तन यात्रा रैली के तहत आयोजित मोटरसाइकिल रैली में शामिल होकर बुंडू पहुंचे थे. यहां पहुंचकर उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात् वहां उपस्थित पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राज्य के हेमंत सोरेन की सरकार को विदाई देने का समय आ गया है.



भाजपा की परिवर्तन यात्रा में बुंडू में सभा को संबोधित करते मंत्री संजय सेठ.

क्योंकि यह सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है. बांग्लादेशी घुसपैठिए यहां की बहु बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ कर आदिवासियों की भूमि छीन रहे हैं. यहां की डेमोग्राफी बदल रहा है. युवाओं की नौकरी बेची जा रही है और हमारी नौकरी छीनी जा रही है. इसीलिए भाजपा इस परिवर्तन रैली के माध्यम से लोगों में जागरूकता का अलख जगा रहा हैं. इसका समापन 2 अक्टूबर को हजारीबाग में होगी. प्रदेश की कांग्रेस पार्टी भी यूपीए की सरकार के भ्रष्टाचार में बराबर की भागीदार है. इस अवसर पर भाजपा के कपिल महतो, महेंद्र महतो, बंटी चौधरी , विरसा विकास समिति के रौशन महतो, बंटी मुंडा अटका चौधरी, राजकुमार महतो, धीरेन महतो इत्यादि शामिल थे.

## हेमंत सरकार राज्य की जनता को धोखा दे रही है : सुदर्शन भगत



**सिल्ली/मुरी।** भाजपा के परिवर्तन यात्रा के दौरान सोमवार के दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत एवं उनके साथ गणेश मिश्रा एवं विनय लाल भी पहुंचे . यात्रा का नेतृत्व प्रताप कुशवाहा कर रहे थे . यह यात्रा सिल्ली बुंडू चौक होते हुए झारखंड मोड़ पहुंची जहां शहीद निर्मल महतो की आदमकद प्रतिमा पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने मल्यार्पण किया . आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार जनता को धोखा दे रही है 4 वर्षों में जो काम करना था वह नहीं कर पाई . वर्तमान सरकार में महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है . हम लोग सभी साथ मिलकर इस सरकार को बदलने का काम करेंगे ताकि झारखंड विकास के रास्ते पर पुन::अग्रसर हो सके . मौके पर पतराहातू मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति, राजेंद्र साईं, अमित महतो, अंबुज रजक समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे .

## ब्रीफ खबरें

### सिलेंडर में आग लगने से अफरा-तफरी मची

**चान्हो।** चोरेया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय डहूटोली में सोमवार को मिड-डे मील बनाने के दौरान गैस सिलेंडर के पाइप में आग लगने से विद्यालय में कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई. गनीमत रही कि जिस समय गैस सिलेंडर में आग लगी उस समय खाना बनाने वाली महिलाएं कमरे के अंदर नहीं थी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था. आग की सूचना फैलते ही विद्यालय के विद्यार्थी अपनी कक्षाओं से निकल कर खुले मैदान की ओर भागने लगे. हालांकि पांच से 10 मिनट के अंदर ही स्कूल परिसर में पड़ी बालू की बोरियों से आग पर काबू पाया गया.

### राहे थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**राहे।** दुर्गा पूजा को लेकर राहे थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी फैज रब्बानी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान शान्ति व्यवस्था, सौहार्द वातावरण बनाये रखने को लेकर सभी समुदाय के लोगों से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किए. थाना प्रभारी ने पूजा में शराब बंदी, साफ सफाई, यातायात व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा किया गया. मौके पर एसआई पिंटू कुमार,सोलहआना समिति के मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुशांत सिंह, बिलु ठाकुर, रंग बहादुर महतो, बीरेंद्र महतो, जिप सदस्य बादल महतो,कलावती देवी, अमजद अली, संजय महतो,सहित कई पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे.

### रांची एयरपोर्ट के आसपास नो फ्लाई जोन घोषित

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर के कार्यक्रम को लेकर रांची में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है. इस क्रम में प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पधारेंगे. सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन पैराग्लाइडिंग एंड हॉट एयर बलांस पूर्णतः वर्जित एवं अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगाते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सदर ने नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है. सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर की ओर से बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा जारी की गयी है.

### रातू में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

**रातू।** जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने सोमवार को रानी बगीचा गली नंबर एक में 15 वें वित जिला परिषद मद से नाली निर्माण कार्यका शिलान्यास किया गया. गली नंबर एक के लोगों ने बताया कि सड़क का अतिक्रमण हो गया है. शिलान्यास कार्यक्रम में रातू दक्षिणी की जिला परिषद सदस्य मनीषा देवी, आजसू के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांशी, राजीव मिश्र, देवेंद्र पाहन, अरविंद केरकेट्टा, बंधुमहतो, राजेश शर्मा, संतोष कुमार, भूपल साहू, अन्नूदेवी, चेतन गोप, संजीव श्रीवास्तव, अमीन मुंडा, हेमंत मुंडा आदि मौजूद थे.

### सिल्ली थाना में शांति समिति की बैठक हुई

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली थाना के प्रांगण में सोमवार के दिन संध्या 4 बजे से आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए शांति समिति की बैठक बुलाई गई. बैठक का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि हम लोगों को दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण, हर्सोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए. प्रशासन पूजा पंडालों में उद्दंडता करने वाले और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी. पंडालों में वॉलिंटियर्स की संख्या पर्याप्त मात्रा में हो ताकि आए हुए श्रद्धालुओं पर नजर रख सके .

## महादानी मैदान में जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# गलत नेतृत्व के कारण झारखंड का विकास नहीं हुआ : श्याम रजक

सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो

जब बिहार से झारखंड अलग हुआ तब झारखंड के हिस्से में यहां की खनिज संपदा, यहां के उद्योग धंधे,यहां के हरे-भरे जंगल, पठारी इलाके आई जबकि बिहार के हिस्से में सिर्फ नदियों का पानी और बालू मिला था. नीतीश कुमार ने अपनी काबिलियत से अपनी नेतृत्व क्षमता से बिहार में विकास की क्रांतिकारी प्रगतिशील योजनाओं को लाकर पूरे देश में बिहार को एक मॉडल राज्य बना दिया. वहीं झारखंड में आदिवासियों के नाम पर एक ही परिवार ने गलत नेतृत्व के कारण झारखंड को पिछले पायदान पर धकेल दिया. बिहार को जहां कुशल नेतृत्व मिला वहीं झारखंड में सिर्फ अपने परिवार की चिंता करने वाला गलत नेतृत्व के कारण झारखंड से धीरे-धीरे कोयला खत्म हो गई. उक्त बातें बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में जनता दल यूनाइटेड के तत्वावधान में आयोजित मांडर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के बिहार राज्य के महामंत्री श्याम रजक ने कही. उन्होंने कहा कि मांडर की धरती से संकल्प लें और यहां की निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करें. उन्होंने आह्वान किया कि इस झारखंड राज्य की तस्वीर एवं यहां की जनता का तकदीर बदलने के लिए एनडीए को भारी समर्थन प्रदान करें.



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन करते अतिथि.

### जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है : खीरू महतो

वहीं जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा के पूर्व सांसद खीरु महतो ने कहा कि जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है . उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना होगा कि हम झारखंड की इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकें . संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता . हमारे पास नीति भी है और नियत भी . हमारे पास नीतीश भी है . झारखंड को बदलने के लिए एनडीए गठबंधन को सत्ता सौंपना होगा . तभी बदलाव आएगा .

### नीतीश मॉडल को लागू करना जरूरी है : बिगा मिंज

बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सुधा चौधरी ने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड का गठन हुआ यहां आदिवासी और मूलवासी काफी निराश एवं हताश हो गए हैं . कार्यक्रम की अध्यक्षता मांडर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी बिगा मिंज ने किया . उन्होंने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है . यहां विकास के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है . बरगलाया जा रहा है . मांडर विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन के लिए जनता को जागरूक होना होगा . उन्होंने कहा कि झारखंड के मांडर विधानसभा क्षेत्र में जदयू का सदस्यता अभियान चल रहा है . हजारों की संख्या में लोग हमसे जुड़े . यहां नीतीश मॉडल लागू करना जरूरी है तभी झारखंड में विकास दिखेगा . इसके पूर्व बिगा मिंज के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक, झारखंड प्रदेश जदयू के अध्यक्ष एवं राज्यसभा के सांसद खीरू महतो, बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सुधा चौधरी, जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आफताब जमील, जदयू के प्रवक्ता सागर कुमार, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, संजय कुमार सिंह,मांडु विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल का ढोल नगाड़े एवं गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया . संचालन संजय कुमार ने किया .

### मकान मालिक समेत तीन को भेजा गया जेल

**रातू।** थाना क्षेत्र के फुटकलटोली निवासी सनाउल्लाह अंसारी को घर में किरायेदार रखना महंगा पड़ा. पुलिस ने सिमलिया स्थित दुल्हन बैंक्वेट के जेनरेटर का केबल काट बैटरी चोरी करने के आरोप में कबाड़ी सलीम शेख और अलाउद्दीन शेख समेत उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. दोनों साहेबगंज जिले के तीनपहाड़ इलाके के हैं.

### आरोपः मेरा पति धर्म परिवर्तन करवाता है, मुझे घर से भी निकाल दिया

**रांची।** महिला ने पति पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया है. सोमवार को बरियातू थाना क्षेत्र के जोड़ा तालाब के पास रहने वाली पौलिना हेमरोम नाम की महिला ने एसटी/एससी थाने में शिकायत दर्ज की और आरोप लगाया कि उसके पति फिरोज आलम व रहनुमा पति की सातवीं बीवी, बहू व दोनों पोतों को गाली-गलौज, मारपीट कर अमानित किया गया. घर से भगा दिया और कहा कि दोबारा घर आने की कोशिश की तो जान से मारे जाओगे.

**10-12 महिलाओं को धर्म परिवर्तन करवा के शादी किया हैः** महिला ने दर्ज शिकायत में कही है कि मेरी शादी फिरोज आलम उर्फ फिरोज अंसारी से वर्ष 1992 में हुई थी और मैं उनकी दूसरी बीवी हूं. मेरे पति मुस्लिम होने का गलत फायदा और बहला-फुसला कर बीवी रखने के आदि हैं. मेरे बिना इजाजत के उन्होंने घर में चार बीवी रखे हैं. मेरी जानकारी के अनुसार, मेरे पति ने लगभग 10-12 महिलाओं को धर्म परिवर्तन करवा के शादी किया है. मेरे पति ने कई बार मुझे धमकी भी दी है, रहना है तो घर पर रहो नहीं तो आत्महत्या कर लो या कहो तो मैं मार दूं.

## न्यूज अपडेट

### ओरमांझी में जंगली हाथियों ने दर्जनों घर तोड़े

**ओरमांझी।** प्रखंड में लगातार जंगली हाथियों के उत्पात का सिलसिला जारी है. प्रखंड के कई ग्रामीणों का घर जंगली हाथियों के द्वारा ध्वस्त किया जा चुका है. जंगली हाथियों के तांडव से लोग परेशान हैं. कुटे पंचायत अंतर्गत बेलवाटोली गांव में दर्जनों ग्रामीणों के घर में रविवार की रात 22 जंगली हाथियों ने घर को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को खा गए.वहीं दिलीप तिर्की ने बताया कि मेरा घर बस्ती से थोड़ा हट कर है. दो जंगली हाथियों ने रात 12 बजे गांव में प्रवेश किया. इसके बाद एक हाथी पेड़ पौधे को बर्बाद करता रहा. वहीं दर्जनों हाथी घर को ध्वस्त करने लगा.

### सोनाहातू में महिला समूह की वार्षिक आम सभा संपन्न

**सोनाहातू।** प्रखंड के सोनाहातू आजीविका महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का वार्षिक आम सभा किया गया. आम सभा में कम्पनी के बारे बीपीएम द्वारा विस्तार से जानकारी दिया.इस कम्पनी के बनने से बिचौलियों का इन्कम बन्द हो जाएगा. इसका फायदा डायरेक्ट दीदीयों को मिलेगा. इस कम्पनी में बेहतर काम करने वाली दीदीयों को बीपीएम के द्वारा सम्मानित किया जायेगा. मौके पर जेएसएलपीएस से बीपीएम सुनील कुमार राणा, ललित कुमार, हीरालाल महतो, लिखिन्द्र मुंडा, सीईओ मुकेश कुमार, मंच संचालन रासमणि देवी, अध्यक्ष रीता महतो, सचिव गीता कुम्भकार आदि शामिल थे.

### तीन से बिजली बकाया माफी योजना का प्रमाण पत्र मिलेगा

**रांची।** जेबीवीएनएल रांची सर्किल मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल बकाया माफी योजना के लाभुक उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देगी. इसके लिए रांची सर्किल के द्वारा कैंप का आयोजन तीन अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक शुरू करने जा रही है. यह जानकारी रांची अधीक्षण अभियंता डीएन साहू ने दी. बिजली कार्यालय टाटीसिल्वे, इरबा मैदान, एसडीएम कार्यालय बुंडू, मेन रोड सैनिक मार्केट कार्यालय,कांके ब्लॉकचौक, लापुंग ब्लॉक, बुढमू पंचायत भवन आदि शामिल है.

### सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत सोमवार को कुल 6 कर्मी चंद्र भूषण सहाय महाप्रबंधक (खनन), राकेश कुमार, महाप्रबंधक (असैनिक), डॉ. जगमल सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अभय कुमार सिंह मुख्य प्रबंधक (असैनिक), सफरुद्दीन अंसारी बेयरर वाशरी विभाग एवं जयनाथ मुंडा वरीय रिंगमैन को सीसीएल परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई.

### वकीलों पर राजनीति कर रहे हैं महाधिवक्ताः भाजपा

**रांची।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा है कि महाधिवक्ता वकीलों पर राजनीति कर रहे हैं. राज्य सरकार दवारा लायी गयी वकीलों की योजना पर जिस तरह वे प्रचार प्रसार कर रहे हैं उससे साफ जाहिर है कि महाधिवक्ता फिर से अपना स्थान पक्का करना चाह रहे हैं. महाधिवक्ता यो तो बता रहे है की वकीलों को भविष्य में क्या मिलने वाला है. पर ये नहीं बता रहे है कि अब तक वकीलों को मिलने वाले लाभ का आदेश क्यों नहीं जारी हुआ? महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए कि अगर वर्तमान सरकार नहीं रही तब वकीलों को मिलने वाला लाभ मिलता रहेगा या बंद हो जाएगा?

### पंसस ने दो योजनाओं का शिलान्यास किया

**सोनाहातू।** 15 वें वित्त आयोग योजना से पंचायत समिति सदस्य रूपकुमार साहु ने सोमवार को चार लाख दस हजार का दो विकास योजनाओं का शिलान्यास किया. जामुदाग हाई स्कूल परिसर में पिआऊ निर्माण कार्य की लागत राशि दो लाख तीस हजार और मिडिल स्कूल के समीप फेभर ब्लॉग निर्माण कार्य एक लाख अस्सी हज़ार लागत राशि का शिलान्यास किया. मौके पर बुद्धेश्वर कोईरी, प्रताप मंडल, भादो कोरी, धिरज कुमार, रंजन मंडल, पप्पू भगत, मधु मंडल, निवारण मांझी, मेमगिरी प्रमाणिक, जर्मन कोईरी, विकर किन्डो, सुमार महतो, अनिल कुमार लोहरा, योगेन कोईरी, विदेशी कोईरी आदि लोग उपस्थित थे.

### विधायक ने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया

**सिल्ली/मुरी।** विधायक सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को सिल्ली प्रखंड के विभिन्न गांवों में लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक राशि के योजनाओं का शिलान्यास किया. जिसमें वे ज हलमाद प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तहत एक करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से 11 कमरे का अतिरिक्त 2 मंजिला भवन.हाकेदाग पंचायत के पिपरदाग से दुमका टोली तकएक करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से 1.46 किम , लुपुंग पंचायत के सुलुमजुड़ी से धोनी मैदान होते हुए खापचाबेड़ा चौक तक एक करोड़ 97 लाख की लागत से दो कीमती पथ निर्माण कार्य शिलान्यास किया.

### पत्थर लघु खनिज को लेकर अनुमंडल स्तरीय समिति की बैठक

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को पत्थर लघु खजिन के बाबत अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा तैयार किए गए डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) के अनुमोदन को लेकर बैठक आयोजित की गयी.बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के आलोक में अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा रांची जिला के पत्थर लघु खनिज (बालू छोडकर) के ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को 12 जून 2024 को रांची जिला के एनआईसी पोर्टल पर अपलोड किया गया.

## कला महोत्सव में मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

संवाददाता। रांची

निर्वाचन सदन में सोमवार को आर्ट 81 कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए जिले एवं मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई. जिसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड के युवा एवं शहरी मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए आर्ट 81 कार्यक्रम का 18 से 19 अक्टूबर को रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम में मतदाताओं को झारखंड की कलाकृति, संस्कृति एवं चित्रकारी के माध्यम से मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन एवं सजग करने का कार्य किया जाएगा. उन्होने कहा इस दो दिवसीय कला महोत्सव का जनसंपर्क के विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं के बीच वृहत प्रचार प्रसार करें. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यक्रम के आयोजन का संपूर्ण तैयारी ससमय करने को कहा. साथ ही पदाधिकारी इस ओर भी तैयारी कर लें की अन्य राज्यों से आने वाले कलाकारों अथवा कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं दर्शकों के लिए कार्यक्रम में उचित व्यवस्ता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया. बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, डॉ. नेहा अरोड़ा, प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर अंजनी कुमार मिश्रा, रांची डीसी राहुल कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित रांची जिला एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी तथा प्रख्यात चित्रकार प्रवीण कर्मकार उपस्थित थे.

**क्या है आर्ट 81 :** आर्ट 81 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा स्वीप के तहत आयोजित दो दिवसीय कला महोत्सव है जिसका आयोजन 18 एवं 19 अक्टूबर को रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में मनाया जा रहा है.

### आरोग्य केंद्र ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

**रांची।** नागा बाबा खटाल में सीसीएल जन आरोग्य केंद्र द्वारा सब्जी एवं फल विक्रेताओं के बीच एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 206 लोगों की जाँच की गयी और उन्हें चिकित्सीय सलाह दी गई. बता दें कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर करते रहती है. शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस सीसीएल डॉ. रत्नेश जैन, महाप्रबंधक (सामान्य प्रशासन) सुजीत कुमार गोस्वामी, सीएमओ डॉ. प्रीती तिग्गा, डॉ. शशिकांत प्रसाद, डॉ. अनीता होरो, डॉ. शिल्पी शर्मा, डॉ. जयंत नियोगी, डॉ. रजनी दीपा, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. अम्बरीष कुमार, डॉ. शिखा एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा.

## दिव्यांग वोटरों की सुविधाओं के लिए हुई राज्य स्तरीय बैठक

संवाददाता। रांची

राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक सोमवार को निर्वाचन सदन में संपन्न हुई. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के क्रम में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं जैसे मतदान केंद्रों तक रैम्प, व्हीलचेयर, शौचालय, आवश्यकता अनुसार वालंटियर की व्यवस्था करने के लिए पूर्व से ही कार्ययोजना तैयार करते हुए इनके अनुपालन की व्यवस्था करनी है.

उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ ही उनके मतदान प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए पदाधिकारी कार्ययोजना सुनिश्चित कर लें. उन्होने कहा कि मतदाताओं को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मुख्यालय स्तर से प्रशिक्षण वीडियो बना लें. साथ ही सक्षम ऐप के बारे में भी वृहत प्रचार प्रसार के माध्यम से सभी दिव्यांगों के बीच इसकी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं के मतदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर करते हुए उनके शत प्रतिशत मतदान के प्रति उन्हें सजग करें. वैसे दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र तक आने में असक्षम हैं उन्हें चिन्हित करें एवं मतदान के दौरान उनके होम वोटिंग की भी व्यवस्था करें.

बैठक में राज्य निशक्तता आयुक्त, निदेशक उच्च शिक्षा, राज्य परियोजना निदेशक जेईपीसी, निदेशक सामाजिक कल्याण, अपर सचिव भवन निर्माण विभाग, प्रतिनिधि नेहरू युवा केंद्र रांची, झारखंड पीडब्लूडी आइकन गोपिका आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

**विरोध** आईआईएम के मेन गेट पर हटिया विस्थापित परिवार समिति ने किया प्रदर्शन

# विस्थापितों को हक-अधिकार मिलने तक आंदोलन करेंगेः पंकज

संवाददाता। रांची

सोमवार को हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले नगड़ी प्रखंड स्थित आईआईएम के मुख्य द्वार पर एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया. इस दौरान ग्रामीणों ने आईआईएम का मुख्य द्वार को लगभग तीन घंटे तक बाधित रखा. बाद में आईआईएम प्रबंधन ने हटिया विस्थापित परिवार समिति के प्रतिनिधियों के साथ प्रबंधन कार्यालय में वार्ता की. इस दौरान ग्रामीणों की सभी छह मांगो पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई और प्रबंधन की ओर से नियुक्त अधिकारी आनंद ने कहा कि आपकी सारी मांगों को आईआईएम प्रबंधन



आईआईएम के मेन गेट पर प्रदर्शन करते हटिया विस्थापित परिवार समिति के लोग.

समिति के पास रखी जाएगी. इस संदर्भ में समिति को जल्द सूचित करने कि बात भी कही गई. वार्ता में विस्थापितों की ओर से समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव, कलाम आजाद, महावीर मुंडा, विनय उरांव, अनिल महतो, अख्तर हुसैन, जहाना परवीन और किरण देवी शामिल थी.

प्रदर्शन में समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि भविष्य में हमें इसी प्रकार निरंतर संघर्ष को जारी रखना है जब तक विस्थापितों को हक और अधिकार की प्राप्ति नहीं हो जाती और तब तक हमें इसी प्रकार की एकजुटता को कायम रखनी है. प्रदर्शन के समर्थन करने आए भाजपा नेता शशि भूषण भगत ने कहा की लड़ाई सिर्फ आपकी नहीं यह लड़ाई हम सब नगरी प्रखंड के लोगों की है और आगे इस लड़ाई को पूरे प्रखंड का लड़ाई बनाते हुए पार्टी स्तर पर भी प्रयास होगी. प्रदर्शन में भारी संख्या में महिला और पुरुष शामिल रहे.

## महिला सम्मान के लिए परिवर्तन जरूरीः बाउरी

संवाददाता। राहे

भाजपा द्वारा परिवर्तन रैली का आयोजन राहे सुभाष चौक में किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ,वरीय नेता डॉ राजाराम महतो मौजूद थे. परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य की जनता को इंडिया गठबंधन सरकार की झूठ और ठग के खिलाफ जागरूक करना है.

राज्य की जनता वर्तमान हेमंत की झूठ और भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुकी है. इसे बदलने का मन भी बन चुकी है. हेमंत सरकार पुनःजनता को ठगने वाली योजना की लॉलीपॉप थमा रही है ,इसे हमें सावधान रहने की जरूरत



राहे में परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष.

है. आपका संकल्प ,आपका विश्वास, झारखंड में परिवर्तन के साथ झारखंड के विकास के लिए जरूरत है. सभा को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन इसलिए की महिला के मान सम्मान की सुरक्षा के लिए, युवाओं के भविष्य के लिए ,अपराधियों के हौसले परास्त करने के लिए, पानी, बिजली, सड़क सहित बुनियादी सुविधाओं के लिए जरूरी है. भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था बहाल करने के लिए परिवर्तन चाहिए. बालू खनन माफिया से छुटकारा के लिए परिवर्तन चाहिए. झारखंड में बदलते डेमोग्राफी के खिलाफ परिवर्तन चाहिये. इन्होंने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया. मौके पर मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, गंगाधर साव, ज्योति कोइरी दिलेश्वर महतो, मेघनाथ महतो ,राजू महतो, मनोज महतो, लक्ष्मण महतो आदि शामिल थे.

**संघर्ष : इजराइली हवाई हमलों से लेबनान में 10 लाख से अधिक लोग बेघर, बाइडन ने कहा- मध्य पूर्व में एक बड़ी जंग को टाला जाना चाहिए**

# कमांडर की मौत का बदला लेगा हिजबुल्ला, डिप्टी बोला-लंबे युद्ध को रहें तैयार

एजेंसी। बेरूत/ वाशिंगटन

हिजबुल्ला के कमांडर नसरल्ला की मौत के बाद आतंकी संगठन की कमान डिप्टी कमांडर नईम कासिम ने संभाल ली है. नसरल्ला की मौत के बाद पहली बार नईम की ओर से बयान जारी किया गया है. वहीं लेबनान के प्रधानमंत्री ने कहा है कि इसराइल के लगातार जारी हवाई हमलों की वजह से पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा है. हवाई हमलों की वजह से बेरूत समेत देश के दूसरे हिस्सों से लोगों को भागने पर मजबूर होना पड़ा है. इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि मध्य-पूर्व में एक बड़ी जंग को टाला जाना चाहिए.

हिजबुल्ला के डिप्टी कमांडर ने इजरायल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की कसम खाई और अपने लोगों से कहा कि, वे एक लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें. हिजबुल्ला कमांडर नसरल्ला की हत्या के बाद अपने पहले भाषण में नईम कासिम ने सोमवार को कहा कि अगर इस्राइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है, तो हिजबुल्ला के लड़ाके लड़ने और लेबनान की रक्षा के लिए तैयार रहें. डिप्टी सेक्रेटरी जनरल नईम कासिम अब हिजबुल्ला के कार्यवाहक नेता हैं, जब तक कि नेतृत्व नसरल्ला की जगह पर नए शख्स का चुनाव नहीं कर लेता है. वहीं डेलावेयर में एयर फ़ोर्स अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बाइडन ने कहा कि वो इसराइली प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू से बातचीत करेंगे. हालांकि वो कब बातचीत करेंगे इसके बारे में उन्होंने नहीं बताया. इससे पहले व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने अमेरिकी टीवी नेटवर्क से कहा था कि लेबनान में अपने साथी हिज़्बुल्लाह पर इसराइल के हमले को लेकर ईरान के किसी भी जवाब के लिए तैयार रहना ज़रूरी है.

**इजराइल का सैन्य अभियान हुआ तेज :** वहीं इसराइल ने लेबनान में अपने सैन्य अभियान को बीते कुछ घंटों में तेज़ किया है. साथ ही यमन पर भी हमले शुरू कर दिए हैं. उसने हिज़्बुल्लाह से जुड़े दर्जनों ठिकानों पर हमले किए हैं. उसकी एयर फ़ोर्स ने बेका वैली और दक्षिणी लेबनान में हिज़्बुल्लाह की इमारतों में रखे गए हथियारों और रॉकेट लॉन्चरों पर हमला किया है. इसराइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले इलाक़े पर हमला किया था. इसमें होदैदाह शहर में पावर प्लांट और बंदरगाह को निशाना बनाया गया.

**लेबनान में अभी तक का सबसे बड़ा विस्थापन, राहत व बचाव के लिए स्थानीय प्रशासनों पर भारी दबाव**



नईम कासिम

### यमन में हूती विद्रोहियों के सैन्य ठिकानों पर हमले

लेबनान के प्रधानमंत्री मिकाती ने कहा है कि इसराइल के लगातार जारी हवाई हमलों की वजह से पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा है. ये अभी तक का हुआ सबसे बड़ा विस्थापन है. स्थानीय प्रशासनों को हर किसी को सुरक्षित छत और अस्पताल मुहैया कराने में काफ़ी दबाव महसूस हो रहा है. वहीं रविवार को हुए हवाई हमलों में 50 से अधिक लोगों की मौत हुई है. हालांकि, हिज़्बुल्लाह ने उत्तरी इसराइल में और रॉकेट दागे हैं. वहीं इसराइल ने कहा है कि उसने यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के सैन्य ठिकानों को 'बड़े पैमाने' पर निशाना बनाया है. आईडीएफ के चीफ़ ऑफ़ स्टाफ़ हलेवी ने कहा है कि हमें हिज़्बुल्लाह पर मज़बूती से चोट करने की ज़रूरत है.

### अमानवीय हालात में जीने को मजबूर गाजा के लोगः संयुक्त राष्ट्र

**गाजा।** संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा पट्टी में लोग अमानवीय हालात में जिंदगी जीने को मजबूर हैं. नियर ईस्ट में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी के मुताबिक. गाजा के मध्य क्षेत्रों में कचरे के पहाड़ जमा हो रहे हैं, सीवेज का पानी सड़कों पर बह रहा है, परिवार कचरे के ढेर के पास रहने को मजबूर हैं. यूएन एजेंसी ने तत्काल युद्ध विराम की अपील की है. रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर से अब तक गाजा में इजरायली हमलों में कम से कम 41,595 लोग मारे गए हैं और 96,251 घायल हुए हैं.

## न्यूज अपडेट

### 10 साल में 24 भारतीय मछुआरों की मौत

**मुंबई।** सूचना का अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पिछले 10 साल में पाकिस्तान की जेलों में 24 भारतीय मछुआरों की मौत हुई है. इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग की ओर से आरटीआई के जवाब का हवाला देते हुए जतिन देसाई ने यह बात कही. ये आंकड़े जनवरी 2014 से दिसंबर 2023 की अवधि के हैं. पालघर जिले के एक मछुआरे विनोद लक्ष्मण का 17 मार्च को निधन हो गया और उनका शव अंतिम संस्कार के लिए इस वर्ष 1 मई को घर वापस भेजा गया.

### बांग्लादेश में डेंगू से 158 लोगों की मौत

**ढाका।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि बांग्लादेश में एक दिन में कुल 1,221 डेंगू बुखार के मामले सामने आए हैं, जो इस साल में एक दिन में आने वाले सबसे ज्यादा मामले हैं. बता दें कि यह संख्या रविवार को पिछले 24 घंटों में दर्ज की गई. इसी अवधि के दौरान डेंगू बुखार के चलते आठ लोगों की मौत हो गई, जिससे इस साल अब तक मरने वालों की संख्या 158 हो गई है. मंत्रालय ने कहा कि ताजा संक्रमण के मामलों से बांग्लादेश में डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 29,786 हो गई है.

### जापान में अक्टूबर में हो सकता है चुनाव

**टोक्यो।** जापान के भावी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि वह 27 अक्टूबर को आम चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं. निचला सदन 9 अक्टूबर को भंग कर दिया जाएगा. इशिबा ने आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को हराकर देश की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व चुनाव जीता था. एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जापान में संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है, इसलिए नए पार्टी प्रमुख के रूप में इशिबा का मंगलवार को प्रधानमंत्री चुना जाना तय है.

### पाकिस्तान पहुंचा भगोड़ा जाकिर नाइक

**इस्लामाबाद।** विवादास्पद धार्मिक नेता और भारत का भगोड़ा जाकिर नाइक सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचा. इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने गर्मजोशी से उसका स्वागत किया. शहबाज शरीफ सरकार के निमंत्रण पर वह अपने बेटे फारिक जाकिर के साथ 15 दिवसीय दौरे पर पाकिस्तान आया है. नाइक का 28 अक्टूबर तक पाकिस्तान में रहने का कार्यक्रम है. वह कराची, लाहौर और इस्लामाबाद सहित देश के प्रमुख शहरों में सार्वजनिक सभाएं करेगा.

### 799 छात्र, 31 शिक्षक डीपफेक के शिकार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में इस वर्ष प्राइमरी से लेकर हाई स्कूल तक के कुल 799 छात्र, 31 शिक्षक, डीपफेक वीडियो के शिकार हुए. देश में हुए एक सर्वे में यह खुलासा हुआ. शिक्षा मंत्रालय ने अपने हालिया सर्वे के आंकड़ों का खुलासा करते हुए बताया कि 1 जनवरी से 27 अक्टूबर के बीच 833 लोग डीपफेक वीडियो के शिकार हुए, इनमें तीन स्कूल कर्मचारी भी शामिल हैं. इस अवधि के दौरान, स्कूलों में 504 डेमेज रिपोर्ट्स दर्ज की गईं, जिनमें 279 हाई स्कूलों से और 209 मिडिल स्कूलों से थीं.

### चाइनीज लहसुन का मामला कोर्ट पहुंचा

**लखनऊ।** भारत में चाइनीज लहसुन के अवैध रूप से बिकने का मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया है. भारत में चीनी लहसुन बैन होने के बावजूद बाजारों में इसकी ब्रिकी हो रही है. इसको लेकर न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है, जिस पर सोमवार को लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई. न्यायालय ने सेफ्टी लेबोरेटरी कमिश्नर को तलब करते हुए चाइनीज लहसुन के परीक्षण के आदेश दिए. चाइनीज लहसुन जब पहली बार 2014 में भारत में आया, जो परीक्षण में मानक के विपरीत पाया गया.

**हरियाणा : चुनाव प्रचार ने पकड़ी रफ्तार, राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत**

# राहुल गांधी ने बेरोजगारी व अग्निवीर पर भाजपा को घेरा

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तारीख ज्यों-ज्यों नजदीक आती जा रही है, प्रचार अभियान जोर पकड़ रहा है. इसी कड़ी में कांग्रेस की विजय संकल्प यात्रा नारायणगढ़ से शुरू हो गई है. इसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान और कुमारी सैलजा भी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ रहे. दोनों नेताओं ने सोमवार को तीन जिलों की छह विधानसभा सीटों के लिए प्रचार किया. इस दौरान उन्होंने केंद्र-राज्य सरकार को बेरोजगारी के मुद्दे पर घेरा. नौकरियों में कमी के लिए उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया. इसके पहले के दौरे में भी राहुल गांधी ने हरियाणा के युवाओं के डंकी रूट पर जाने को लेकर बयान दिया था जिस पर खूब चर्चा हुई थी. इससे हरियाणा के युवाओं के बीच बेरोजगारी एक बार फिर बड़ा मुद्दा बनकर उभर सकता है. इस दौरान जनसभा के मंच से राहुल पार्टी में एकजुटता का संदेश भी दे गए. उन्होंने मंच पर भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा का हाथ मिलवाया.

**कांग्रेस की विजय संकल्प यात्रा शुरू :** राहुल गांधी ने हरियाणा की अपनी विजय संकल्प यात्रा के दौरान अग्निवीर योजना पर सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना सेना के जवानों की पेंशन चोरी करने का तरीका है. पेंशन के मुद्दे पर पहले ही सरकार कटघरे में है. यदि कांग्रेस इस मुद्दे को निचले स्तर तक पहुंचाने में सफल रहती है तो युवाओं पर इसका अच्छा असर हो सकता है जो अग्निवीर योजना को अपनी सेना की नौकरी में जाने के अवसर को सीमित करने वाले प्रयास की तरह देख रहे हैं. दरअसल, कांग्रेस यह समझ रही है कि यदि चुनाव भावनात्मक मुद्दों की तरफ मुड़े तो उसे इसका नुकसान हो सकता है. इसे देखते हुए पार्टी ने अपने सबसे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी को चुनाव के बेहद अहम क्षणों में उतारकर लोगों को मूल मुद्दों से जोड़कर रखने की रणनीति अपनाई है. हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान से ठीक पहले इन मुद्दों पर जोर देना बताता है कि वह इन्हीं जमीनी मुद्दों पर जनता से समर्थन की उम्मीद कर रही है.

**पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने मंच पर मिलवाया दो चिर-प्रतिद्वंद्वी हुड्डा और सैलजा का हाथ**



### कांग्रेस पर गरजे योगी, कहा-राम और रोम की संस्कृति में बहुत अंतर

**नयी दिल्ली।** हांसी में भाजपा प्रत्याशी के लिए रैली को संबोधित करने पहुंचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे यहां आते ही राम दरबार के दर्शन हो गए लेकिन कोई रावण की वेशभूषा में नजर नहीं आया. लगता है कि आपने तय कर लिया कि रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद की वेशभूषा में केवल कांग्रेस के लोगों को रहना चाहिए. योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में कांग्रेस ने बाधा खड़ी की. जब पूरी दुनिया प्रफुल्लित है. कांग्रेस का एक बदनसीब नेता आज भी इसको अच्छा नहीं मानते, घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं. जिनको अपने धर्म – संस्कृति को लेकर को लेकर गौरव की अनुभूति न होती हो, दुर्भाग्य से उन लोगों के हाथों में सत्ता चली गई. उन्होंने कहा कि जो काम 500 साल से अटका था. कांग्रेस जो 60 साल में नहीं कर सकी उसे भाजपा ने 2 साल में पूरा कर रामलाल को विराजमान करा दिया. राम की संस्कृति को कोसने वाला वही व्यक्ति होगा जो रोम की संस्कृति को मानता होगा. रोम की संस्कृति को मानने वाले वाला ही राम की संस्कृति को अपमानित कर रहे हैं. जो राम का नहीं वह हमारे किसी काम का नहीं. राम तो भारत राष्ट्र के प्रतीक हैं. संविधान की मूल प्रति में पुष्पक विमान में राम, लक्ष्मण, सीता का अयोध्या आगमन का चित्र आज भी बना हुआ है. महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत में सुशासन की व्यवस्था का आधार राम राज्य हो सकता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम राज्य लाने का काम कर रहे हैं.



### हरियाणा और जेएंडके में बन रही है कांग्रेस की सरकार : जयराम रमेश

इस बीच, जम्मू कश्मीर और हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बड़ा दावा किया है. रमेश ने कहा कि पार्टी विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद हरियाणा के साथ–साथ जम्मू–कश्मीर में भी सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त है. एएनआई को दिए इंटरव्यू में राज्यसभा सांसद ने सैनिकों, किसानों और पहलवानों के मुद्दों पर खुलकर बात की. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि, यह साफ है कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बन रही है. यह भाजपा के खिलाफ बड़ा तूफान है. हरियाणा में मुद्दे हैं 'जय जवान, जय किसान, जय पहलवान'. राज्य की पिछली सरकार में जवानों और किसानों के साथ अन्याय हुआ है और पहलवानों के साथ भेदभाव किया गया है. इसलिए यह हरियाणा के लिए हमारा नारा है. वहीं जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनावों के बारे में बात करते हुए कांग्रेस सांसद ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन सरकार बनाने की उम्मीद जताई और जम्मू–कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया.

# अमेरिका में तूफान हेलेन ने ली 93 लोगों की जान

- लाखों लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर बचाव व राहत कार्य में जुटा बाइडन प्रशासन

एजेंसी। फ्लोरिडा

दक्षिण-पूर्वी अमेरिका में तूफान 'हेलेन' ने भारी तबाही मचाई है. तूफान की वजह से जहां 93 लोगों की मौत हो गई, वहीं लाखों लोग बिजली के बिना रहने को मजबूर है. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आश्वासन दिया कि उनका प्रशासन तूफान 'हेलेन' से प्रभावित लोगों को जरूरी मदद और संसाधन प्रदान करने के लिए राज्य और स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रहा है. बाइडेन ने एक्स पर लिखा कि तूफान के मद्देनजर चल रहे राहत और बचाव कामों को लेकर मेरी टीम मुझे लगातार जानकारी दे रही है. मेरा प्रशासन लोगों को जरूरी मदद और संसाधन पहुंचाने के लिए राज्य और स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है. जैसा कि हम राहत और बचाव कार्यों को मदद देना जारी रखेंगे. राष्ट्रपति ने आगे कहा कि जिल और मैं उन लोगों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं जिन्होंने तूफान 'हेलेन' में अपने प्रियजनों को खो दिया और जिनके घर, व्यवसाय इस भयानक तूफान से प्रभावित हुए हैं.

### कैरोलिना सर्वाधिक प्रभावित

अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी कैरोलिना में कम से कम 36 लोग मारे गए. वहीं दक्षिण कैरोलिना में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें सलूडा काउंटी के दो फायर फाइटर्स भी शामिल हैं. गवर्नर ब्रायन केम्प के प्रवक्ता के अनुसार जॉर्जिया में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई. गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने शनिवार को कहा कि फ्लोरिडा में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई. इनमें पिनेलस काउंटी में डूबने वाले कई लोग शामिल हैं. पोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि वर्जीनिया में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि टेनेसी में भी दो लोग मारे गए. काउंटी मैनेजर एवरिल पिंडर ने बताया कि उ. कैरोलिना के बनकॉम्बे काउंटी को ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से 600 लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट मिली है.


# नेपाल में बाढ़-भूस्खलन के कारण व्यापक तबाही

- आपदाओं में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 200 के पार हुआ, 111 घायल, 30 लापता

एजेंसी। काठमांडू

नेपाल के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से करीब 200 लोगों की मौत हो चुकी है. द हिमालयन टाइम्स के मुताबिक गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने विभिन्न जिलों में बाढ़ और भूस्खलन से मची तबाही की जानकारी साझा करते हुएयह पुष्टि की कि इन आपदाओं में 111 लोग घायल हुए हैं, जबकि लगभग 4,000 लोगों को बचाया गया है. वहीं अब भी 30 लोग लापता बताए जा रहे हैं.

सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती के साथ बचाव और राहत कार्यों समेत तलाशी अभियान में तेजी लाई गई है. नेपाली सेना के हेलीकॉप्टरों ने कावरे, सिंधुली और ललितपुर जिलों के कुछ हिस्सों में घायल या फंसे हुए 162 लोगों को एयरलिफ्ट किया है. आपदा से बचे लोगों तक खाद्य आपूर्ति सहित राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है. साथ ही घायलों का सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार किया जा रहा है. तिवारी ने कहा कि सरकार सभी संबंधित एजेंसियों के बीच पूर्ण समन्वय है. बचाव और राहत प्रयासों को प्राथमिकता दी जा रही है. ब्लॉक सड़कों को साफ करने के साथ ही पुनर्निर्माण कार्य भी चल रहा है. मंत्रालय ने कहा कि प्रांतीय सरकारें, जिला आपदा प्रबंधन समितियां, तथा स्थानीय आपदा प्रबंधन इकाइयां भी मिल कर काम कर रही हैं.



### जलविद्युत संयंत्र और सिंचाई सुविधाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त

लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में नेपाल के जलविद्युत संयंत्र और सिंचाई सुविधाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, एक अनुमान के मुताबिक इससे 4.35 बिलियन नेपाली रुपये (32.6 मिलियन डॉलर) का नुकसान हुआ है. रविवार को एक प्रेस मीटिंग में नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार (27 सितंबर) और शनिवार (28 सितंबर) को लगातार बारिश के कारण आई आपदा से हाइड्रोपावर और ट्रांसमिशन परियोजनाओं को लगभग 3 बिलियन रुपये ($22.5 मिलियन) का नुकसान पहुंचा है, जबकि नदी नियंत्रण और सिंचाई परियोजनाओं को लगभग 1.35 बिलियन रुपये ($10.1 मिलियन) का नुकसान हुआ है.

**शाह बोले-कांग्रेस अध्यक्ष ने बेवजह पीएम को घसीटा, गृह मंत्री मणिपुर व जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों पर ध्यान दें : खड़गे**

# अमित शाह की आपत्ति पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया पलटवार

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए गए एक बयान पर राजनीति तेज हो गई है. खड़गे ने कहा था, 'जब तक मोदी को नहीं हटाएंगे, तब तक मैं जिंदा रहूंगा.' इस बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताई तो खड़गे खुद और कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आंकड़ों के साथ पलटवार किया.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिए बयान को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटिया और शर्मनाक बताया है. अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कल (29 सितंबर) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने भाषण में अपने नेताओं और अपनी पार्टी से भी ज्यादा घटिया और शर्मनाक बात कही. उन्होंने अपनी कटुता का परिचय देते हुए बेवजह पीएम मोदी को अपने निजी स्वास्थ्य मामले में घसीटा और कहा कि वे पीएम मोदी को सत्ता से हटाकर ही दम लेंगे. शाह ने आगे कहा कि इससे पता चलता है कि इन कांग्रेस के लोगों में मोदी के प्रति कितनी नफरत और डर है कि वे हर समय उनके बारे में सोचते रहते हैं. जहां तक खड़गे के स्वास्थ्य की बात है, प्रधानमंत्री मोदी प्रार्थना करते हैं, मैं प्रार्थना करता हूं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वे दीर्घायु और स्वस्थ रहें. वे अनेक वर्षों तक जीवित रहें और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होते देखें.

**इनसे हम देश को आजाद कराएंगे : पवन खेड़ा :** खड़गे के बयान को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पोस्ट पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पलटवार किया है. पवन खेड़ा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, खड़गे के बयान ने राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया है. उनके बयान में क्या गलत है. हम लोगों को उनसे इतनी बड़ी प्रेरणा मिली है. हम लोग फिर से आजादी का आंदोलन चला रहे हैं. इनसे हम देश को आजाद कराएंगे.



### कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था-तब तक जिंदा रहूंगा जब तक हम मोदी को हटा नहीं देते हैं

मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर एक अखबार की रिपोर्ट को साझा करके अमित शाह पर निशाना साधा. कहा कि गृह मंत्री को मणिपुर, सेंसस और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए. आपकी सरकार का ही सर्वे कहता है कि शहरी सीवरों, सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले 92 फीसदी कर्मचारी एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों से आते हैं. भाजपा जातिगत जनगणना के विरोध में इसलिए है क्योंकि तब पता चल जाएगा कि एससी, एसटी, ओबीसी, ईड़ब्ल्यूएस व सभी वर्ग कौन–कौन से कार्यों से अपना जीवन–यापन कर रहें हैं. उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उनको किस तरह की सरकारी योजनाओं का लक्षित लाभ मिलना चाहिए. कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना करवाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है. इससे पहले खड़गे की रविवार को जेएंडके में चुनाव सभा को संबोधित करने दौरान तबीयत खराब हो गई. खड़गे ने कहा, मैं 83 साल का हूं, लेकिन तब तक जिंदा रहूंगा जब तक हम मोदी को हटा नहीं देते हैं.

# अमेरिका ने भारतीयों के लिए एक्सट्रा वीजा अपॉइंटमेंट खोले

- नए स्लॉट से लाखों आवेदकों को समय पर इंटरव्यू में मदद मिलेगी

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने सोमवार को घोषणा की कि उसने भारतीय यात्रियों के लिए 2,50,000 अतिरिक्त वीजा अपॉइंटमेंट खोले हैं. भारत में अमेरिकी मिशन ने कहा कि हाल ही में जारी किए गए नए स्लॉट से लाखों भारतीय आवेदकों को समय पर इंटरव्यू देने में मदद मिलेगी.

मिशन ने लगातार दूसरे वर्ष दस लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीजा आवेदन प्राप्त किए हैं. अमेरिकी मिशन ने कहा कि इस गर्मी में स्टूडेंट वीजा सेशन के दौरान, हमने रिकॉर्ड संख्या में आवेदनों को प्रोसेस करना जारी रखा. सभी फर्स्ट टाइम छात्र आवेदकों को भारत में हमारे चार वाणिज्य दूतावासों में से किसी एक में अपॉइंटमेंट प्राप्त हुआ. अब हम परिवारों को एक साथ लाने, व्यवसायों को जोड़ने और पर्यटन को सुविधाजनक बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. 2024 में अब तक 1.2 मिलियन से अधिक भारतीय अमेरिका की यात्रा कर चुके हैं, जो 2023 की इसी अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है. अमेरिकी मिशन के अनुसार, कम से कम छह मिलियन भारतीयों के पास संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करने के लिए पहले से ही गैर-आप्रवासी वीजा है. दूतावास ने कहा कि अमेरिका की भारत के साथ साझेदारी "इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक मजबूत, घनिष्ठ और अधिक गतिशील है."

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)